CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 08°C

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 12 दिसम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 331 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 20 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



लोकतंत्र के मंदिर संसद में धुम्रपान करना संविधान का अपमानः शहजाद पूनावाला पेज 2



रोहित-कोहली का ए+ ग्रेड खतरे में, गिल का प्रमोशन संभव खेल टाइम्स



कोशिकाओं की सुरक्षा प्रणाली के लिए घातक है जीका वायरस सम्पादकीय



नौ करोड़ में मिलेगी अमेरिकी नागरिकता, ट्रम्प गोल्ड कार्ड आज से लागू पेज 12

# बहराइच हिंसा के दोषी सरफराज को फांसी की सजा

■ नौ को उम्रकैद, मूर्ति विसर्जन के दौरान भड़की सांप्रदायिक हिंसा में राम गोपाल मिश्रा की हुई थी हत्या



दोषियों को अदालत ले जाती पुलिस।

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में 13 अक्टूबर 2024 को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान भड़की सांप्रदायिक हिंसा में मारे गए 22 वर्षीय राम गोपाल मिश्रा की हत्या मामले में अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गुरुवार को दोषियों को सजा सुनाई।

बहराइच कोर्ट ने राम गोपाल की हत्या के आरोपी सरफराज को फांसी की सजा सुनाई है। वहीं 9 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। बता दें कि कोर्ट ने 9 दिसम्बर को 13 आरोपियों में से 10 को दोषी ठहराया था, जबकि तीन को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था। दोषी ठहराए गए आरोपी अब्दुल हमीद, उसके बेटे फहीम, सरफराज, तालिब, सैफ, जावेद, जीशान, ननकऊ, शोएब और मारुफ हैं। इनमें से सरफराज को फांसी की सजा मिली है। शासकीय अधिवक्ता प्रमोद सिंह ने बताया कि महज 13 महीने 26 दिन में ट्रायल पूरा होकर फैसला आया, जो तेज न्याय का उदाहरण है। घटना महसी थाना क्षेत्र के महराजगंज में हुई थी, जहां डीजे पर बजते गाने को लेकर विवाद शुरू हुआ। पथराव और फायरिंग में राम गोपाल मिश्रा को गोली लगी और उनकी मौत हो गई। पुलिस ने 11 जनवरी 2025 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की, 18 फरवरी को दोषियों पर आरोप तय हुए। 12 गवाहों की गवाही के बाद 21 नवम्बर को फैसला सुरक्षित रखा लिया गया। आरोपियों पर बीएनएस की धारा 103(2) (मॉब लिंचिंग में हत्या) लगी है, जिसमें फांसी या आजीवन कारावास का प्रावधान है। अन्य धाराएं 191(2), 191(3), 190, 109(2), 249, 61(2) और आर्म्स एक्ट की धारा 30 हैं, जिनमें 2 से 5 वर्ष तक की सजा या मौत की सजा तक हो सकती है। 9 दिसम्बर को जब कोर्ट ने तीन आरोपियों को बरी कर दिया था, तब राम गोपाल मिश्रा की पत्नी रोली मिश्रा ने कहा था कि मेरे पति के हत्यारों को फांसी दो, तभी न्याय मिलेगा। बरी किए गए तीन भी दोषी हैं, उन्हें भी सजा मिलनी चाहिए। परिवार ने सभी दोषियों को मौत की सजा की मांग की है। बरी हुए खुर्शीद, शकील और अफजल हैं। मामले में रासुका भी लगाई गई थी। प्रशासन ने इलाके में भारी फोर्स तैनात की है, ताकि सांप्रदायिक सद्भाव बना रहे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पहले ही सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया था।

# दिल्ली दंगा: उमर खालिद को बड़ी राहत

## बहन की शादी के लिए मिली अंतरिम जमानत

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कोर्ट ने जमानत देते हुए कुछ शर्तें भी तय की

**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगा केस में आरोपी और जेएनयू के छात्र रहे उमर खालिद को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उमर को बहन की शादी में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत दी है। ये जमानत 16 से 29 दिसम्बर तक के लिए मिली है। कोर्ट ने जमानत देते हुए कुछ शर्तें भी तय की हैं।

कोर्ट ने कहा कि इस दौरान उमर सोशल मीडिया का इस्तेमाल नहीं करेंगे। सिर्फ अपने परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और दोस्तों से मिलेंगे। जमानत देते हुए अदालत ने कहा कि इस बात को ध्यान में रखते हुए कि शादी याचिकाकर्ता की सगी बहन की है, इसलिए याचिका मंजूर की जाती है। याचिकाकर्ता को 16 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक 20 हजार रुपये के पर्सनल बॉन्ड और इतनी ही रकम के दो जमानतदारों के साथ कुछ शर्तों पर अंतरिम जमानत दी जाती है। कोर्ट ने कहा कि जमानत के दौरान उमर अपने घर पर या उन जगहों पर रहेगा, जहां शादी की रस्में होंगी। बता दें कि उमर खालिद ने 14 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक जमानत मांगी थी। उसकी बहन की शादी 27 दिसम्बर को है। उमर को सितम्बर 2020 में अरेस्ट किया गया था। उस पर आपराधिक साजिश, दंगा, गैरकानूनी सभा साथ ही गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत कई अन्य अपराधों का आरोप लगाया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### लखीमपुर हिंसा केस में आशीष मिश्रा को राहत

**नई दिल्ली।** लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मुख्य आरोपी और पूर्व केंद्रीय मंत्री के बेटे आशीष मिश्रा को 25 से 31 दिसम्बर तक अपने पैतृक आवास लखीमपुर जाने की अनुमति दे दी। कोर्ट ने उनकी जमानत की शर्तों में सीमित राहत देते हुए यह आदेश जारी किया। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से दाखिल अद्यतन स्थिति रिपोर्ट का उल्लेख किया, जिसके अनुसार मुख्य ट्रायल में 36 गवाहों के बयान दर्ज हो चुके हैं, जबकि 85 गवाह अभी बाकी हैं। इसमें बताया गया कि 10 गवाहों को छूट भी दी गई है।

### भारत की समुद्री सीमा में घुसी पाकिस्तानी नाव

**अहमदाबाद।** भारत की जल सीमा के अंदर घुसने वाली एक पाकिस्तानी नाव को तटरक्षक बल ने गुरुवार को जब्त कर लिया। इस नाव में सवार 11 सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने भारतीय जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में एक पाकिस्तानी नाव को जब्त कर लिया है और उसके चालक दल के 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों को आगे की जांच के लिए गुजरात की जाखौ मरीन पुलिस को सौंप दिया गया है।

### उत्तराखंड में झरने जमे, केदारनाथ व बद्रीनाथ का तापमान -13 डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों की बर्फबारी और हिमालयी क्षेत्र में वेस्टर्न डिस्टरबेंस बनने से मैदानी इलाकों में सर्दी बढ़ी है। पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में झरने जमने लगे हैं। चमोली-पिथौरागढ़ में पाइपलाइन में पानी जम गया। केदारनाथ में तापमान -15 डिग्री सेल्सियस, बद्रीनाथ में -13 डिग्री सेल्सियस चला गया। मध्य प्रदेश में पारा 3डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा है। मौसम विभाग के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर 13 दिसम्बर से दिखना शुरू होगा इससे और तेजी से तापमान गिरेगा। राजस्थान में भी पारा गिरने लगा है। राज्य के 20 से ज्यादा जिलों में मिनिमम टेम्परेचर 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया।

# यूपी सहित छह राज्यों में बढ़ाई गई एसआईआर की समयसीमा

## मप्र-छत्तीसगढ़ में 18, उप्र में 26 दिसम्बर तक फार्म भर सकेंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पहले 11 दिसम्बर थी लास्ट डेट

■ यूपी संशोधित मतदाता सूची का मसौदा 31 दिसम्बर को किया जाएगा प्रकाशित

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने उप्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात और तमिलनाडु तथा केंद्र शासित प्रदेश अंडमान निकोबार की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्यक्रम में गुरुवार को संशोधन की घोषणा की। आयोग ने इन पांच राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश अंडमान निकोबार के मुख्य चुनाव अधिकारियों के अनुरोध पर वहां मतगणना प्रपत्र जमा कराने और संशोधित मतदाता सूची के मसौदों के प्रकाशन की तिथियां बढ़ा दी हैं।

आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार, उत्तर प्रदेश में मतगणना प्रपत्र जमा करने की तिथि 11 दिसम्बर से बढ़ाकर 26 दिसम्बर कर दी गई है और राज्य की संशोधित मतदाता सूची का मसौदा 31 दिसम्बर को प्रकाशित किया जाएगा। इसी तरह मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ और केंद्र शासित प्रदेश अंडमान में मतगणना प्रपत्र जमा कराने की तिथि 18 दिसम्बर और संशोधित मतदाता सूची के मसौदे के प्रकाशन की तिथि 23 दिसम्बर कर दी गई है। गुजरात और तमिलनाडु में मतगणना प्रपत्र को जमा करने की अंतिम तारीख 14 दिसम्बर कर दी गई है और इन दोनों राज्यों की संशोधित सूची का मसौदा 19 दिसम्बर को जारी किया जाएगा। इससे पहले के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, इन सभी जगहों पर मतगणना प्रपत्र जमा करने की तिथि गुरुवार को ही समाप्त हो रही थी, जबकि इनमें संशोधित सूची का मसौदा 16 दिसम्बर को प्रकाशित किया जाना था। आयोग ने इससे पहले केरल में मतगणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि संशोधित कर 18 दिसम्बर कर दी थी और वहां संशोधित सूची का मसौदा 23 दिसम्बर को आयोग ने कहा है कि यह फैसला यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया है कि नई सूची में किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम नहीं छुटे।

### संजीव भट्ट की 20 साल की सजा को निलंबित करने से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट को 1996 के मादक पदार्थ प्लांट करने के मामले में दी गई 20 साल की सजा को निलंबित करने से इन्कार कर दिया। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने गुरुवार को भट्ट की याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया, जिससे 2024 में गुजरात की एक अदालत द्वारा एनडीपीएस अधिनियम एवं भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत दी गई सजा बरकरार रही। सुनवाई के दौरान, भट्ट की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि पूर्व आईपीएस अधिकारी पहले ही सात वर्षों से अधिक समय जेल में गुजार चुके हैं और वह गैर-व्यावसायिक मात्रा में मादक पदार्थों का दोषी ठहराए गए थे। याचिका का विरोध करते हुए, राज्य की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने कहा कि यह स्पष्ट रूप से साजिश का मामला है और कहा कि एक साजिश रची गई थी।

# मोदी ने ट्रम्प से द्विपक्षीय संबंधों को लेकर की चर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ मुख्य फोकस रक्षा ऊर्जा, सुरक्षा और व्यापार जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और गहराई देना रहा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने फोन पर बातचीत कर भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की। दोनों नेताओं ने माना कि दो बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच मजबूत होते संबंध वैश्विक राजनीति में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

बातचीत का मुख्य फोकस रक्षा, ऊर्जा, सुरक्षा और व्यापार जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और गहराई देना रहा। मोदी और ट्रम्प ने भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा करते हुए द्विपक्षीय सहयोग में हो रही निरंतर मजबूती पर संतोष जताया। दोनों नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि व्यापार बढ़ाने के लिए गति बनाए रखना आवश्यक है। इसके साथ ही दोनों ने यह भी माना कि आने वाले समय में दोनों देशों को नई तकनीकों, रक्षा और सुरक्षा में आपसी सहयोग बढ़ाने की जरूरत है। बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने काम्पैक्ट कार्यक्रम पर भी चर्चा की। यह कार्यक्रम 21वीं सदी के लिए दोनों देशों के बीच सैन्य, तकनीकी और व्यापारिक सहयोग को मजबूत बनाने पर केंद्रित है। मोदी और ट्रम्प ने महत्वपूर्ण तकनीकों, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ाने पर सहमति जताई। उन्होंने माना कि इन क्षेत्रों में सहयोग दोनों देशों के हित में है। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिति को लेकर भी विचार साझा किए। बातचीत में वैश्विक सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता व सहयोगात्मक ढांचे को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। दोनों देशों ने माना कि कई मुद्दे ऐसे हैं, जिन पर मिलकर काम करने से प्रभावी समाधान निकल सकता है। दोनों नेताओं ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच मजबूत और भरोसेमंद रिश्ते भविष्य की वैश्विक व्यवस्था को संतुलित और सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# फरार लूथरा भाई हिरासत में

### गोवा आग त्रासदी

■ रोहिणी कोर्ट ने खारिज की अग्रिम जमानत की याचिका

**नई दिल्ली।** गोवा नाइट क्लब आग हादसे के कुछ ही घंटों बाद भारत से फरार हुए नाइट क्लब के मालिक गौरव और सौरभ लूथरा को थाईलैंड के फुकेट में हिरासत में ले लिया गया है, जिन्हें दिल्ली की रोहिणी कोर्ट ने गोवा के 'बिर्च बाय रोमियो लेन' अग्निकांड मामले में आरोपी गौरव और सौरभ लूथरा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी कर फैसला सुना दिया है। अदालत ने अग्रिम जमानत की याचिका खारिज कर दी है। यह मामला गोवा के एक रेस्तरां में आग लगने के बाद दर्ज एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें लूथरा भाइयों पर लापरवाही के आरोप हैं।

अदालत में दोनों पक्षों ने अपनी दलीलें रखीं। पुलिस का कहना है कि लूथरा भाइयों ने जांच में सहयोग नहीं किया, जबकि बचाव पक्ष ने गिरफ्तारी पर रोक की मांग करते हुए कहा कि मामला गैर-हत्यात्मक बताया, बचाव पक्ष की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने जमानत की याचिका खारिज कर दी। लूथरा भाइयों के वकील तनवीर अहमद मीर ने कहा था कि एफआईआर के अनुसार घटना लापरवाही का मामला है, कोई हत्या नहीं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाहों के कारण परिवार को खतरा है और बिना नोटिस दो रेस्तरां तोड़े गए।

### सेना पर टिप्पणी मामले में आजम खां बरी

**रामपुर- शाह टाइम्स ब्यूरो।** पूर्व मंत्री आजम खां को कोर्ट से गुरुवार को बड़ी राहत मिली है। उनके सेना के जवानों पर दिए गए बयान मामले रामपुर कोर्ट ने बरी कर दिया है। फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि मामले में पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए जा सके हैं। यह मामला साल 2017 के चुनाव के दौरान का है। कोर्ट में उनकी पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कराई गई। आजम खां पर यह मुकदमा बीजेपी विधायक आकाश सक्सेना द्वारा 30 जून 2017 को सिविल लाइंस कोतवाली में दर्ज कराया गया था। आरोप था कि आजम खां ने सेना के खिलाफ विवादित बयान दिया था, जिससे उनकी छवि और मनोबल को ठेस पहुंचती है। लगभग 8 वर्ष तक चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने साक्ष्यों, गवाहों और तथ्यों पर विचार करने के बाद आजम खां को आरोपों से मुक्त कर दिया।

# अरुणाचल में ट्रक खाई में गिरा, 21 की मौत



■ जिंदा बचा एक मजदूर दो दिनों तक पैदल चलकर आर्मी कैंप पहुंचा, तब हादसे की जानकारी मिली

**हयुलियांग (अरुणाचल प्रदेश)।** अरुणाचल प्रदेश के अनजा जिले के हयुलियांग इलाके में एक ट्रक 1000 फीट गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में ड्राइवर और क्लीनर समेत 21 की मौत हो गई। बचाव दल को 18 शव मिल चुके हैं। यह हादसा 8 दिसम्बर का है। जानकारी गुरुवार को सामने आई।

दरअसल हादसे में एक व्यक्ति जीवित बचा था, जो दो दिन तक पैदल चलकर किसी तरह आर्मी कैंप तक पहुंचा। इसके बाद गुरुवार सुबह आर्मी के बचाव दल की टीमें मौके पर पहुंची। टीम को घटनास्थल पर पहुंचने में 10 से ज्यादा घंटे लगे। हादसे में घायल व्यक्ति खाई से मुश्किल से बाहर निकला और हयुलियांग- चगलगाम रोड पर पहुंचा। दो दिन तक पैदल चलकर दिसम्बर की रात चिपरा जीआरईएफ कैंप तक पहुंचा। यहां उसने जवानों को हादसे की जानकारी दी। इसके बाद गुरुवार सुबह आर्मी ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। हादसे वाली जगह चगलगाम से लगभग 12 किमी आगे पहाड़ी और घने जंगल वाला इलाका है। यहां बहुत कम ही आवाजाही होती है। आर्मी की रेस्क्यू टीमें रस्सी से खाई में उतरीं और करीब 4 घंटें की मशक्कत के बाद ट्रक तक पहुंची।

# राहुल गांधी ने सीईसी की नियुक्ति पर उठाए सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पूछा-एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदाय से कितने उम्मीदवार

■ पीएम व शाह के साथ बैठक में असहमति जताई

**नई दिल्ली।** चीफ इन्फॉर्मेशन कमिश्नर (सीईसी) और 8 इन्फॉर्मेशन कमिश्नर्स की नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवारों की जातियों पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने असहमति जताई।

इनकी नियुक्ति को लेकर बुधवार को पीएम मोदी, राहुल और अमित शाह के बीच प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में डेढ़ घंटे मीटिंग हुई। राहुल गांधी ने कुछ हफ्ते पहले सरकार से आवेदकों और चुने गए उम्मीदवारों की जाति की जानकारी मांगी थी। बैठक के पहले सरकार ने नेता प्रतिपक्ष से इसकी जानकारी साझा की। इस पर राहुल ने कहा कि चयनित उम्मीदवारों में अनुसूचित जाति/जनजाति, ओबीसी, ईबीसी और अल्पसंख्यक समुदायों के नाम शामिल नहीं हैं। सूत्रों के मुताबिक, आवेदकों की लिस्ट में सिर्फ 7 फीसदी लोग पिछड़े समुदाय से थे। वहीं, चयनित उम्मीदवारों में सिर्फ एक नाम पिछड़े समुदाय से था। राहुल गांधी ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई और सभी नियुक्तियों के मानदंडों पर सवाल उठाए। उन्होंने लिखित में अपना असहमति पत्र सौंपा और चयनित उम्मीदवारों से जुड़ी और जानकारी मांगी। केन्द्रीय सूचना आयोग एक वैधानिक संस्था है। यह सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत नागरिकों को सरकारी जानकारी दिलाने में मदद करती है। आयोग में एक चीफ इन्फॉर्मेशन कमिश्नर और अधिकतम 10 इन्फॉर्मेशन कमिश्नर्स होते हैं। सीईसी और 10 इन्फॉर्मेशन कमिश्नर्स की नियुक्ति तीन सदस्यीय समिति करती है। प्रधानमंत्री इसके अध्यक्ष होते हैं।

# इंडिगो मुआवजे में 10 हजार का ट्रैवल वाउचर देगा

■ 3-5 दिसम्बर के बीच ज्यादा परेशान पैसेंजर्स को मिलेगा

**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी इंडिगो फ्लाइट कैंसिल से प्रभावित यात्रियों को रिफंड के अलावा मुआवजे में ट्रैवल वाउचर भी देगी। कंपनी ने गुरुवार को बताया कि 3-5 दिसम्बर के बीच फ्लाइट कैंसिल से ज्यादा परेशान हुए पैसेंजर्स को 10000 का ट्रैवल वाउचर मिलेगा।

हालांकि इंडिगो ने यह साफ नहीं किया है कि ज्यादा परेशान का मतलब क्या है और किन यात्रियों को यह मुआवजा मिलेगा। एयरलाइन ने बताया कि ट्रैवल वाउचर अगले 12 महीने तक किसी भी इंडिगो फ्लाइट की बुकिंग के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा। कंपनी के अनुसार यह मुआवजा उन 5000-10,000 रुपये के अलावा होगा, जो फ्लाइट उड़ाने के 24 घंटे के अंदर कैंसिल होने पर मिलता है।

## संक्षिप्त समाचार

### भूपेन्द्र चौधरी ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाक़ात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी में नए अध्यक्ष की घोषणा को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। इसी बीच मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने गुरुवार को दिल्ली में अहम राजनीतिक मुलाकातें कीं हैं। बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश के चुनाव प्रभारी पीयूष गोयल के जल्द ही लखनऊ के आने की संभावना है। चौधरी ने संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाक़ात की। इसके तुरंत बाद वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मिले। इन बैठकों को आगामी संगठनात्मक फेरबदल और बदलते राजनीतिक समीकरणों के संदर्भ में बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### उप्र में दो वरिष्ठ आईएएस के दायित्वों में बदलाव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए दो वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। सरकार की तरफ से जारी की गई सूची के अनुसार, वरिष्ठ अधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह को मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपी ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण से हटाकर विशेष सचिव, निर्वाचन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन तथा अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं सुश्री दीपा रंजन मिशन को उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन लखनऊ को उनके वर्तमान पद के साथ-साथ यूपी ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, लखनऊ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। शासन के इस निर्णय को ग्रामीण सड़क विकास और चुनावी व्यवस्थाओं से जुड़े कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

### पोलियो का टीका बनाने वाली कंपनी के कर्मचारियों को नहीं मिल रहा वेतन

# निजीकरण व दमन सरकार की दुर्नीति: राहुल

नई दिल्ली, वार्ता



■ घर का खर्च चलाने के लिए कर्ज, उधार और मजबूरी पर कर्मचारियों का जीवन टिका है

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकारी संस्थाओं का दमन और उनका निजीकरण सरकार की सबसे बड़ी दुर्नीति है और मौजूदा सरकार का यह कदम देश के लिए एक बहुत बड़ा अभिशाप बन गया है।

गांधी ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि उनकी हाल ही हुई जन संसद में भारत इम्यूनोलॉजिकल्स तथा जैविकीय निगम लिमिटेड (बिबकॉल) के कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाक़ात हुई। उन्होंने लिखा- इस सरकारी कंपनी के कर्मचारी सालों से वेतनहीन हैं। अपने घर का खर्च चलाने के लिए कर्ज, उधार और मजबूरी पर उनका जीवन टिका हुआ है। ये वही बिबकॉल है, जो भारत में वैक्सीन बनाने वाली एकमात्र सरकारी कंपनी थी और जिसने पोलियो जैसी भयंकर बीमारी के उन्मूलन में ऐतिहासिक योगदान दिया। उन्होंने कहा कि सरकार को कम कीमत पर वैक्सीन उपलब्ध कराने और हर बच्चे तक उसकी पहुंच सुनिश्चित करने में इसकी भूमिका निर्णायक रही है, लेकिन 2017 तक मुनाफे में चल रही इस कंपनी को जानबूझकर, योजनाबद्ध तरीक़े से घाटे के उद्यम में बदल दिया गया। गांधी ने आगे कहा कि कारण साफ है, ताकि सरकारी कॉन्ट्रैक्ट निजी कंपनियों को सौंपे जा सकें, निजी कंपनियां महंगे दाम पर वैक्सीन बेचकर भारी मुनाफा कमाएं और उसकी कीमत आपकी जेब से निकाली जाए और एक दिन बिबकॉल को 'नुकसान' के नाम पर बंद कर इसकी संपत्ति मुफ्त या सस्ते दामों में पूंजीपति मित्रों में बांट दी जाए। उन्होंने बताया कि बिबकॉल कंपनी बुलंदशहर से संचालित होती थी और उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में स्थित इस कंपनी की जमीन और संपत्ति काफी महंगी है। जब से उत्तर प्रदेश में जेवर एयरपोर्ट बनाने की घोषणा हुई है, उसके बाद इसकी कीमत आसमान छू रही है। उन्होंने कहा कि इस कंपनी के कर्मचारियों की आर्थिक पीड़ा सरकार से साझा की है।

### पीरीयड अवकाश को लेकर बननी चाहिए राष्ट्रीय नीति: चंद्रशेखर



नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने लोकसभा में उठाई मांग, गृहमंत्री अमित शाह के बयान पर किया पलटवार

**नई दिल्ली।** यूपी की नगीना संसदीय सीट से सांसद व आजाद समाज पार्टी के नेता चंद्रशेखर आजाद ने गुरुवार को लोकसभा में मासिक धर्म (पीरीयड) अवकाश को लेकर राष्ट्रीय नीति की मांग उठाई है। आजाद ने कहा कि मासिक धर्म अवकाश को लेकर राष्ट्रीय नीति बननी चाहिए और इसके तहत असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को शामिल किया जाना चाहिए, उन्होंने सदन में शून्यकाल के दौरान यह मांग उठाई। नगीना सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि मासिक धर्म अवकाश को लेकर कोई राष्ट्रीय नीति नहीं है, जबकि कई देशों में ऐसी नीति मौजूद है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि मासिक धर्म अवकाश पर राष्ट्रीय नीति तैयार होए। मीडिया से बात करते हुए कहा नगीना सांसद ने कहा कि जितना पैसा चुनाव के दौरान खर्च हो रहा है, उसके बाद किसी गरीब का बेटा तो आगे बढ़ ही नहीं सकता है। मताधिकार हमारी शक्ति है, इसे छीनने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के मताधिकार को अप्रत्यक्ष रूप से छीनना चाह रही है, एसआईआर में इतनी तेजी क्यों की जा रही है, क्या वे कुछ छिपाना चाहते हैं? भारत अकेला ऐसा देश है जहां संविधान के लागू होने के बाद सभी को मताधिकार मिला है।

# जरूरतमंद को आवास बीमार को मिलेगा उपचार

गोरखपुर, वार्ता



■ सीएम योगी ने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनकर दिया भरोसा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को आवास दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया।

योगी गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 300 लोगों से मुलाकात की और कहा कि कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। ध्यान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए और निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। जनता दर्शन में एक महिला ने आवास की समस्या बताई। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाया जाएगा। इसे लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित भी किया और कहा कि सरकार की मंशा है कि हर जरूरतमंद के पास पक्का आवास हो। जनता दर्शन में एक महिला ने अपने पति की बीमारी में इलाज के लिए मदद की गुहार लगाई।

इस पर योगी नें महिला को आश्वस्त किया कि वह अपने पति का अच्छे से इलाज कराएं, पैसे की व्यवस्था विवेकाधीन कोष से करा दी जाएगी। इलाज में आर्थिक मदद मांगने कई अन्य लोग भी आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा।

उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।

### बहराइच हिंसा के दोषी सरफराज को फांसी की सजा, नौ को उम्रकैद

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में 13 अक्टूबर 2024 को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान भड़की सांप्रदायिक हिंसा में मारे गए 22 वर्षीय राम गोपाल मिश्रा की हत्या मामले में अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गुरुवार को दोषियों को सजा सुनाई। बहराइच कोर्ट ने राम गोपाल की हत्या के दोषी सरफराज को फांसी की सजा सुनाई है। वहीं 9 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। बता दें कि कोर्ट ने 9 दिसंबर को 13 आरोपियों में से 10 को दोषी ठहराया था, जबकि तीन को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था। दोषी ठहराए गए आरोपी अब्दुल हमीद, उसके बेटे फहीम, सरुराज, तालिब, सैफ, जावेद, जीशान, ननकऊ, शोएब और मारुफ हैं।

# कफ सिरप केस में सहारनपुर के दो भाई गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** कोडीन कफ सिरप केस में गुरुवार को यूपी एसटीएफ ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इन आरोपियों का नाम अभिषेक शर्मा और शुभम शर्मा हैं, दोनों सगे भाई हैं। ये दोनों कोडीन कफ सिरप का अवैध रूप से स्टॉक रखते थे। एसटीएफ को इनके पास से कई अहम दस्तावेज भी बरामद हुए हैं।

अभिषेक और शुभम सहारनपुर के रहने वाले हैं। लखनऊ के आलमबाग इलाके से एसटीएफ ने इनको गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से दो मोबाइल और फर्जी फर्मों से संबंधित तमाम दस्तावेज बरामद किए हैं। जानकारी के मुताबिक एबॉट कंपनी का दिल्ली का सुपर डिस्ट्रीब्यूटर एवं अभियोग में वांछित अभियुक्त अभिषेक शर्मा और शुभम शर्मा किसी काम से गुरुवार को लखनऊ आए हुए थे। एसटीएफ ने आलमबाग मवैया रोड पर टेढ़ी पुलिया तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिय। अभिषेक शर्मा ने बताया कि वर्ष 2019 से वह विशाल सिंह एवं विभोर राणा के यहां जी.आर. ट्रेडिंग दवा की फर्म में काम कर रहा था। वह लोडिंग-अनलोडिंग का काम देखा करता था एवं उससे संबंधित रिकॉर्ड मेंटेन करता था। विभोर और विशाल एबॉट कंपनी की अन्य दवाओं के साथ फेन्सेडिल कफ सिरप मंगाते थे एवं फर्जी फर्म के माध्यम से खरीद-बिक्री दिखाकर नशे के रूप में प्रयोग करने के लिए तस्करों को सप्लाई करते थे, जो बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के रास्ते बांग्लादेश भेजी जाती थी।

### शुभम जायसवाल पर 25 हजार का इनाम

**वाराणसी।** कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप की तस्करी के मामले में वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस ने मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। फरार चल रहे शुभम जायसवाल की तलाश में वाराणसी, सोनभद्र, जौनपुर और चंदौली पुलिस के साथ-साथ विशेष जांच टीम (एसआईटी), स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और एंटी नारकोटिक्स सेल की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। इस गिरोह के एक अन्य प्रमुख सदस्य झारखंड (रांची) की शैली ट्रेडर्स के मालिक भोला प्रसाद को सोनभद्र पुलिस ने कुछ दिन पहले कोलकाता से गिरफ्तार किया था।

### रिजर्व बैंक ने 50 हजार करोड़ की सरकारी प्रतिभूतियां खरीदीं

**मुंबई।** आरबीआई ने बैंकिंग तंत्र में नकदी की उपलब्धता बढ़ाने के प्रयास के तहत गुरुवार को खुले बाजार से 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 5 दिसम्बर को मौद्रिक नीति संबंधी बयान जारी करने के अवसर पर बताया था कि केंद्रीय बैंक इस महीने एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद करेगा। पहले चरण के तहत आज 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूति खरीदी गई है जबकि 18 दिसम्बर को इतने ही मूल्य की प्रतिभूतियां खरीदी जाएंगी। ये प्रतिभूतियां चार से लेकर 25 साल तक की मियाद वाली हैं। रिजर्व बैंक ने बताया गया है कि उसने 6.75 प्रतिशत पर 2029 की 6,638 करोड़ रुपये की प्रतिभूतियां खरीदी हैं।

### लोकतंत्र के मंदिर संसद में धूम्रपान करना संविधान का अपमान: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने गुरुवार को कहा कि लोकतंत्र के मंदिर संसद में धूम्रपान करना संविधान और कानून का अपमान है। पार्टी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में लगाया। पूनावाला ने आज संसद में टीएमसी सांसद द्वारा ई सिगरेट लाने और उसके उपयोग पर टिप्पणी करते हुए कहा कि लोकतंत्र के मंदिर में एक दुर्भाग्यपूर्ण एक घटना को घटते हुए देखा गया। इस संबंध में सासंद अनुराग ठाकुर ने सदन को और अध्यक्ष को अवगत कराया है। पूनावाला ने कहा कि पूरे देश में ई-सिगरेट 2019 से पूरी तरह से प्रतिबंधित हैं। कानून के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना भी प्रतिबंधित है। लोकतंत्र के मंदिर में ई-सिगरेट लाना और पीना कानून के खिलाफ है। इस मामले पर संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष ने भी कहा कि ये पूर्ण तरीके से गलत है, इसकी जांच होगी और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसपर कार्यवाही की जाएगी।



सेंसेक्स 84818.13
निफ्टी 25898.55



सोना रु. 128535
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 186988
प्रति किलो



# बाजारों में तीन दिन बाद लौटी रौनक

मुंबई, वार्ता



रिजर्व बैंक द्वारा 50 हजार करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद से उत्साहित निवेशकों की लिवाली से गुरुवार घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिन बाद तेजी लौट आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 426.86 अंक (0.51 प्रतिशत) उछलकर 84,818.13 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 140.55 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की बढ़त में 25,898.55 अंक पर बंद हुआ। रिजर्व बैंक ने बैंकिग तंत्र में नकदी बढ़ाने के उपायों के तहत आज 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की। दूसरे चरण में 18 दिसम्बर को इतने ही मूल्य की और सरकारी प्रतिभूतियां खरीदने की उसकी योजना है। इससे बाजार में निवेश धारणा मजबूत हुई है। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.01 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.81 फीसदी चढ़ा। ऑटो, धातु, आईटी, फार्मा, बैंकिंग, रियलिटी, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में ज्यादा तेजी रही। तेल एवं गैस और मीडिया सेक्टरों के सूचकांक मामूली गिरावट में रहे। एनएसई में कुल 3,206 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 1,919 के शेयरों में तेजी और 1,183 में गिरावट रही। अन्य 104 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल का शेयर 2.74 प्रतिशत चढ़ा। टाटा स्टील में 2.56 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक में 2.45, मारुति सुजुकी में 1.62, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.31 और टेक महिंद्रा तथा सनफार्मा दोनों में 1.16 प्रतिशत की तेजी रही। एचडीएफसी बैंक का शेयर 0.99 प्रतिशत, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 0.98, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 0.97, इंफोसिस का 0.83, ट्रेंट का 0.68 और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 0.63 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारतीय स्टेट बैंक, एलएंडटी, एनटीपीसी और अदानी पोर्ट्स के शेयर भी हरे निशान में रहे। वहीं एशियन पेंट्स का शेयर 0.91 प्रतिशत, भारती एयरटेल का 0.65 प्रतिशत रहा।

# चांदी पहुंची ऑलटाइम हाई पर, सोने के दाम भी बढ़े

**नई दिल्ली।** गुरुवार को चांदी अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार चांदी 1,500 रुपए बढ़कर 1,86,988 रुपए किलोग्राम हो गई है। इससे पहले कल ये 1,85,488 रुपए पर थी। वहीं सोना 747 रुपए बढ़कर 1,28,535 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले ये 1,27,788 रुपए पर था। सोने ने 17 अक्टूबर को 1,30,874 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता, इसलिए अलग-अलग शहरों के रेट्स अलग-अलग होते हैं। पंजाब नेशनल बैंक समेत कई बैंक गोल्ड लोन रेट तय करने के लिए इन कीमतों का इस्तेमाल करते हैं। सिंगापुर मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी के कोस्मास मरिनाकिस ने कहा कि चांदी अब सिर्फ निवेश का साधन नहीं रह गया है, बल्कि एक जरूरी भौतिक संसाधन भी है। मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों को इसकी ज्यादा जरूरत है। इसलिए मांग बढ़ रही है।

इससे कीमतों में लगातार तेजी है। चांदी के दाम में उछाल की एक और बड़ी वजह है कि अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की ट्रेड नीतियों के तहत चांदी पर टैरिफ लगने का डर है। इस डर से अमेरिकी कंपनियां चांदी का भारी स्टॉक जमा कर रही हैं, जिससे दुनिया के बाकी हिस्सों में कमी हो गई है। दुनियाभर के मैन्युफैक्चरर अपनी प्रोडक्शन बाधित न हो, इसलिए सप्लाई पक्की करने की होड़ में हैं।

# चावल, गेहूं के भाव मजबूत, चीनी, दालों और खाद्य तेलों में रही नरमी



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं भी मजबूत हुआ। वहीं चीनी, दालों और खाद्य तेलों में नरमी देखी गई। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत तीन रुपये बढ़कर 3,854.01 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं दो रुपये महंगा हुआ और 2,852.57 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत सात रुपये टूट गई। दाल-दलहनों में नरमी रही। चना दाल औसतन 24 रुपये और तुअर दाल 18 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल और मूंग दाल 17-17 रुपये टूट गई। मसूर दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल कमजोर हुई। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा एक रिंगिट चढ़कर 4,064 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.63 प्रतिशत गिरकर में 50.77 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 80 रुपये और वनस्पति 86 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 73 रुपये और सोया तेल की 67 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। पाम ऑयल 10 रुपये और सूरजमुखी तेल चार रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 25 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7837.01 रुपये, मसूर काली 8170.48 रुपये, मूंग दाल 10097.72 रुपये, उड़द दाल 10348.83 रुपये, तुअर दाल 10581.17 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2852.57 रुपये और चावल 3854.01 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3292.45 प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4325.01 रुपये और गुड़ 4979.78 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17655.51 रुपये, मूंगफली तेल 17749.67 रुपये, सूरजमुखी तेल 15723.31 रुपये, सोया तेल 13769.42 रुपये, पाम ऑयल 12423.06 रुपये और वनस्पति 14422.01 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# व्यावसायिक परीक्षा के लिए प्रयोगात्मक परीक्षकों की मैपिंग 26 तक पूरी करें

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ छूटे हुए/सप्लीमेंट्री श्रेणी की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 15 से 19 दिसम्बर 2025 के बीच आयोजित की जाएंगी

**लखनऊ।** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा (दिसम्बर- 2025) की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया है।

प्रमुख सचिव डा. हरिओम ने बताया कि छूटे हुए/सप्लीमेंट्री श्रेणी की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 15 से 19 दिसम्बर 2025 के बीच आयोजित की जाएंगी। इसके लिए प्रेक्टिकल एग्जामिनर मैपिग की अनिवार्य समय-सीमा 9 से 26 दिसम्बर 2025 तय की गई है। इस बाबत उन्होंने सभी जिलों को निर्देशित किया है कि यह प्रक्रिया परीक्षा शुरू होने से पहले हर हाल में पूरी कर ली जाए। गुरुवार को प्रमुख सचिव डा. हरिओम ने बताया कि डीजीटी, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार केवल वही परीक्षक मैपिग के लिए पात्र होंगे, जो सीधे पोर्टल पर पंजीकृत हैं। यदि किसी जनपद में पंजीकृत परीक्षकों की संख्या कम पड़ती है तो संबंधित नोडल राजकीय आईटीआई की अध्यक्षता में गठित समिति ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करेगी। यह समिति आवेदकों के शैक्षिक दस्तावेज, योग्यता और अनुभव की जांच कर उनके अनुमोदन की प्रक्रिया पूरी करेगी। उन्होंने बताया कि इस कार्य हेतु तीन सदस्यीय जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। इसमें जिलाधिकारी द्वारा नामित सदस्य को अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि नोडल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का प्रधानाचार्य तथा जिले के अन्य राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य/वरिष्ठतम कार्यदेशक सदस्य होंगे। यह समिति डीजीटी के निर्धारित मानकों के अनुरूप परीक्षकों का चयन सुनिश्चित करेगी, ताकि प्रयोगात्मक परीक्षाएं बिना किसी बाधा के सम्पन्न हो सकें।

प्रमुख सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि अधिक से अधिक योग्य परीक्षकों का पोर्टल पर पंजीकरण कराया जाए, जिससे परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की कमी उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि नोडल प्रधानाचार्यों को समयबद्ध ढंग से कार्यवाही सुनिश्चित करनी होगी, ताकि न तो परीक्षकों की कमी रहे और न ही परीक्षा कार्यक्रम में कोई देरी हो। विभाग का कहना है कि परीक्षकों की उपलब्धता और समय पर मैपिग प्रक्रिया परीक्षा संचालन की गुणवत्ता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# हाइड्रोजन से चलने वाला देश का पहला यात्री जलयान गंगा में रवाना

■ केंद्रीय पत्तन पोत परिवहन मंत्री सर्बानंद ने किया रवाना

**वाराणसी।** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने गुरुवार को वाराणसी के नमो घाट से देश के पहले पूर्णतः स्वदेशी हाइड्रोजन ईंधन सेल आधारित यात्री जलयान के वाणिज्यिक संचालन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जलयान देश में समुद्री एवं अंतर्देशीय जल परिवहन क्षेत्र में हाइड्रोजन ईंधन सेल प्रणोदन प्रौद्योगिकी का पहला व्यावसायिक प्रदर्शन है और इसमें 100 प्रतिशत स्वदेशी तकनीक पर आधारित है।

निम्न तापमान प्रोटॉन एक्सचेंज मेम्ब्रेन ईंधन सेल प्रणाली से संचालित यह जलयान संग्रहित हाइड्रोजन को विद्युत में बदलता है और एकमात्र उप-उत्पाद के रूप में शुद्ध जल छोड़ता है। इस अवसर पर सोनोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत स्वच्छ, टिकाऊ और आत्मनिर्भर परिवहन प्रणालियों की ओर तेजी से अग्रसर है।

आज देश का पहला स्वदेशी हाइड्रोजन ईंधन चालित जलयान लॉन्च करना 'मेक इन इंडिया' और हरित परिवहन के प्रति प्रधानमंत्री जी की प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है। यह उपलब्धि मां गंगा के पुनरुद्धार एवं संरक्षण के हमारे व्यापक मिशन को भी सशक्त बनाती है। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की स्वामित्व वाली यह 24 मीटर लंबी कैटामरन नौका कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित की गई है। परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे होने के बाद इसे वाणिज्यिक सेवा में शामिल किया गया है। 50 यात्रियों की क्षमता वाली पूर्णतः वातानुकूलित यह नौका हाइड्रोजन ईंधन सेल, बैटरी तथा सौर ऊर्जा की हाइब्रिड प्रणाली से संचालित है। एक बार हाइड्रोजन भरने पर यह लगातार आठ घंटे तक 7-9 समुद्री मील प्रति घंटे की गति से संचालन कर सकती है। इसके लिए कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड और इनलैंड एंड कोस्टल शिपिग लिमिटेड के बीच त्रिपक्षीय समझौता हुआ है, जिसमें तकनीकी सहायता, संचालन, सुरक्षा मानक और नियमित निरीक्षण के प्रावधान शामिल हैं। हाइड्रोजन नौका के संचालन से यात्रियों को शोर-मुक्त, धुआं-मुक्त एवं प्रदूषण-रहित यात्रा का अनुभव मिलेगा।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# कोहरे में हाइवे पर भिड़े सात वाहन

## ट्रक डिवाइडर से टकराया, स्कूली बस से टकराई वैन, कई लोग हुए चोटिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जैसे-जैसे कोहरे की रफ्तार बढ़ रही है, वैसे ही दुर्घटनाओं का सिलसिला शुरू हो गया है। दिल्ली देहरादून हाईवे और पानीपत खटीमा मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। गुरूवार की सवेरे भी मण्डी क्षेत्र के पानीपत खटीमा मार्ग पर एक भयानक हादसा हुआ जिसमें तेज रफ्तार ट्रक के डिवाइडर से टकराने के बाद स्कूल की वाहन सहित कई वाहन एक दूसरे से भिड़ गए और कई वाहन क्षतिग्रस्त हुए और कुछ लोगों को चोटे भी आई है। इस दौरान काफी देर तक दोनो ओर लम्बा जाम लगा रहा जहा पुलिस ने भारी मशक्कत के बाद वाहनों को आवागमन चालू कराया।

बता दे कि पिछले कई दिनों से सवेरे के समय कोहरा पड रहा है। जिस तरह कोहरे की रफ्तार बढ़ रही है इसी तरह सवेरे के समय दुर्घटनाओं के समाचार मिल रहे है। गुरूवार की सवेरे पानीपत खटीमा मार्ग पर अचानक ही तेज गति से आए एक ट्रक डिवाइडर से टकरा गया।

बताया जाता है कि इस समय ट्रक के पीछे स्कूल की गाडी और अन्य वाहन भी चल रहे थे। जैसे ही ट्रक डिवाईडर से टकराया तो पीछे चल रही कई गाडियां आपस में टकरा गई। इस हादसे में कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और कुछ लोगों के चोटे भी आई।

इधर से गुजर रहे लोगों ने घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया इस दौरान कार सवार उपेन्द्र कुमार ने बताया कि वह ग्राम खोल से जनपद मेरठ की ओर जा रहे थे जहां अचानक घने कोहरे में आया ट्रक डिवाइडर से टकरा गया और इसके बाद कई घटनाएं हुई।

पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने के बाद घटना के चलते दोनो और लगे लंबे जाम को खुलवाने का प्रयास शुरू किया। बताया जाता है कि हाईवे पर कुछ ही देर में दूर-दूर तक वाहनों की लम्बी कतारे लग चुकी थी जहां पुलिस ने सड़क के बीच पडे वाहनों को अलग हटाया और यातायात चालू कराया।

उपेन्द्र कुमार का कहना था कि इस हादसे में उनके साथियों को भी मामूली सी चोटे आई है फिलहाल इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की गई क्योकि यह मामला एक हादसा था सभी घायल अपना इलाज कराने के बाद अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए।

# हाउस टैक्स और वाटर टैक्स बढ़ोतरी पर व्यापारियों में रोष

## व्यापारियों ने प्रदर्शन कर नगर पालिका अध्यक्ष को सौंपे ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका के प्रस्तावित हाउस टैक्स और वाटर टैक्स बढ़ोतरी के खिलाफ शहर के प्रमुख व्यापारी संगठनों ने विरोध दर्ज कराते हुए नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपे। नगर इकाई, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, मोलाहेड़ी मार्केट एसोसिएशन, नरजित मार्केट एसोसिएशन तथा एस.डी. कॉलेज मार्केट के व्यापारियों ने एकजुट होकर नगर पालिका को कर बढ़ोतरी के निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की।

व्यापारी संगठनों ने कहा कि वर्तमान समय में कर वृद्धि किसी भी प्रकार से न्याय संगत नहीं है। देश की आर्थिक व्यवस्था को स्थिर रखने के लिए केंद्र सरकार ने कई वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कमी की है, जिसके बावजूद राजस्व में कोई घाटा नहीं हुआ। ऐसे में नगर पालिका द्वारा हाउस टैक्स और वाटर टैक्स बढ़ाना जनहित के खिलाफ है। नगर पालिका अध्यक्ष को सौंपे गए ज्ञापनों में मुख्य बिंदुओं में मांग की गई कि वाणिज्यिक भवनों पर बढ़ाए जा रहे हाउस टैक्स को तुरंत निरस्त किया जाए। टैक्स बढ़ोतरी से व्यापारी वर्ग व आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। कर वृद्धि से भाजपा सरकार की छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। जब अन्य राज्यों व केंद्र सरकार में कर घटाने की नीति अपनाई जा रही है, तब नगर पालिका द्वारा कर बढ़ाना अनुचित है। नए प्रस्ताव को लाकर बढ़े हुए हाउस टैक्स के निर्णय को तत्काल वापस लिया जाए। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, महानगर अध्यक्ष अजय कुमार सिंघल ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर में बदलाव के बाद भी सरकार को राजस्व हानि नहीं हुई। इसलिए नगर पालिका को भी कर वृद्धि से पहले जनहित पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हाउस टैक्स बढ़ाना उचित नहीं है और इस प्रस्ताव को बोर्ड में दोबारा लाकर निरस्त किया जाना चाहिए। मोलाहेड़ी मार्केट एसोसिएशन, नरजित मार्केट एसोसिएशन और अन्य व्यापारिक इकाइयों ने भी अपने पत्रों में कहा कि टैक्स वृद्धि से व्यवसायिक वातावरण प्रभावित होगा और जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि निर्णय वापस नहीं लिया गया, तो विरोध और तेज किया जाएगा। व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप से मुलाकात की और उन्हें टैक्स वृद्धि के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। गौरव स्वरूप ने भी आश्वासन देते हुए कहा कि उनके लिए जनता सर्वोपरि है। सभी की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। इस दौरान योगेश भगत (संरक्षक), राकेश कंसल (चेयरमैन), संजीव गोयल बॉबी, अशोक छाबड़ा, विजय सिंधी, राज कुमार अरोरा, कुमरेश जैन, प्रवीण खेड़ा, अनिल तायल सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: कोहरे के कारण सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त कार।



मुजफ्फरनगर: पानीपत खटीमा मार्ग पर कोहरे के चलते दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हुए वाहन।

# बेलड़ा पुल से वृद्धा ने गंग नहर में लगाई छलांग

■ **सिकंदरपुर निवासी 80 वर्षीय रामेश्वरी देवी का नहीं लगा सुराग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** गुरुवार की सुबह बेलड़ा गंग नहर पुल से वृद्ध महिला ने नहर मे कूदकर आत्म हत्या कर ली। देर शाम पुलिस व परिजनों ने महिला की तलाश शुरू कर दी है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेलड़ा स्थित गंगनहर पटरी पर भोपा की ओर से बेलड़ा की ओर आ रहे ट्रेक्टर ट्रॉली चालक की नजर पुल के पास गंग नहर मे डूब रही एक महिला पर पडी। जहां उसने महिला को नहर के बीच पानी मे झट पटाते हुए देखा तो उसने पुल के पास आकर शोर मचाया। शोर सुनकर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गयी। किन्तु तब तक महिला गहरे पानी मे समा गयी। पास ही मौजूद ग्रामीणों ने भी महिला को पानी मे डूबते हुए देखा। वहीं नहर पुल के बीच महिला के कपड़े की जूती व पुल की दीवार पर एक पशमीना शॉल रखी बरामद हुई। शाम के समय महिला के बारे मे जानकारी मिली महिला निकटवर्ती गांव सिकंदरपुर निवासी 80 वर्षीय रामेश्वरी देवी बताई गई है। पुलिस व गौताखोर महिला की तलाश में लगे है।

# टैंकर से चोरी किया तेल खरीद-बेचने में पांच दबोचे

## लाखों का तेल बरामद, 68 ड्रम, अवैध असलाह पुलिस ने किया कब्जे में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** तितावी पुलिस ने ऐसे लोगों का पर्दाफाश किया है जो हाईवे पर खडे ट्रक चालकों से सांठ-गांठ कर सस्ते दामों में चोरी का काला मोबिऑयल खरीदकर उन्हे बेचते थे।

पुलिस ने इस मामले में खरीदने और बेचने के आरोप में पांच लोगों को लिखापढ़ी के बाद जेल भेजा है और आरोपी के कब्जे से 27400 लीटर काला मोबिऑयल जिसकी कीमत ग्यारह लाख से अधिक है और एक टैंकर और 68 ड्रम बरामद होना भी बताया है। एसपी देहात आदित्य बंसल की माने तो तितावी थाना प्रभारी पवन कुमार ने अपनी टीम के साथ मिलकर सुमित पुत्र श्रीपाल, मनोज पुत्र हरि सिंह निवासीगण ग्राम संधावली थाना मंसूरपुर व उमेश पुत्र सत्यपाल




निवासी नंगला खोकर थाना मनियाठेर संभल व मंगत सिंह पुत्र अतर सिंह निवासी संधावली और रामवीर पुत्र गोपाल सिंह निवासी गढ़ी देशराज थाना तितावी को गिरफ्तार किया है। उन्होने बताया कि जब पूछताछ की गई तो उन्होने बताया कि पुलिस पानीपत खटीमा मार्ग पर गस्त कर रही थी कि इसी बीच हाईवे के किनारे खडे टैंकर के पास कुछ लोग खडे होकर पाइप द्वारा तेल निकाल रहे थे शक होने पर पुलिस ने उनको हिरासत में लिया और उन्होने पुलिस को बताया कि उन्होने और उसके साथियों ने एक टैंकर को छिपाकर रखा है। पुलिस ने इनके कब्जे से 36150 की नगदी व अवैध असलाह, 68 खाली ड्रम, एक टैंकर 23 हजार काला तेल है और एक अन्य टैंकर से चार हजार तेल और यहां रखे ड्रम में 400 लीटर तेल पकडा है। पुलिस का कहना है कि इस गिरोह ने एक फर्जी कम्पनी खोल रखी है और उसका जीएसटी नम्बर भी ले रखा है यह गिरोह हाईवे पर खडे ट्रक चालकों से सांठ-गांठ कर मोबिऑयल खरीदते थे। और टैंकर से चोरी का तेल को चालक से प्रति लीटर के हिसाब से खरीदते थे। और इसके बाद यही गिरोह खरीदे गए तेल को ऊंचे दामों में बेचते थे। पुलिस ने लिखापढ़ी के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# विश्वकर्मा चौक समिति ट्रस्ट में बढ़ी तकरार

## मीडिया से वार्ता कर नरेश विश्वकर्मा पर धन उगाही का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विश्वकर्मा समाज में एक सामाजिक संगठन पर वर्चस्व को लेकर पिछले कुछ समय से चल रहा विवाद अब और भी अधिक तीखा रूप ले चुका है। समाज के सक्रिय पदाधिकारी नरेश विश्वकर्मा द्वारा जिला प्रशासन से शिकायत के बाद अब दूसरा पक्ष भी उनके सामने आ गया है। नरेश विश्वकर्मा पर समाज से किये गये चंदे के लाखों रुपये का गबन करने के आरोप लगने के बाद मामला प्रशासनिक स्तर तक पहुंच गया है। भाजपा नेता जगदीश पांचाल ने डीएम और एसएसपी को औपचारिक शिकायत देकर नरेश विश्वकर्मा तथा उनके सहयोगियों के खिलाफ विस्तृत जांच कराने की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि नरेश विश्वकर्मा स्वयं को डॉक्टर बताकर समाज के लोगों को लंबे समय से गुमराह कर रहे हैं। साथ ही समाज के कार्यक्रमों व योजनाओं के नाम पर जमा किए गए चंदे का अब तक कोई संतोषजनक हिसाब-किताब प्रस्तुत नहीं किया गया है। गुरूवार को शहर के एक रेस्टोरेंट में विश्वकर्मा चौक समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश पांचाल और महासचिव मुकेश धीमान के साथ बाबूराम पांचाल, शेरपाल पांचाल, प्रदीप धीमान, अशोक धीमान सहित अन्य पदाधिकारियों और समाज के जिम्मेदार लोगों के साथ पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि नरेश विश्वकर्मा ने समाज के कुछ लोगों के साथ विगत दिवस जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर ट्रस्ट के गठन और पदाधिकारियों पर भ्रामक एवं साक्ष्यहीन आरोप लगाये हैं। जबकि वास्तविकता कुछ ओर है। विश्वकर्मा चौक ट्रस्ट समिति विश्वकर्मा चौक भोपा रोड भारतीय ट्रस्ट अधिनियम 1882 के अन्तर्गत 02 जुलाई 2024 को उप रजिस्ट्रार प्रथम मुजफ्फरनगर के समक्ष विधिवत रूप से पंजीकृत संस्था है।

मुकेश धीमान ने बताया कि इससे पूर्व करीब 10-12 साल से एक अपंजीकृत संस्था विश्वकर्मा चौक समिति विद्यमान थी, जिसके अध्यक्ष नरेश विश्वकर्मा, जोकि खुद को डॉक्टर लिखते, बताते और प्रचारित करते हैं, रहे हैं और जगदीश पांचाल महामंत्री थे। 26 मई 2024 इस समिति के सभी सदस्यों के द्वारा समाज की एक आम सभा का आयोजन कराया गया था। इसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया था कि अपंजीकृत समिति को विश्वकर्मा चौक समिति ट्रस्ट के नाम पंजीकृत कराया जाये। इसमें नरेश ने ही जगदीश पांचाल को ट्रस्ट का अध्यक्ष चुनने का प्रस्ताव रखा, जिसे सभी ने स्वीकार किया था। इसके बाद ट्रस्ट का पंजीकरण कराया गया।

पंजीकरण होने पर समिति स्वतः ही भंग हो गई थी, लेकिन इसके बावजूद भी नरेश विश्वकर्मा ने खुद को स्वयंभू अध्यक्ष प्रचारित करते हुए समिति को अवैध रूप से खड़ा रखा और करीब 7-8 साल तक एकत्र किये गये सामाजिक चंदे का कोई हिसाब किताब नहीं दिया गया। साल में समिति को एक से दो लाख रुपये का चंदा मिलता रहा। इसमें से कुछ शोभायात्रा व अन्य आयोजन पर खर्च किया गया।

इसके बावजूद जब भी हिसाब मांगा गया तो आनाकानी की गई। मुकेश धीमान का आरोप है कि जब समाज के सदस्यों ने चंदे की राशि का विवरण सख्ती के साथ मांगा तो नरेश विश्वकर्मा ने उलटा उन पर दबाव बनाने के लिए झूठी शिकायतें दर्ज कराना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि नरेश आठवीं पास है, लेकिन खुद को डॉक्टर बताते है। आज हमने डीएम और एसएसपी से मिलकर प्रार्थना पत्र दिया है और पुलिस व प्रशासन से नरेश विश्वकर्मा के खिलाफ उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। आरोप है कि नरेश ने सामाजिक चंदे से एकत्र करीब 10-12 लाख रुपये का गबन किया हुआ है। उनके साथ मुकेश धीमान गालिबपुर आज भी फर्जी रसीद छपवाकर समाज के लोगों से चंदा जुटा रहे हैं।



# गार्ड की मौत में लाइसेंसीधारी और किशोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मुजफ्फरनगर।** दो दिन पूर्व जानसठ रोड स्थित द्वारिका सिटी में बंदूक के साथ फोटो खिंचवाने के मामले में चली गोली से गार्ड शुभम की मौत के बाद पुलिस ने बंदूक के लाइसेंसधारी श्यामपाल और आरोपी किशोर के खिलाफ लापरवाही और हादसे के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। द्वारिका सिटी में मकान में गांव मेघाखेडी निवासी चौकीदार श्यामपाल अपनी बंदूक मकान मे छोडकर दूसरी मंजिल पर चला गया था। इसी बीच बिजली ठेकेदार का बेटा और श्यामपाल फोटो खिचवाने के लिए बंदूर लेकर गए जहां चौकीदार शुभम की गोली लगने से मौत हो गई थी।

# लंबित पेंशन समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग

## राशिकरण कटौती से लेकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति तक कई सुधारों की मांग उठाई

■ **सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स कल्याण संघ, उत्तर प्रदेश की जनपद इकाई ने आज जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विस्तृत ज्ञापन सौंपकर पेंशनरों की वर्षों से लंबित समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की। संघ ने यह ध्यानाकर्षण कार्यक्रम इसलिए आयोजित किया क्योंकि कई बार पत्राचार होने के बावजूद समस्याओं के समाधान की दिशा में अपेक्षित कदम नहीं उठाए गए।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि प्रदेश के विभिन्न सरकारी विभागों, निगमों, परिषदों व निकायों से सेवानिवृत्त 20 हजार से अधिक डिप्लोमा इंजीनियर्स समाज में आज भी सरकार की कई सामाजिक योजनाओं जैसे निर्धन कन्या विवाह, वृद्धाश्रम, स्वच्छता अभियान, एवं वृक्षारोपण में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। संघ का कहना है कि जब पेंशनरों ने अपने जीवन का सर्वोत्तम समय राष्ट्र व प्रदेश के निर्माण में दिया है, तो उन्हें वर्तमान आर्थिक प्रगति में भी उचित हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। संघ ने 15 प्रमुख समस्याओं को सरकार के संज्ञान में रखते हुए उनके तत्काल निराकरण का अनुरोध किया। इनमें प्रमुख मुद्दों में आठवें वेतन आयोग के विषयों में पेंशनरों को शामिल करने की मांग, 80 वर्ष की आयु 'पूर्ण' करने के बजाय 80 वर्ष 'प्रारम्भ' होने पर ही 20 प्रतिशत पेंशन वृद्धि लागू करने की मांग, 65, 70 और 75 वर्ष की आयु पर क्रमशः 5 प्रतिशत, 10 प्रतिशत और 15 प्रतिशत पेंशन वृद्धि का प्रस्ताव, कोरोना काल के रोके गए 18 माह के महंगाई भत्ते राहत का भुगतान या इसे राहत कोष में जमा कराने की अनुमति प्रमुख रहे। उन्होंने इसके अलावा मांग रखी कि वरिष्ठ नागरिकों को बस किराये में 50 प्रतिशत छूट दी जाए। राशिकरण कटौती की अवधि 15 वर्ष से घटाकर 10 वर्ष 11 माह करने की मांग भी रखी।

उन्होंने चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों पर दोहरी आयकर कटौती रोकने की मांग रखी। संघ ने कहा कि शासन ने पूर्व में इस संबंध में कमेटी भी बनाई थी, परंतु कमेटी ने उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुरूप कार्य नहीं किया। कई मामलों में फाइलें आठवें वेतन आयोग को भेज दी गईं, जिसे संघ अनुचित मानता है। संघ ने सभी समस्याओं के समाधान हेतु मुख्यमंत्री से अविलंब निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है, ताकि पेंशनरों को आर्थिक व मानसिक राहत मिल सके।

# पीआरडी का 77वां स्थापना दिवस मना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रांतीय रक्षा दल (पीआरडी) के 77 वें स्थापना दिवस पर आज स्पोर्ट स्टेडियम में परेड की सलामी ली एवं पी.आर.डी. जवानों की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय टोली को ट्राफी प्रदान कर संबोधन के द्वारा उनका उत्साह वर्धन किया। यहां पर एडीएम (एफ) गजेंद्र सिंह, जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया, सौरभ मलिक सहित अधिकारी रहे।

# कुकर्म में आजीवन कारावास

## पोस्को कोर्ट ने दोषी पर लगाया बीस हजार रूपये का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कोर्ट ने कुकर्म के मामले में सुनवाई करते हुए सबूत व गवाहों के आधार पर अपना फैसला सुनाया है। दोनो पक्षों के अधिवक्ता की दलीलों के बाद आरोपी को सबूत के आधार पर दोषी माना और उसको उम्र कैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने उस पर बीस हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन के अनुसार पीडित ने 21 अप्रैल 2021 को जानसठ कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस को बताया था कि ग्राम कवाल निवासी तेजपाल पुत्र रतिराम ने उसके नाबालिग बेटे के साथ कुकर्म की घटना की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 377, 506 आईपीसी 3/4 पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा



दर्ज कर लिया था इसके बाद पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए भागदौड शुरू की और 24 अप्रैल 2021 को तेजपाल को हिरासत में लेकर लिखापढी के बाद जेल भेज दिया था। इसके बाद मुकदमे की छानबीन कर रहे विवेचक ने इस मामले में अग्रिम कार्यवाही करते हुए 17 जून 2021 को आरोपी के विरूद्ध कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। यह मामला न्यायालय पोस्को कोर्ट में विचाराधीन था और इस मुकदमे की पैरोकारी एडीजीसी दीपक गौतम और विक्रांत राठी ने की। इसके बाद दोनो पक्षो के अधिवक्ताओ ने कोर्ट में अपनी-अपनी दलीले पेश की। पीडित पक्ष की ओर से कोर्ट में घटना से संबंधित सबूत व गवाह पेश किए गए। कोर्ट ने दोनो पक्षों को सूना और मामले को गंभीरता से लिया जहां सबूत व गवाहों के आधार पर आरोप सिद्ध होने पर न्यायाधीश अलका भारती ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी तेजपाल पर बीस हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है।

# कप्तान ने कई दरोगाओं को किया इधर से उधर

■ **कई सब इस्पेक्टरों को चौकी से हटाया, कई को दी नई तैनाती**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था मजबूत करने और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए देर रात कई दरोगा व चौकी इंचार्ज को इधर से उधर किया है और कई एसआई को चौकी से थाने भेजा गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद की कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए हर जतन प्रयास कर रहे है। जिस तरह अपराधियो पर कार्यवाही हो रही है तो लापरवाह पुलिसकर्मियों पर भी विभागीय कार्यवाही की जा रही है। एसएसपी ने इसी के चलते दरोगा कुलदीप सिंह को बिरालसी चौकी का कार्यभार सौंपा है और उप निरीक्षक राजेश शर्मा को चरथावल चौकी इंचार्ज बनाया है।

एसएसपी ने दरोगा तेजवीर को चरथावल थाने से महिला थाने में नियुक्त कर दिया है और सब इस्पेक्टर अमित कुमार को भैंसी चौकी प्रभारी का कार्यभार सौंपा है। उन्होने दरोगा ननंद किशोर शर्मा को कुटेसरा चौकी प्रभारी पद पर नियुक्त किया है और उपनिरीक्षक शशिकपूर को आबकारी चौकी प्रभारी के रूप में तैनात किया है। इसी कडी में उन्होने बिरालसी चौकी इंचार्ज संजय को सिविल लाइन थाने में तैनात कर दिया है। उन्होने कई दरोगाओं से चौकी से हटा दिया है।

# पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने 64 लाख से खरीदी 5 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का किया उद्घाटन

**मुजफ्फरनगर।** नगर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में मुज़फ्फरनगर नगरपालिका ने एक और बड़ा कदम उठाया है। लंबे समय से बढ़ती जनसंख्या और विस्तृत होते शहरी क्षेत्र के बीच सफाई तंत्र को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को 64 लाख रुपये की लागत से खरीदी गई पांच अत्याधुनिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियाँ शहरवासियों को समर्पित की गईं। इससे न सिर्फ कूड़ा संग्रहण की गति बढ़ेगी, बल्कि वार्डों में स्वच्छता अभियान को और संगठित रूप मिलेगा।

नगरपालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने बृहस्पतिवार सुबह मेरठ रोड स्थित कंपनी बाग पहुंचकर पालिका सभासदों एवं अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को हरी झंडी दिखाकर कर्मचारियों के साथ शहर के विभिन्न वार्डों के लिए रवाना किया। 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त ग्रांट से खरीदे गए इन वाहनों पर नगरपालिका परिषद् की ओर से कुल 64 लाख रुपये व्यय किए गए हैं, जो निकाय की सफाई व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।लोकार्पण के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को कर्मचारियों को सौंपते हुए नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि इन नए वाहनों के माध्यम से शहरी क्षेत्र से कूड़ा परिवहन अधिक तेज, सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से किया जा सकेगा। इसके बाद नगरपालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी ने कंपनी बाग का भी विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने पार्क में सफाई की स्थिति, निर्माण कार्यों की प्रगति, पथ-प्रकाश व्यवस्था, पेड़-पौधों के संरक्षण और हरियाली बढ़ाने की योजनाओं की समीक्षा की। अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पार्कों में स्वच्छता और सौंदर्यीकरण पर निरंतर ध्यान दिया जाए, ताकि लोग साफ-सुथरे वातावरण का लाभ उठा सकें।

मीनाक्षी स्वरूप ने इस अवसर पर कहोकि स्वच्छता किसी एक विभाग की ज़िम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे शहर का सामूहिक संकल्प है। नगरपालिका अपनी तरफ़ से हर आवश्यक संसाधन उपलब्ध करा रही है, परंतु हमें शहर को एक गारबेज फ्री सिटी बनाने के संकल्प



को साधने में असली सफलता तब मिलेगी जब हर नागरिक स्वच्छता को अपना दायित्व समझे। ये नई ट्रैक्टर-ट्रॉलियाँ न केवल सफाई व्यवस्था को गति देंगी, बल्कि मुज़फ्फरनगर की सुंदरता और स्वास्थ्य सुरक्षा को भी मजबूत बनाएंगी। हमारा लक्ष्य एक स्वच्छ, हरित और आधुनिक शहर का निर्माण है, और इसमें जनता का सहयोग सबसे महत्वपूर्ण है। नगरपालिका लगातार ऐसे कदम उठाती रहेगी, जिनसे शहर विकास और स्वच्छता के नए मानकों को छुए। हमें इस पहल से पूरी उम्मीद है कि मुज़फ्फरनगर की सफाई व्यवस्था में एक नया सकारात्मक बदलाव आएगा और शहरी परिवेश और अधिक स्वच्छ, स्वस्थ और आकर्षक बनेगा। इस दौरान मुख्य रूप से सभासद मौहम्मद खालिद, शौकत अंसारी, अमित पाल, ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय प्रताप शाही, सीएसएफआई योगेश गोलियान, एसएफआई प्लाक्षा मैनवाल, वैशाली सोती, लिपिक एसबीएम रूचि शर्मा के अलावा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# खतौली में खड़ी कार को तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** गुरुवार की सुबह करीब 9 बजे जीटी रोड पर उस समय हादसा हो गया, जब सड़क किनारे खड़ी एक कार को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का साइड मिरर, खिड़की सहित कई हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए।जानकारी के अनुसार, खतौली निवासी अनुज मोतला अपनी कार खड़ी कर पास की दुकान से सामान ले रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक चालक ने लापरवाही दिखाते हुए खड़ी कार को साइड से जोरदार टक्कर मार दी।

पीड़ित ने इस संबंध में तहरीर देकर ट्रक चालक पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलने पर कस्बा चौकी इंचार्ज तेजवीर सिंह मौके पर पहुंचे और घटना की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वा. सन दिया।

### अवैध अतिक्रमण से बिगड़ रही यातायात व्यवस्था

स्थानीय व्यापारियों और राहग. ीरों का कहना है कि जीटी रोड पर दोनों ओर बढ़ते अवैध अतिक्रमण, सड़क का संकरा होना और दुकानों का फुटपाथ तक फैल जाना दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बन गया है। लोगों के अनुसार सड़क किनारे सामान, ठेले और कब्जों के कारण वाहनों की सही पार्किंग संभव नहीं हो पाती। ट्रकों व बड़े वाहनों को मुड़ने और निकलने में लगातार दिक्कत आती है। जगह-जगह भीड़भाड़ होने से चालक अचानक नियंत्रण खो देते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध अतिक्रमण हटाकर यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए तुरंत कार्रवाई की जाए, ताकि हादसों पर अंकुश लग सके।

# परिवार की अनुपस्थिति में चोरों ने घर में की चोरी

**भोपा।** परिवारजनो की अनुपस्थिति का फायदा उठा कर चोरो ने गांव रहकडा मे जेवरात सहित लाखों के कीमती सामान चोरी करने की घटना को अंजाम दिया है। स्थानीय पुलिस द्वारा सुनवाई न करने पर पीड़ित ने जिला मुख्यालय पर कार्रवाई गुहार लगाई। उच्चाधिकारी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव रहकडा निवासी धमेन्द्र ने तहरीर देकर बताया कि वह परिवार के साथ हिमाचल राज्य में मजदूरी करता है। बीते तीन दिसंबर को परिवार के सदस्य घर आये तो मकान की खिड़की को उखड़ी हुई व कमरे का ताला टूटा हुआ देखा। घर से महिला के जेवर व टुल्लू पम्प का मोटर, टेबल फैन व एलसीडी आदि कीमती सामान गायब मिला। एलसीडी गांव के ही एक व्यक्ति के पास मिली जिस पर ग्रामीण ने एलसीडी बेंचने वाले का नाम बताया। जब पीड़ित धर्मेंद्र व अन्य लोगो ने एलसीडी बेंचने वाले से अन्य गायब सामान व जेवरात के बारे में पूछताछ की तो आरोपी ने कुछ भी बताने से इन्कार कर दिया। जिसके बाद डायल 112 पुलिस को सूचना दी गयी। पीड़ित का आरोप है की स्थानीय पुलिस द्वारा सुनवाई न करने पर उसने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर जाकर घटना के संबंध मे तहरीर दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने आरोपी अनु व कुलदीप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किया है।

# खतौली में सिद्धपीठ दुर्गा मंदिर कमेटी का गठन, तेजेन्द्र मोहन भाटिया बने प्रधान

**खतौली।** दुर्गापूरी कॉलोनी स्थित सिद्धपीठ दुर्गा मंदिर में गुरुवार को नई कमेटी के गठन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से तेजेन्द्र मोहन भाटिया को कमेटी का प्रधान चुना गया। बैठक में अन्य पदों पर भी जिम्मेदारियां निर्धारित की गईं। सचिव पद की जिम्मेदारी धीरज सूरी को सौंपी गई, जबकि कोषाध्यक्ष के रूप में राजकुमार मंगवानी को मनोनीत किया गया। इसके अलावा राजीव ग्रोवर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। कमेटी गठन की बैठक में मंदिर के कई सेवादार मौजूद रहे, जिनमें तेजेन्द्र मोहन भाटिया, राजकुमार मंगवानी, धीरज सूरी, राजेन्द्र तनेजा, जुगल किशोर गोगिया, राजीव ग्रोवर, नरेश कुमार गुम्बर, संजय लोहिया, विपिन, दीपक चड्ढा, मनीष सहंगल, वरुण सेठी, प्रवीण कोहली, कुशांक ग्रोवर, रिंकू सलूजा और रामजी गगनेजा शामिल रहे। मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने मंदिर के संचालन, व्यवस्थाओं और सामाजिक गति. विधियों को और अधिक सुदृढ़ करने का संकल्प लिया।

# राष्ट्रीय जाट महासभा भारत के अध्यक्ष के लिए सचिन सरोहा ने किया नामांकन

**मोरना।** राष्ट्रीय जाट महासभा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए सचिन सरोहा ने गुरुवार को दर्जनों समर्थकों संग अपना नामांकन किया। आगामी 14 दिसंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा।

राष्ट्रीय जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सरोहा ने नियुक्त चुनाव अधिकारी राजपाल सिंह मलिक के समक्ष नामांकन जमा किया। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव मनोज राठी, जिलाध्यक्ष अनुकूल सिंह, युवा जिलाध्यक्ष अंकित जवाला, अनुमोदक व प्रस्तावक के तौर पर मौजूद रहे वहीं इस अवसर पर अश्वनी तंवर, नरेन्द्र बालियान, सतीश सहरावत,दीपक चौधरी, संसार राठी, मनोज चौधरी,आकाश आदि मौजूद रहे।

# सपा नेता सत्येंद्र पाल को मिली पीएचडी की उपाधि

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल को आज बृहस्पतिवार के दिन उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित किए गये एक भव्य समारोह में हजारों गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में पीएचडी की उपाधि से नवाजा गया। अब वे अपने नाम से पहले डाक्टर लिख सकेंगे।

वरिष्ठ सपा नेता डाक्टर सत्येंद्र पाल को द अमेरिकन यूनिवर्सिटी यूएसए एयूजीपी यूएसए द्वारा पीएचडी मानद डॉक्टरेट उपाधि प्रदान की गई।

यह डिग्री डॉक्टर सत्येंद्र पाल को लखनऊ में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान की गयी। इस दौरान कार्यक्रम की गरिमामयी उपस्थिति में एयूजीपी यूएसए के वाइस चांसलर डॉक्टर लक्ष्मन मधुरासिंघे, फाऊंडर चेयरमैन और मुख्य रेक्टर डॉक्टर मधु कृष्णन, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉक्टर एके वर्मा तथा उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के मिनिस्टर




दयाशंकर सिंह जैसी कई प्रतिष्ठित हस्तियां भी सम्मिलित रही।

दूसरी ओर डाक्टर सत्येंद्र पाल के शुभचिंतकों में कस्बा बुढ़ाना और क्षेत्र में इस बात को लेकर खुशी की लहर लोग गयी और सभी ने उनके बुढ़ाना क्षेत्र में आगमन पर उनके स्वागत की बात कही है और उनको फोन पर इसके लिए शुभकामनाएं भी दी है। उल्लेखनीय है कि सपा के वरिष्ठ नेता डाक्टर सत्येंद्र पाल ने अपनी और से समा. जवादी पार्टी के बैनर तले बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में जगह जगह पर कई दर्जनघ एसआईआर संबंधी कैम्प लगाकर लाखों लोगों के फार्म भरवाकर उनको राहत प्रदान कराई है।

# श्री दीवान सिंह पब्लिक स्कूल तितावी में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**मुजफ्फरनगर।** एसडीएस पब्लिक स्कूल तितावी में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन किया गयास इस प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200मीटर,400मीटर, दौड़ , लंबी कूद, कब्बढी, बेडमिंटन , म्यूजिकल चेयर,तेज चाल एवं खो- खो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया सखेल के प्रति छात्र-छात्राओं ने काफी उत्साह दिखाई दिया ।वार्षिक खेल प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रबंधक डॉ विपिन कुमार सिंह एवं मैनेजिंग डायरेक्टर मति मंजुली पुंडीर, दीवान सिंह इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य तरसपाल पुंडीर, पीटी उषा इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य उषा सिंह कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार पुंडीर दीवान सिंह पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य विकास शर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सम्मुख दीप जलाकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ कियस, विद्यालय के प्रबंधक डॉ विपिन कुमार सिंह व अन्य वक्ताओं ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को बताया की विद्यालयों में शिक्षा तीन प्रकार की है जिसमें सर्वप्रथम मोरल एजुकेशन नैतिक शिक्षा दूसरे नंबर पर फिजिकल एजुकेशन एवं योग और तीसरे नंबर पर विषय से संबंधित ज्ञान की शिक्षा है खेल का विषय फिजिकल एजुकेशन व योग से संबंधित है स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है अत: छात्र-छात्राओं को मन की एकाग्रता एवं स्वस्थ शरीर के लिए अपने जीवन में कम से कम किसी एक खेल एवं योग को अपनाना चाहिए आज छात्र-छात्राओं पर परीक्षा एवं कोर्स के बोझ को काम करने के लिए खेल एवं योग ही एक ऐसा साधन है जिससे तनाव को काम किया जा सकता है विद्यालय के प्रबंधक डॉ विपिन कुमार सिंह ने बताया कि अनावश्यक रूप से छात्र-छात्राओं को मोबाइल के प्रयोग से बचना चाहिए खेल प्रोृतिक हो वह इनडोर अथवा आउटडोर भ हो सकता हैस प्रधानाचार्य विकास शर्मा बच्चो को संबोधित कर उनका उत्साहवर्धन किया और 50 मीटर दौड़ में सार्थक,तेजस्व, आयुष, अंश, अनन्या, परी, पीहू 100 मीटर दौड़ में अभिनव, नैतिक, परमवीर,अवंतिका, आरोही,अपूर्वा ने प्रथम स्थान, 200 मीटर दौड़ शिवम्, हनी, अनुभव, तनिष्क ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, लंबी कूद अनुभव, एवं अक्षित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया उधर कबड्डी जूनियर में गांधी हाउस एवं कबड्डी सीनियर में सुभाष हाउस विजॉयी रही, बेडमिंटन में अक्ष एवं नेहा को गोल्ड एवं दिव्यांश, अवनी, पीयूष ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया सभी इन सभी को मेडल एवं प्रमाण पत्र के साथ पुरस्ेत किया । स्कूल के प्रधानाचार्य विकास शर्मा ने बच्चों को खेल के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि खेलों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है और खेलों से बच्चों के जीवन में सहयोग की भावना उत्पन्न होती है इस अवसर पर स्कूल के अधिशासी समन्वयक प्रवीण पुंडीर जी ने बच्चो को संबो. धित करते हुए जीवन में खेल के योगदान के महत्व को बताया और बच्चों को बहुत बधाई दी इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# शाहपुर बैंक मैनेजर के विरुद्ध बुढ़ाना पुलिस को दी तहरीर

**बुढ़ाना।** एक ग्रामीण ने शाहपुर के एक बैंक की शाखा के प्रबंधक और तीन दलालों के विरुद्ध लोन हड़प करने की तहरीर पुलिस को दी है। अब्दुल रहमान पुत्र खुर्शीद निवासी ग्राम मंदवाडा ने बृहस्पतिवार को बुढ़ाना पुलिस को बताया कि वो बेरोजगार है। उसने सलमान पुत्र इकबाल निवासी मौहल्ला काजीवाडा के यहां मजदूरी का कार्य किया। जिन्होने उसे कहा कि मैं तुम्हारा लोन करा दूंगा। उसे रुपयों की जरुरत थी इसलिये उसने हां की तो सलमान, सलमान के बहनोई रिजवान व सोनू त्यागी उसे लेकर शाहपुर के एक बैंक में गये और उससे बिजली का बिल, बैंक की पासबुक की फोटो कॉपी, आधार कार्ड व पैन कार्ड लिया तथा बैंक मैनेजर से मिलकर उसका 2 लाख रूपये का लोन करा दिया। उसके खाते में दो लाख 1 हजार रूपये आये। खाते में रुपये आते ही तीनों ने बैंक मैनेजर से मिलकर उसके खाते से रूपये निकाल लिये। जब उसने रूपयो की बाबत पूछा तो कहने लगे कि यहां से चला जा नही तो तुझे जेल भिजवा देगें। हमने तेरा सोलर लाईट का लोन करवाया है। जब उसने कहा कि मैने तो सोलर के लिये कोई लोन करने को नहीं कहा तो सभी धमकी देने लगे। जब वह मैनेजर से मिला तो मैनेजर ने उसे धमकाया तथा बैंक से भगा दिया। जब उसने बिजली विभाग में शिकायत दर्ज करायी तो सब उस पर दबाव बना रहे हैं कि तू अपने घर पर सोलर लगवा ले। उसने मना किया तो सभी उसे झूठे केस में जेल भिजवाने की धमकी दे रहे हैं और 2430 रूपये की एक किस्त भी काट ली। वह मजदूर है तथा देर रात मजदूरी कर अपने घर जाता है। ये व्यक्ति उसे नुकसान पहुंचा सकते है। उसके साथ धोखाधडी करने के कारण सलमान, सोनू त्यागी, रिजवान व मैनेजर के विरुद्ध कार्यवाही कर उसके नाम पर लिये लोन को बंद कराएं। वो अपने घर सोलर नही लगवाना चाहता है।

# युवक नाबालिग किशोरी को लेकर फरार

**बुढ़ाना।** एक युवक एक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। आरोपी किशोरी के घर से दो लाख रुपये और सोने के जेवर भी ले गया है। मिली जानकारी के मुताबिक बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बुढ़ाना कोतवाली में पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि उस्मान पुत्र इन्साद निवासी गांव जौला का उसके घर आना जाना था। जिसने उसकी लगभग 15 साल की नाबालिग पुत्री को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। बीती 06 दिसम्बर की अर्धरात्रि में लगभग 02 बजे उस्मान उसकी पुत्री को बहका फुसलाकर भगा ले गया है। उसकी नाबालिग पुत्री को भगाने में नरगिस और नसरीन पुत्रीगण इन्साद, तालिब पुत्र इन्साद और अफसरी पत्नी इन्साद ने पूरा सहयोग किया। इन सभी लोगो ने उसकी पुत्री को बहकाकर घर में रखे हुए 02 लाख रुपये और उसके सोने के जेवर भी गायब कर दिए हैं। जब उसने अफसरी से अपनी पुत्री के गायब होने की बात कही तो वह रोजाना उसकी पुत्री, रूपये व सोने के जेवर को वापस करने का झूठा आश्वासन दे रही है। जब उसने रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कही तो अब वह उसकी पुत्री को जान से मारने की धमकी दे रही है। पीड़िता ने बुढ़ाना पुलिस से पांचों आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही और अपनी पुत्री की बरामदगी की मांग की है। उधर दूसरी और पुलिस ने भी पांचों आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर नाबालिग किशोरी व आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

# फर्जी स्थान पर आधार कार्ड बनाने वालों से पूछताछ

**मोरना।** खेड़ी फिरोजाबाद गांव में फर्जी रूप से आधार कार्ड बनाने की सूचना पर पुलिस ने मौके से आधार मशीन जब्त करते हुए कुछ युवकों को थाने लाकर पूछताछ शुरू कर दी है।

थाना ककरौली क्षेत्र के गांव खेड़ी फिरोजाबाद स्थित जनसेवा केंद्र पर बिना स्थानीय लाईसेंस के आधार कार्ड बनाने की सूचना पर पुलिस गांव में पहुंची। पुलिस ने स्केनिंग मशीन, फिंगर प्रिंट मशीन को जब्त करते हुए मौके से तीन-चार युवकों को थाने ले आई। थाना पुलिस ने बताया कि फर्जी तरीके से आधार कार्ड बनाने की सूचना मिली थी। मामले की जांच की जा रही है।

# गांधी पॉलिटेक्निक के पुरातन छात्रों का किया जाएगा स्वागत सम्मान

**मुजफ्फरनगर।** गांधी पॉलिटेक्निक मुज़फ्फरनगर के स्टेनोग्राफी ब्रांच के पुरातन छात्रों वकील कुमार, आशुलिपिक, कार्यालय अपर जिलाधिक. ारी, मैनपुरी, जगबीर सिंह, रिपोर्टिंग ऑफिसर (पी.आर.), राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ आदि के मुज़फ्फरनगर आगमन पर उनके सम्मान में दिनांक 12.12.2025, दिन शुक्रवार को दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक इं. राजीव सिंह, प्रधानाचार्य गांधी पॉलिटेक्निक मुज़फ्फरनगर की अध्यक्षता व श्रीमती बबीता रानी, प्रवक्ता हिन्दी एवं गांधी पॉलिटेक्निक मुज़फ्फरनगर पुरातन छात्र एसोसिएशन के सचिव इंद्र बसन्त कुमार गोयल के संयुक्त संयोजन में गांधी पॉलिटेक्निक मुज़फ्फरनगर के ऑडियो-विज़ुएल हॉल में समारोह पूर्वक स्वागत सम्मान किया जाएगा। पुरातन छात्र अपने विभागीय अनुभव से पॉलीटेक्निक में अध्यनरत विद्यार्थियों को सरकारी नौकरियों में सफलता के गुर साझा कर उन्हें प्रोत्साहित करते हुए उनकी सफलता हेतु मार्गदर्शन करेंगे।



# उज्ज्वल, अनस, इरम के बाद आखिर विकास भी क्यों चला उसी राह पर

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** बीती 8 नवम्बर से लेकर बीती 10 दिसम्बर तक बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में ऐसे 04 केस सामने आए हैं जिसमें पीड़ित पक्ष न्याय नहीं मिलने की दशा में खुद को ही मिटाने पर तुल गया। इनमें से उज्जवल राणा, अनस मलिक तो इस दुनिया को अलविदा कह गये जबकि इरम उस्मानी व विकास ठाकुर जैसे तैसे करके बचा लिए गयेघ सबसे पहली घटना शनिवार की है तो बाकी तीनों घटनाएं बुधवार के दिन की हैं। आखिर लोग इस तरह से क्यों कर रहे हैं। वे अपनी जिंदगी को दो कौड़ी की क्यों समझ रहे हैं यह समझ से परे है। पहली घटना बीती 08 नवम्बर शनिवार को बुढ़ाना कस्बे के डीएवी डिग्री कालेज बुढ़ाना के प्रांगण में हुई। जिसमें मात्र फीस मांगने पर लगभग 19 साल के बीए के छात्र उज्जवल राणा पुत्र हरेंद्र ने अपने उपर पैट्रोल छिड़ककर आग लगा ली थी। जिसमें दूसरे दिन उज्जवल ने दिल्ली के एक हस्पताल में दम तोड दिया था। दूसरी घटना बीती 19 नवम्बर को बुधवार की सुबह हुई। जिसमें गांव हुसैनपुर कलां निवासी दुकानदार अनस मलिक पुत्र मुरसलीन ने बुढ़ाना पुलिस की प्रताड़ना से तंग आकर अपने शरीर के ऊपर पैट्रोल डालकर आग लगा थी। जिसमें आठवें दिन अनस ने भी दिल्ली के हस्पताल में उपचार के चलते दम तोड दिया था। तीसरी घटना बीती 03 दिसम्बर को बुधवार को हुई। जिसमें इरम उस्मानी पत्नि सुहैल निवासी बुढ़ाना ने एक मामले में आरोपियों को जेल ना भेजने की दशा में अपने उपर मिटी का तेल छिड़ककर आग भी लगा ली थी लेकिन महिला थाना बुढ़ाना की थानाध्यक्ष सुमन शर्मा ने बड़ी फुर्ती से ऐन मौके पर पहुंचकर इरम को जलने से बचा लिया था। जिसमें इरम का दुपटा जल गया था और वह बाल बाल बच गयी थी और अब बीते बुधवार में 10 दिसम्बर के दिन गांव राजपुर छाजपुर निवासी विकास ठाकुर पुत्र धर्म सिंह ने रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करने की दशा में अपने सिर में ईंट मारकर आत्महत्या करनी चाही लेकिन परिजनों ने ऐन मौके पर पहुंचकर विकास को बचा लिया। कुल मिलाकर इन 32 दिनों में 4 घटनाएं पुलिस का मनोबल गिरा रही है। 2 पक्षों के बीच उत्पन्न हो रहे विवादों को लेकर पुलिस सही और गलत जानने के प्रयास में लग रही है तो इसी बीच कोई ना कोई पक्ष इस तरह के आत्महत्या जैसे कदम उठाकर पुलिस की जांच की दिशा मोड़ने का काम कर रहा है। ऐसे में बुढ़ाना पुलिस पूरी तरह से किंकर्तव्यविमूढ़ सी ही नजर आ रही है कि वह क्या करे क्या नही क्योंकि इन घटनाओं में बेकसूर बुढ़ाना पुलिस भी तो लिपट रही है। पुलिस के उच्च अधिकारी इस और ध्यान देंगे?

### खतौली में 1008 चन्द्रप्रभ पार्श्वनाथ जन्म-तप कल्याणक महोत्सव की धूम

**खतौली।** नगर में आगामी 14 व 15 दिसंबर को 1008 चन्द्रप्रभ पार्श्वनाथ भगवान के जन्म एवं तप कल्याणक महा-महोत्सव को लेकर जैन समाज में उत्साह चरम पर है। सीए ध्रुव जैन के कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में सकल जैन समाज ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की।

14 दिसंबर बधाई व गोद भराई, सांस्ृेतिक संध्या होगी। जबकि 15 दिसंबर रू भव्य रथ यात्रा निकाली जायेगी।

### बकायेदारों के विरुद्ध बिजली विभाग का फुल एक्शन

**बुढ़ाना।** स्थानीय विद्युत ग्रह के जेई शिव कुमार और उनकी टीम ने आज बृहस्पतिवार के दिनघ बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला दक्षिणी भटवाड़ा टू में बकायेदारों के खिलाफ तगड़ा एक्शन लिया। टीम ने डोर टू डोर पहुंचकर जहां कुल आठ बिजली उपभोक्ताओं के रजिस्ट्रेशन किए वहीं उन्होंने 17 मोटे बकायेदारों के कनैक्शन काटे। इनमें 7 लाख रूपये के ये सभी 17 विद्युत बकायेदार हैं। इस दौरान अन्य बकायेदारों में अपने द्वार विद्युत टीम को देखकर हडकम्प मच गया। इस दौरान विद्युत जेई शिव कुमार ने बताया कि सभी विद्युत उपभोक्ता अपने अपने कनैक्शन कटने से बचाते हुए समय पर बिल जमा करें और अगर कोई उपभोक्ता अपना बिल किसी स्थिति के कारण जमा नहीं करा पाता है तो वह अपने बकाये बिल का चौथाई रूपया जमा करके अपना कनेक्शन कटने से बचाएं। उनके क्षेत्र में लगभग साढे 13 हजार विद्युत उपभोक्ता बकायेदारों की सूची में हैं। इनमें से सिर्फ 225 उपभोक्ताओं को ही छूट मिली है। जो उपभोक्ता छूट की श्रेणी में आए हैं वे तुरंत बिजलीघर में पहुंचकर दो हजार रुपये का रजिस्ट्रेशन डेट रजिस्ट्रेशन एक महीने के भीतर अवश्य करा लें। अगर किसी उपभोक्ता पर दस हजार का बिल है और वो दो हजार रुपये देकर समय पर रजिस्ट्रेशन करा लेता है तो उसको फिर बचे हुए 8 हजार रुपये में भी चौथाई की छूट मिलेगी। इस तरह की योजना इस बार पहली बार आई है। यहां विद्युतकर्मी विजय, कपिल, मोनी शंकर और जाहिद रहे।

# अंसारी समाज संगठन में मुर्तजा अंसारी बने जिला प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** ` अनुसार ऑल इंडिया मोमिन अंसारी समाज की राह एक बैठक मुजफ्फरनगर के खालापार में स्थित राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद इरफान अंसारी के आवास पर हुई जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद इरफान अंसारी एवं संचालन राष्ट्रीय महामंत्री ताहिर अंसारी द्वारा किया गया।

बैठक में सरस्वती से ऑल इंडिया मन अंसारी समाज का जिला प्रभारी एवं तनवीर आलम को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया इसके अलावा हाजी नजमुद्दीन को चरथावल नगर अध्यक्ष एवं मोहम्मद इस्तकार को पुरकाजी ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंप गई और इनसे आशा वक्त की गई कि वह ऑल इंडिया मोमिन अंसारी समाज संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे बैठक में ऑल इंडिया मोमिन अंसारी समाज के राष्ट्रीय महामंत्री ताहिर अंसारी ने समाज में फैली बुराई दहेज प्रथा को जड़ से खत्म करने के लिए पैदल यात्रा का प्रस्ताव रखा जिस पर सभी ने सर्वसम्मति से अपने सहमति प्रदान की इसके अलावा बैठक में शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की गई बिना दहेज शादी करने वालों को ऑल इंडिया मोमिन अंसारी समाज उनका सम्मान करने का काम करेगा बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद इरफान अंसारी, राष्ट्रीय महामंत्री ताहिर अंसारी, जिला अध्यक्ष आस मोहम्मद एडवोकेट, जिला महासचिव कय्यूम अंसारी, बरला मास्टर अमजद अली अंसारी, आजम अली ,प्रधान हाजी नजमुद्दीन चरथावल, तनवीर आलम पुरकाजी, मोहम्मद इकबाल कुकड़ा, मोहम्मद इसरार मुजफ्फरनगर, मोहम्मद इस्तखार बरल,ा जान मोहम्मद, मोहम्मद सलीम अंसारी चरथावल, मोहम्मद साहदीन अंसारी प्रधान, डॉक्टर मुरसलीन कुकड़ा, जमशेद अंसारी बुढाना, महताब आलम बुढ़ाना आदि शामिल है।

# उधार के रुपये को लेकर शादी समारोह में मारपीट

**खतौली।** बुढ़ाना रोड स्थित एक वेंकट हॉल में चल रहे विवाह समारोह में बुधवार रात्रि उस समय हड़कंप मच गया जब उधार के रुपये के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी मारपीट में बदल गई। घटना में एक पक्ष के दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हंगामा बढ़ता देख मेहमान अफरा-तफरी में हॉल से बाहर भागने लगे। बाद में बिरादरी के मुवज्जिज लोगों ने हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया।जानकारी के अनुसार न्यू इस्लामनगर निवासी एक परिवार का विवाह समारोह वेंकट हॉल में चल रहा था। रात लगभग दस बजे मेहमानों को भोजन परोसा जा रहा था। इसी दौरान आधा दर्जन युवक मोटरसाइकिलों से कार्यक्रम में पहुंचे और परिवार के एक युवक से किसी बात को लेकर विवाद करने लगे। आरोप है कि बात बढ़ने पर युवकों ने अचानक लाठीखडंडों से हमला बोल दिया और युवक को पीटते हुए हॉल के बाहर तक खींच ले गए। हमले में पीड़ित युवक और उसका एक रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से विवाह समारोह में अफराख़तफरी मच गई। मेहमान किसी तरह घायलों को हमलावरों से बचाकर नगर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उनका उपचार जारी है। बताया गया है कि विवाद की जड़ उधार के रुपये को लेकर दोनों पक्षों के बीच चल रहा तनाव था। देर रात तक चले हंगामे के बाद बिरादरी के जिम्मेदार लोगों ने पंचायत कर दोनों पक्षों को समझाया और सुलह करा दी। घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है।

# 8 किलो गांजे के साथ दो गिरफ्तार

**शाहपुर।** शाहपुर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 8 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया। पुलिस को बरवाला रोड स्थित रजवाहा पुलिया के पास हाथ में सफेद प्लास्टिक के कटे लिए दो व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर दोनों सकपका गए और वापस मुड़ने लगे, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें रोककर तलाशी ली। तलाशी में दोनों के पास से अवैध गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार तस्करों के नाम दीपक, पुत्र जगपाल, निवासी ग्राम बरवाला, थाना शाहपुर उम्र लगभग 38 वर्ष कृष्णपाल, पुत्र महेन्द्र, निवासी ग्राम बरवाला, थाना शाहपुर उम्र लगभग 40 वर्ष एक आरोपी अभी फरार है।

# भगवान परशुराम भवन निर्माण का शिलान्यास

**छपार।** त्यागी भूमिहार ब्राह्मण समाज द्वारा रामपुर चौराहे के निकट पानीपत खटीमा गोल चक्कर के पास भगवान परशुराम भवन निर्माण की आधार शिला रखी गई। जिसके शिलान्यास में केबिनेट मंत्री अनिल कुमार सहित अन्य राजनीतिक व अराजनीतिक नेता भी मौजूद रहे। त्यागी भूमिहार ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने हाइवे के पानीपत खटीमा गोल चक्कर के पास संगठन की ओर से एक लगभग तीन सौ गज का प्लाट खरीदा उसमें बृहस्पतिवार को भगवान परशुराम भवन निर्माण की आधार शिला रखी गई पहले पंडितों द्वारा हवन पूजन कराया गया जिसके मुख्य यजमान जनपद बुलंदशहर के डाक्टर हरिओम त्यागी व उनकी पत्नी डाक्टर जीनू प्रिया त्यागी रही उसके बाद भगवान परशुराम की प्रतिमा पर मंत्री अनिल कुमार, मांगेराम त्यागी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाकियू अराजनीतिक सहित कई गणमान्य लोगों ने पुष्प अर्पित कर भवन का शिलान्यास किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा



कि समाज के लिए भवन की बहुत आवश्यकता थी बाहर से आने वाले समाज के लोगों को रुकने की व्यवस्था होगी ओर सभी सुविधाएं प्रदान की जायेगी। दूसरे प्रदेशों दिल्ली, बिहार, मध्यप्रदेश राजस्थान हरियाणा आदि से समाज के लोग हरिद्वार गंगा स्नान को जाते हैं।

वे देर सबेर यहां रुक सकते हैं। उक्त भवन का निर्माण बहुत जल्दी होगा। भवन का निर्माण समाज द्वारा दिया गया दान में रुपए से किया जा रहा है। उक्त संगठन के अलावा अन्य राजनीतिक भाजपा, सपा व गैर-राजनीतिक संगठन भाकियू टिकेत, भाकियू अराजनीतिक भाकियू अराजनैतिक के पदाधिक. ारी भी मौजूद रहे। विक्रांत त्यागी भावी एमएलसी प्रत्याशी, अंकित चौधरी भाकियू अराजनीतिक के प्रदेश अध्यक्ष, बोबी त्यागी, राकेश शर्मा, नवीन राठी, मोनू प्रधान,अक्षु त्यागी, बबलू त्यागी, राजेश त्यागी, विकास शर्मा विपिन त्यागी जिप सदस्य आदि व्यक्ति मौजूद रहे।

**सूचना खोया पाया**

मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश परीक्षा हाईस्कूल परीक्षा 2021 कि अंक प्रमाण पत्र जिसका अनुक्रमांक नं. 210513810 है व इंटरमीडिएट परीक्षा 2023 कि अंक पत्र अनुक्रमांक नं.2235449979 है। जो वास्तव मे कहीं खो गयी हैं।

**घोषणाकर्ता**
**साक्षी पुत्री गजराज सिंह**
**गांव भिड़डाहेड़ी,थाना भोपा,**
**तहसील जानसठ, मुज़फ्फरनगर**
**पिन 251316**

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र स. 12098/23.11.18 मे नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्र का नाम दर्ज नही कराया गया। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम 'अहमद अली' है। पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**निवेदक**
**मो जावेद पुत्र अब्दुर रहमान,निवासी ग्राम पावटी, मुज़फ्फरनगर।**
**मोबइल स० 7599603050**

# इंटर कॉलेज परिसर में अवैध कटान का बड़ा मामला उजागर

## प्रबंध समिति पर पेड़ बेचकर लाभ कमाने का आरोप, सीएम को भेजा गया शिकायती पत्र

■ हरे-भरे पेड़ों पर रातों-रात चली कुल्हाड़ी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** शहर के प्रतिष्ठित पिकेट इंटर कॉलेज में हरी भरी पेड़ों की अवैध कटान को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। मिशन कम्पाउंड के निवासियों ने कॉलेज की प्रबंध समिति पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि परिसर में लगे लाखों रुपये मूल्य के दर्जनों पेड़ चोरी-छिपे काटकर बेचे गए, जिससे निजी आर्थिक लाभ कमाया गया।

स्थानीय लोगों में गहरा रोष, सरकार की पर्यावरण योजनाओं को पहुंचा आघात शिकायत कर्ता नागरिकों ने कहा कि एक ओर केंद्र और राज्य सरकार हरे भरे पौधे लगाने, हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, जबकि दूसरी ओर कॉलेज प्रशासन ही सरकारी नियमों और पर्यावरण कानूनों की धज्जियाँ उड़ा रहा है। निवासियों ने आरोप लगाया कि कटान पूरी तरह अवैध है, क्योंकि किसी भी स्तर पर न तो वन विभाग से अनुमति ली गई और न ही संबंधित विभागों को सूचना दी गई। मामले ने तब तूल पकड़ा जब लोगों ने देखा कि कॉलेज परिसर में लगे पुराने, बड़े और छायादार पेड़ रातों-रात काटे जा चुके हैं और केवल उनकी जड़ें ही बची हैं।



### सीएम योगी आदित्यनाथ समेत कई अधिकारियों को भेजी शिकायत

मिशन कम्पाउंड निवासी धर्ममसी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा जिलाधिकारी, खतौली एसडीएम, जिला विद्यालय निरीक्षक व वन विभाग के रेंजर को शिकायती पत्र भेजकर पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि कॉलेज की प्रबंध समिति ने जानबूझकर पेड़ों को कटवाकर लकड़ी बेचने का काम किया, कटे हुए पेड़ों की बाजार कीमत लाखों रुपये है, कटान का काम रात के समय जल्दीबाजी में किया गया, पेड़ काटने में शामिल व्यक्तियों और जिम्मेदार अधिकारियों की जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए।

### प्रधानाचार्य ने पेड़ कटान की बात स्वीकार की, लेकिन जिम्मेदारी से कन्नी काटी

जब कॉलेज के प्रधानाचार्य हर्बर्ट से इस बारे में बातचीत की गई, तो उन्होंने स्वीकार किया कि परिसर में 8ख्र10 पेड़ कटे हैं। उन्होंने बताया कि इनमें से तीन पेड़ अपने आप गिर गए थे, बाकी पेड़ों को काटा गया है, लेकिन किसने और क्यों काटा इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। प्रधानाचार्य का यह बयान स्थानीय निवासियों की शंका को और गहरा करता है। लोग कह रहे हैं कि प्रबंधन की अनुमति के बिना कोई इतना बड़ा काम नहीं कर सकता और न ही इतने बड़े पेड़ रातों-रात अपने आप काटे जा सकते हैं।

### स्थानीय निवासियों ने जताई नाराजगी

निवासियों का कहना है कि कॉलेज परिसर वर्षों से हरियाली से भरा हुआ था और बड़ी संख्या में छात्रख्रछात्राएं उन्हीं पेड़ों की छाया में बैठकर पढ़ाई करते थे। पेड़ों की कटान से न केवल पर्यावरण को नुकसान हुआ है बल्कि स्कूल की सुंदरता और शीतल वातावरण भी नष्ट हो गया। लोगों ने मांग की है कि वन विभाग मौके का मुआयना करे, कटे पेड़ों के ठूंठों की जांच कर उनकी संख्या व उम्र पता करे, लकड़ी की बिक्री के लेनख्रदेन और संभावित भ्रष्टाचार का वित्तीय ऑडिट कराया जाए, दोषियों पर महत्वपूर्ण धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए।

# बाइक-ट्रैक्टर भिड़ंत, घिस्सुखेड़ा झाल पर दो युवक गंभीर घायल, अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** क्षेत्र में घिस्सुखेड़ा झाल पर एक बाइक और ट्रैक्टर की टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना चरथावल कस्बे के घिस्सुखेड़ा झाल के पास हुई, जहाँ एक अनियंत्रित बाइक ट्रैक्टर से जा टकराई। हादसे के बाद, एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को चरथावल सीएचसी ले जाया गया।घायलों की पहचान चरथावल निवासी फरहान पुत्र बबलू और बागपत जिले के दोसपुर निवासी सहरयाब पुत्र सलीम के रूप में हुई है। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए, चरथावल सीएचसी से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।सूचना मिलने पर नगर पंचायत अध्यक्ष भी सीएचसी पहुंचे। चरथावल थाना प्रभारी सत्यनारायण दहिया ने बताया कि सड़क हादसे में दो युवक घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नगर पंचायत चेयरमेन मास्टर इस्लाम का जनसेवा मे नहीं हे कोई तोड़

घायलों को चेयरमेन द्वारा अपनी गाड़ी से ले जाया गया मुज़फ्फरनगर इलाज के लिए जिसकी सभी क्षेत्रवासी कर रहे हे सराहना

# एनएच-58 पर बढ़ते हादसों को लेकर नेशनल हाईवे की टीम ने किया निरीक्षण

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** दिल्ली-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-58) पर लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। इसी को देखते हुए गुरुवार को खतौली सीओ राम आशीष यादव, एसपी ट्रैफिक और एआरटीओ की संयुक्त टीम ने हाईवे के विभिन्न ब्लैक स्पॉट्स का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मौके पर ही सुरक्षा मानकों को मजबूत करने और लाप. रवाही पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान टीम ने ओवरस्पीडिंग, गलत दिशा में वाहन चलाना, अंधे मोड़ों की स्थिति, क्षतिग्रस्त संकेतक, अवैध कट, अव्यवस्थित ट्रैफिक और अतिक्रमण जैसे मुद्दों पर विस्तार से समीक्षा की। अधिकारियों का कहना था कि अत्यधिक व्यस्त एनएच-58 पर एक छोटी चूक भी बड़े हादसे में बदल सकती है, इसलिए सड़क सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन अनिवार्य है। सीओ खतौली ने बताया कि हाईवे पर पुलिस गश्त को और बढ़ाया जाएगा, खासकर रात्रि समय में। प्रशासन ने ब्लैक स्पॉट्स पर रिफ्लेक्टर, चेतावनी बोर्ड और आवश्यक साइनेज लगाने की तैयारी कर ली है। वहीं स्पीड मॉनिटरिंग के लिए हाई-टेक कैमरे स्थापित किए जाएंगे। ओवरलोड और रॉन्ग साइड ड्राइविंग वाले वाहनों पर विशेष अभियान चलाने के भी निर्देश दिए गए हैं। हाईवे पर मौजूद अवैध कट और अतिक्रमण को हटाने की प्रक्रिया तेज होगी। इसके साथ ही हाईवे किनारे बनी पुरानी पुलिस चौकियों पर पुन: पुलिस बल की तैनाती की योजना है। हर दुर्घटना की गहन जांच के लिए संयुक्त टीम गठित की जाएगी, ताकि कारणों का विश्लेषण कर समय रहते सुधार



किए जा सकें। सीओ राम आशीष यादव ने कहा कि एनएच-58 पर ट्रैफिक दबाव लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में सड़क ढांचा सुधारने और सुरक्षा उपायों को जमीन पर उतारना बेहद जरूरी है। सभी विभागों को चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# छठे दिन भी नहीं लगा अपहृत नौकर का सुराग

■ आरोपी ढूंढने के बजाए खेतों में कर रहा काम

**बुढ़ाना।** पुलिस ने जिस युवक को नौकर के अपहरण के आरोप में पकडा था उसे पुलिस ने यह कहकर छोड़ दिया था कि वह अप]त नौकर की तलाश करेगा लेकिन मजेदार बात ये है कि आरोपी अपहृत नौकर को ढूंढने की बजाए अपने खेतों में बेफिक्र होकर काम कर रहा है। जिसके बृहस्पतिवार को ग्रामीणों के द्वारा खेतों में काम करते हुए के फोटो खींचकर वारयल कर दिए गये। जिसमें पुलिस की कार्यप्रणाली संदिग्ध दिखाई पड़ रही है। अब अप]त नौकर कहां है किस हालत में है इससे पुलिस को कोई मतलब नहीं है। उधर अपहरण की शिकायत करने वाले गौरक्षक से कहा जा रहा है कि वह अपहरण की बजाए गुमशुदगी की तहरीर दे लेकिन गौरक्षक ने साफ मना कर दिया है और लखनऊ जाने का मन बनाया है। जहां वह मुख्यमंत्री योगी से अपहृत नौकर की सकुशल बरामदगी की मांग करेगा। कालू पुत्र किशन लाल निवासी गांव अहीर भगोला, मुढांवर, अलवर, राजस्थान बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांवघ परासौली निवासी राजेश शर्मा के यहां नौकरी करता था। आरोप के मुताबिक राजेश ने नौकर कल्लू को दो वर्षों से बंधक के रुप में रखा हुआ था और उसका वेतन भी नहीं दे रहा था। वह उसे पहने हुए एक जोड़ी कपड़े में ही रखता आ रहा था और उसके संग मारपीट करता था।घ बीते 5 दिसम्बर को नौकर किसी तरह मौका पाकर परासौली माधवघ गौशाला में आ गया और गौशाला संचालक गौरक्षक छोटा सैनी कोघ रोकर अपनी आपबीती बताई। तब छोटा सैनी कुछ ग्रामीणों संग नौकर को लेकर परासौली चौकी पर पहुंचि और पुलिस से आरोपी राज. ेश से नौकर कल्लू के नौकरी के एक लाख 68 हजार रुपये दिलाने की मांग की। पुलिस ने सबको चौकी से ये कहकर टरका दिया कि वे आरोपी से बात करेंगे अब आप इसे ले जाओ। तब नौकर गौशाला में आ गया लेकिन अगले दिन गौशाला में मौजूद नौकर का कार में एक महिला के साथ आए कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया यह बात आसपास के लोगों ने गौरक्षक छोटा सैनी को फोन पर बताई। छोटा सैनी गौशाला में नहीं थे। वे नौकर के गर्म कपड़े व अन्य सामान लेने बुढ़ाना आए थे। गौशाला में आकर नौकर के अपहरण की सूचना गौरक्षक छोटा सैनी ने डायल नंबर 112 को दी तो तुरंत पुलिस मौके पर आई और तहरीर लेकर अगले दिन आरोपी राजेश को हिरासत में ले लिया लेकिन पुलिस ने आरोपी को ये कहकर छोड़ दिया कि वो नौकर को तलाश करे लेकिन आरोपी नौकर को तलाश करने के बजाए बैखोफ होकर अपने खेतों में काम कर रहा है। जिसके कई फोटो आज ग्रामीणों ने खेत में ट्रेक्टर ले जाते हुए के खींचकर वारयल कर दिए। जिसे लेकर गौ रक्षक छोटा सैनी ने चेतावनी दी कि अगर पुलिस ने नौकर को 24 घंटे में बरामद न किया तो वह लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी से बुढाना पुलिस की शिकायत कर नौकर कालू की सकुशल बरामदगी की मांग करेगा।

# सांसद हरेंद्र मलिक ने रेलवे स्टॉपेज और लाइन विस्तार का मुद्दा उठाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** सांसद हरेंद्र मलिक ने लोकसभा में दौराला, सकौती, खतौली, मंसूरपुर और रो. हना रेलवे स्टेशनों पर कोरोना काल में बंद हुए ट्रेन स्टॉपेज को पुन: शुरू कराने तथा रेलवे लाइन विस्तार से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाया।?

# जौला में कैंप लगाकर बनवाए आयुष्मान कार्ड

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव जौला में स्थित चौपाल वाले मदरसे में आज बृहस्पतिवार के दिन जौला यूथ क्लब से शाहरुख अहमद के सफल प्रयास से आस्था हक्क्स्पिटल बुढाना के संस्थापक द्वारा फी मेडिकल कैम्प और ओल्ड ऐज के लिये तुरंत कई आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। इस कैंप का उद्घाटन एडवोकेट गुलरेज राणा ने अपने कर कमलों के द्वारा सैंकड़ों लोगों की मौजूदगी फीता काटकर किया और कहा कि इस तरह से भी लोगों की ख़िदमत करना एक इबादत ही है। इस दौरान यहां पर विभिन्न रोगों से परेशान सैंकड़ों ग्रामीणों ने निशुल्क चिकित्सा का लाभ उठाया और भव्य चिकित्सा कैंप की भी जमकर सराहना की।

# बजाज शुगर मिल में लगा नेत्र चिकित्सा शिविर



**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव भसाना में खतौली रोड पर स्थित बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल लिमिटेड में विगत दिवस जनपद मुजफ्फरनगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील तेवतिया के दिशा निर्देश में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दिव्या वर्मा और डीपीएमआई प्रभारी चिकित्सा अधिक. ारी डॉक्टर प्रणव तेवतिया के द्वारा संयुक्त रूप से एक निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के कार्यक्रम का शुभारंभ अपने कर कमलों के द्वारा फीता काटकर किया गया। जिसमें शुगर मिल के समस्त स्टाफ में अधिकारी और कर्मचारियों ने अपनी आंखों की जांच करवाई। इस दौरान यहां पर साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के नेत्र परीक्षण अधिकारी डाक्टर उमंग वास्तव ने मरीजों का अपनी टीम के साथ चौकअप किया और उनको आंख स्वास्थ्य संबंधी टिप्स भी दिए। यहां पर नेत्र रोगियों को दवाई और चश्मे भी वितरित किए गये।

# श्रम विभाग ने 27 बाल श्रमिकों को किया चिन्हित

**शाहपुर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के आदेश अनुसार एवं सहायक श्रम आयुक्त देवेश सिंह के निर्देशन में श्रम परिवर्तन अधिकारी बालेश्वर सिंह श्रम परिवर्तन अधिकारी सुश्री शालू राणा थाना ए एच टी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा संयुक्त टीम बनाकर बाल श्रम अभियान चलाया गया।

जिसमें जनपद मुजफ्फरनगर से शुरुआत करते हुए सुजड़ू शामली बाईपास सांझक गांव तावली गांव हरसोली शाहपुर कस्बा एवं बुढ़ाना कस्बा में 27नाबालिक बच्चों को चिन्हित कर 20 सेवायोजक को के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई जिसमें सेवायोजक तस्लीम स्वीट्स तावली साद होटल बुढ़ाना श्री बालाजी ऑटो सर्विस सेंटर शाहपुर शिव ऑटो सर्विस पार्ट्स शाहपुर खान होटल शाहपुर शांति




होंडा सर्विस सेंटर शाहपुर महादेव ऑटो पार्ट्स बुढ़ाना आदि सेवायोजन के विरूद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लाई गई जिसमें श्रम परिवर्तन अधिकारी बालेश्वर सिंह ने कहा 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे से बाल श्रम कराना कानूनी अपराध है जिसमें बाल श्रम अधि. नियम 1986 के तहत सेवा आयोजक के विरुद्ध जुर्माना 20000 से लेकर 50000 तक या 1 वर्ष कैद या दोनों का भी प्रावधान है इसे प्रचार प्रसार के माध्यम से सभी को जागरूक किया

# द एसडी पब्लिक स्कूल में विशेष प्रार्थना सभा में पहुंचे कपिल

**मुजफ्फरनगर।** द्वारिका सिटी स्थित द0 एस0 डी0 पब्लिक स्कूल में एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक प्रात:सभा का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कौशल विकास एवं व्यावसायिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)कपिल देव अग्रवाल ने अपने सारगर्भित विचारों से विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

मंत्री ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को भारतीय निर्वाचन प्रणाली, मतदाता सूची, चुनाव आचार संहिता, मतदान प्रक्रिया जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भारत विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में तभी सफल रह सकता है, जब देश के नागरिक, विशेषकर युवा,जिम्मेदार, जागरूक और भागीदारीपूर्ण सोच अपनाएँ।उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया कि वे अपने अभिभावकों को समय से ैप्फॉर्म तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज पूर्ण करने हेतु सजग करें, क्योंकि यही एक जिम्मेदार परिवार और जागरूक समाज की पहचान है।




कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल मतदान के महत्व को समझाना था, बल्कि विद्यार्थियों में यह बोध भी जगाना था कि हर मत की कीमत है, हर नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है, और हर निर्णय भविष्य की दिशा तय करता है।

विद्यालय की निदेशिका चंचल सक्सेना जी ने विद्यार्थियों को संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों, नागरिक अनुशासन, जनहितकारी सोच तथा समाज-सेवा के आदर्शों से अवगत कराया। प्रधानाचार्या नीलम महना ने बताया कि आधुनिक शिक्षा केवल अकादमिक विकास तक सीमित नहीं, बल्कि यह छात्रों को सक्रिय लोकतांत्रिक सहभागिता, नैतिक मूल्यों, सामाजिक संवे. दनशीलता एवं राष्ट्रीय चेतना से भी जोड़ती है। यह विशेष सभा विद्यार्थियों के लिए एक जीवंत सीख, एक सार्थक अनुभव और एक प्रेरक मंच सिद्ध हुई, जिसने उनमें राष्ट्र के प्रति कर्तव्यभाव, सामाजिक जिम्मेदारी और लोकतंत्र की शक्तिशाली भूमिका को गहराई से समझने का भाव उत्पन्न किया।

# किसानों ने कही दिल की बात, अब चीनी मिलें नहीं लटका सकतीं हमारा भुगतान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पश्चिम उत्तर प्रदेश के चार जनपदों में कृषि चौपाल का आखिरी पड़ाव गुरुवार को दाहोड गांव में रहा। इसमें 350 से अधिक किसानों ने किया। कृषि चौपाल का आयोजन भी किसानों ने किया और इसमें भागीदारी भी किसानों की ही रही। गन्ना खेतों के पास बैठकर किसानों ने अपनी बातें कहीं और योगी सरकार के निर्णयों के कारण जीवन में आए सकारात्मक बदलाव पर भी विस्तृत चर्चा की।

किसानों ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के हाथों में जबसे उत्तर प्रदेश आया है, तबसे महिलाएं, किसान, युवा, बुजुर्ग सभी सुरक्षित हैं और अपराधी प्रदेश छोड़कर जा रहे हैं। अब हर जनपदों में समान रूप से बिजली आपूर्ति भी होती है। लघु-सीमांत किसानों का ध्यान रखा जा रहा है। निजी नलकूप वाले किसानों को बड़ी राहत दी गई। फसल चोरी और बिचौलियों का राज समाप्त हो गया। गन्ना मूल्य में 30 रुपये की ऐतिहासिक वृद्धि भी हुई। फसल का उचित दाम और जल्द भुगतान होने पर मुजफ्फरनगर के किसानों ने योगी सरकार के प्रति आभार जताया।

**योगी सरकार ने गन्ना मूल्य में की ३० रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि**

किसानों ने गन्ना मूल्य में 30 रुपये की वृद्धि करने पर योगी सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। योगी सरकार ने पेराई सत्र 2025-26 में गन्ने की अगेती प्रजाति का मूल्य 370 से बढ़ाकर 400 रुपये और सामान्य प्रजाति का 360 रुपये से 390 रुपये प्रति क्विंटल किया। इस वृद्धि से गन्ना किसानों को 3000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान हो रहा है। 30 रुपये प्रति कुंतल की इस वृद्धि ने किसानों को बड़ी राहत दी।

**अपनी फसल से परिवार को समृद्ध कर रहा किसान**

चित्तौड़ा के प्रधान सुभाष ने कहा कि 2017 के बाद से उत्तर प्रदेश में हर किसान के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। निजी नलकूप से जुड़े अन्नदाता किसानों को योगी सरकार ने बिजली बिल में छूट देकर बड़ी राहत दी। अब फसल चोरी बंद हो गई। सभी जनपदों में समान रूप से बिजली आ रही है, जिस कारण किसानों के लिए खेती मुनाफे का सौदा हो गया है। अब किसान आत्महत्या नहीं करता, बल्कि अपनी मेहनत के कारण लहलहाती फसल से परिवार को समृ) कर रहा है। समय से भुगतान कर रही चीनी मिल, पूरे मुजफ्फरनगर से मुख्यमंत्री जी का आभार

किसान कदम सिंह ने कहा कि योगी सरकार ने गरीब किसानों के चेहरे पर मुस्कान लाया है। चीनी मिलों की मनमानी गुजरे जमाने की बात हो गई। चीनी मिलों पर सरकार की पूरी निगरानी है। अब चीनी मिलें गन्ना भुगतान में देरी नहीं कर सकतीं। प्रदेश सरकार के ध्यान देने से गन्ना किसानों को बड़ी राहत मिली है। अन्नदाता समृ) रहेगा तो हर घर में खुशहाली आएगी। गन्ना मूल्य बढ़ाने के लिए मुजफ्फरनगर की ओर से माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार।

**कानून का राज और किसानों को मिली सुरक्षा**

किसान विनोद कुमार देशवाल ने कहा कि 2017 के बाद से उत्तर प्रदेश में कानून का राज है। अपराधियों ने अपराध छोड़ दिया या प्रदेश से बाहर चले गए। सुख्रढ़ कानून व्यवस्था ने सभी प्रदेशवासियों के जीवन में बड़ा बदलाव लाया। इसकी बदौलत हर वर्ग में खुशहाली है। खुशहाल इंसान और किसान, प्रदेश की समृद्धि में अपना अमूल्य योगदान दे पा रहा है तो इसका श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जाता है।

कृषि चौपाल में गदनपुर के प्रधान योगेंदर, किसान प्रदीप राणा, राज. कुमार, सुंदर पाल, अनूप सिंह, सतेंद्र कुमार, गोपाल सिंह, अजय सिंह, सतीश कुमार, ज्ञानेंद्र कुमार दीक्षित, गजेंद्र सिंह, अनिल चौहान आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कई दरोगाओं का हुआ ट्रांसफर

**चरथावल।** थाना चरथावल के कई चौकी प्रभारी प्रभावित हुए हैं। इनमें लगभग दो साल से कुटेसरा चौकी पर तैनात सब इंस्पेक्टर अमित कुमार का स्थानांतरण भी शामिल है। जारी सूची के अनुसार, सब इंस्पेक्टर अमित कुमार को कुटेसरा चौकी से हटाकर थाना खतौली की भैंसी चौकी भेजा गया है। भैंसी चौकी से नंदकिशोर शर्मा को कुटेसरा चौकी का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त, बिरालसी चौकी प्रभारी संजय तोमर को सिविल लाइन थाने स्थानांतरित किया गया है। थाना शाहपुर से कुलदीप सिंह परिहार को बिरालसी चौकी का नया प्रभारी बनाया गया है। चरथावल कस्बा चौकी प्रभारी तेजवीर सिंह को थाना महिला भेजा गया है। एक विशेष मामले में, थाना चरथावल में तैनात सब इंस्पेक्टर राजेश शर्मा को लगातार दूसरी बार इसी थाने में रहते हुए चरथावल कस्बा चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### अवैध शस्त्रों की खरीद फरोख्त करने वाले दो युवक अरेस्ट

**बुढ़ाना।** कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार ने बुढ़ाना कोतवाल सुभाष बाबू अत्री के नेतृत्व में दारोगा छविकांत चौहान की मदद से अवैध शस्त्रों को खरीदने और बैंचने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से तीन तमंचे, एक पोनिया और 3 कारतूस बरामद किए हैं। बुढाना पुलिस को आज मुखबिर से सूचना मिली कि अवैध शस्त्रों की खरीद फरोख्त करने वाले 2 शातिर अभियुक्त बुढ़ाना वाया मंदवाडा मार्ग से आने वाले हैं। सूचना पर बुढाना पुलिस ने सघन चौकिंग अभियान चलाया गया तथा बुढाना वाया मन्दवाडा मार्ग पर ईंट के भट्टे के पास से 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार हुए युवकों में सारिम पुत्र इकराम उर्फ बाबू निवासी मौहल्ला पश्चिम पछाला घ्व फिरोज पुत्र आन मौहम्मद निवासी लुहसाना रोड, सफीपुर पट्टी बुढाना हैं। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हम अवैध शस्त्रों की खरीद फरोख्त का कार्य करते हैं। हम सस्ते दामों में तमंचे व पौनिया खरीदकर लाते हैं तथा उन्हें मांग के आधार पर ऊंचे दामों पर बेचकर अवैध लाभ अर्जित करते हैं। आज हम अवैध शस्त्रों को बेंचने के इरादे से आये थे कि पुलिस द्वारा पकडे गये। पुलिस ने दोनों युवकों को जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में दारोगा गजेंद्र सिंह, हैड कांस्टेबल नीरज त्यागी और सुनील कुमार और कांस्टेबल नकुल सांगवान रहे।

### अकारण मारपीट कर युवक को किया घायल

**बुढ़ाना।** अकारण ही पड़ोसियों ने एक युवक व उसके परिवार के सदस्यों पर अपने परिवार के लोगों के साथ हमला बोल दिया। जिसमें एक पक्ष के कई लोग घायल हो गये। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार सोमीन पुत्र शरीफ निवासी ग्राम उमरपुर ने बताया कि बीती 5 दिसम्बर को वह अपने भाई मांगे के संग अपने घर के पास खड़ा था। उसी समय पडोसी सादिक पुत्र हारून उसके भाई को गालियां देने लगा। जब उसने सादिक को गाली देने से मना किया तो सादिक ने परिवार के सदस्यों को बुलाया। तब रहीस, सादिक पुत्र हारून, हारून पुत्र रहीस और मोहसीना पत्नी रहीस आदि ने मांगे पर जानलेवा हमला कर दिया और मांगे को जबरदस्ती अपने घर में घसीटकर ले गये तथा डंडो व तबल से हमला कर दिया। परिणामस्वरूप मांगे को हत्या की नीयत से सिर में तबल से वार कर दिया। उसकी भाभी नफीसा, भतीजे शाकिर ने उसके भाई को हमलावरों से छुडाने की कोशिश की तो उसके परिवार वालो को भी काफी गम्भीर चोटें आयी। उसके शोर मचाने पर सभी ने पूरे परिवार को हत्या की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### वृद्ध महिला के साथ धोखाधड़ी कर बेटे पर जमीन हड़पने का आरोप

**मीरापुर।** क्षेत्र के ग्राम कासमपुर खोला में एक वृद्ध, अनपढ़ व विधवा महिला के साथ गंभीर धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला सामने आया है। पीड़िता गेन्दी ने अपने पुत्र जितेन्द्र समेत अन्य लोगों पर आरोप लगाते हुए सिविल जज जूनियर डिवीजन कोर्ट नंबर-4 मुजफ्फरनगर में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। अदालत के हस्तक्षेप के बाद मीरापुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है और पुलिस जांच में जुट गई है। महिला के अनुसार, उसके तीन पुत्र, कंवरपाल, जितेन्द्र और सतेन्द्रकृथे। कंवरपाल की मृत्यु के बाद उसके लगभग तीन वर्षीय पुत्र शिवा की देखभाल की जिम्मेदारी भी उसी पर है। वहीं तीसरा पुत्र सतेन्द्र मानसिक रूप से कम बुद्धि का है। वृद्ध महिला का आरोप है कि तेज-तर्रार और शातिर प्रवृत्ति वाला पुत्र जितेन्द्र लगातार उस पर दबाव बनाता था। इसी आशंका के चलते उसने 18 मई 2023 को अपनी कृषि भूमि, मकान और चल-अचल संपत्ति नाबालिग शिवा के नाम वसीयत कर दी थी, जिसकी संरक्षिका शिवा की बुआ सुनीता को बनाया गया था। आरोप के अनुसार, 22 सितंबर 2025 को जितेन्द्र अपने साथी सचिन और दीपांशु के साथ उसे राशन कार्ड बनवाने के बहाने तहसील जानसठ ले गया, जहां धोखे से कूटरचित दस्तावेजों पर उसका अंगूठा लगवाकर ग्राम कैलापुर जसमौर स्थित जमीन अपने नाम करा ली। मामले की जानकारी पीड़िता को दो दिन बाद ग्रामीणों से हुई। विरोध पर आरोपियों ने उसे धमकाया भी। 25 सितंबर को मीरापुर थाने में शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई न होने पर प्रार्थीया ने एसएसपी से भी गुहार लगाई। अंतत: अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब पूरे प्रकरण की जांच कर रही है।

### गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रक का चालान

**मीरापुर।** पुलिस द्वारा ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गन्ने से भरे एक ओवरलोड ट्रक का चालान काटा गया। यह कार्रवाई मीरापुर अढे पर चेकिंग के दौरान की गई, जहां पुलिस टीम ने नियमों का उल्लंघन कर रहे ट्रक को रोककर आवश्यक कार्रवाई की।

मीरापुर थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह के निर्देश पर क्षेत्र में लगातार ओवरलोड वाहनों पर निगरानी रखी जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि मीरापुर क्षेत्र से होकर टिकोला शुगर मिल की ओर जाने वाले ट्रक और ट्रैक्टर-ट्राली चालकों को पहले भी कई बार चेतावनी दी गई थी कि ओवरलोड चलना सख्त रूप से प्रतिबंधित है और यह सड़क सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करता है। इसके बावजूद कुछ वाहन चालक नियमों की अनदेखी कर भारी मात्रा में गन्ना लादकर वाहन चलाते पाए जा रहे हैं। आज की कार्रवाई में पुलिस टीम ने एक ऐसे ही ट्रक को पकड़कर चालान किया। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि ओवरलोडिंग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

**अतिक्रमण हटाने को पुलिस कर रही पंचायत टीम का सहयोग**

मीरापुर। पुलिस द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कस्बे के प्रमुख मार्गों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में कार्रवाई की गई। इंस्पेक्टर ओमप्रकाश सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल ने खतौली तिराहा, भूम्मा अढा और बस स्टैंड क्षेत्र में अभियान चलाकर सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटवाया।अभियान के दौरान पुलिस ने फुटपाथ और सड़क पर सामान फैलाकर बैठे फल व्यापारियों को कड़ी फटकार लगाई। कई दुकानदारों द्वारा बनाए गए अवैध ठेले और अतिक्रमण सामग्री को हटाया गया। पुलिस की अचानक कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई और कई लोग तुरंत अपना सामान समेटकर वहां से हटने लगे। इंस्पेक्टर ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि कस्बे की सड़कें अक्सर अवैध अतिक्रमण के कारण जाम की समस्या से जूझती रहती हैं, जिसको देखते हुए पुलिस ने सख्त कदम उठाए हैं। उन्होंने साफ कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोबारा अतिक्रमण करते पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान कस्बा इंचार्ज ओमेंद्र सिंह, एंटी रोमियो प्रभारी ममता अत्री, एसआई आनंद, एसआई दीपक शर्मा, कांस्टेबल सचिन सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। पुलिस की इस कार्रवाई से आम जनता ने राहत की सांस ली।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अवैध मिट्टी खनन पर छापा, जेसीबी व दो ट्रैक्टर-ट्रालियां जब्त



जगनपुर जंगल में चल रहा था अवैध मिट्टी खनन का काला कारोबार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन पर नकेल कसते हुए तहसील प्रशासन ने बुधवार देर रात बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। गांव जगनपुर के जंगल क्षेत्र में बिना अनुमति चल रहे मिट्टी खनन की सूचना पर नायब तहसीलदार सतीश यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, जहां जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर-ट्रालियां मिट्टी कटान में लिप्त पाई गईं। जिनको प्रशासनिक टीम ने जब्त कर लिया।

बुधवार की देर रात की गई इस छापेमारी में प्रशासनिक टीम ने दो ट्रैक्टर-ट्रालियों और एक जेसीबी मशीन को कब्जे में लिया। सभी वाहनों को कोतवाली लाकर खड़ा कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार खनन माफियाओं पर सख्त कानूनन कार्रवाई की तैयारी की जा रही है, साथ ही वाहन मालिकों की पहचान कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

ग्राम क्षेत्र में लंबे समय से अवैध मिट्टी खनन की शिकायतें मिल रही थीं। प्रशासन की अचानक दबिश से अवैध खनन कराने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

नायब तहसीलदार सतीश यादव ने बताया कि मिट्टी खनन से पकड़े गए दो ट्रैक्टर ट्रालियों व एक जेसीबी मशीन को पकड़ा गया है। सभी वाहनों को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

## शराब की तस्करी कर रहा पुलिस ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** बुधवार की रात्रि पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के किवाना मार्ग स्थित ईंट भट्टे के समीप एक व्यक्ति देशी शराब की तस्करी कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति को प्लास्टिक के कट्टे सहित पकड़ लिया। तलाशी लेने पर 45 पाउच लगभग 9 लीटर देशी शराब बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम संजीव पुत्र चेनपाल निवासी ग्राम मतनावली बताया। गुरुवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल कठोर कैद व 60 हजार जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के मामले में पॉक्सो विशेष अदालत ने गुरुवार को कड़ा रुख अपनाते हुए आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास और 60 हजार रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। आरोपी ने तमंचे के बल पर किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म किया था और उसकी अश्लील वीडियो बनाकर धमकाया था।

पुलिस अधीक्षक शामली एन पी सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी के तहत आज न्यायालय द्वारा दुष्कर्म के आरोपी को बीस वर्ष के कठोर कारावास व 60 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।उन्होंने बताया कि पीड़ित पक्ष द्वारा 2 फरवरी वर्ष 2020 को कोतवाली कैराना में मुकदमा दर्ज कराया गया था।

शिकायत में आरोप लगाया गया था कि 1 नवंबर वर्ष 2019 की रात परिवार के सोने के दौरान ग्राम भूरा निवासी शुभम पुत्र नाथीराम घर में घुस आया और तमंचे के बल पर 14 वर्षीय नाबालिग को अगवा कर ले गया। आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया और घटना का वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी दी।पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। विवेचक द्वारा जांच पूरी करते हुए आरोप-पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। अभियोजन पक्ष ने अपने पक्ष को मजबूत करने के लिए छह गवाहों को अदालत में पेश किया।

मामला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पॉक्सो विशेष सीमा वर्मा की अदालत में विचाराधीन था। सभी साक्ष्यों, पत्रावलियों एवं अधिवक्ताओं के तर्कों पर गौर करने के बाद अदालत ने आरोपी शुभम को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष का कठोर कारावास और 60 हजार रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अदालत ने यह भी आदेश दिया कि अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में आरोपी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## एक नजर

### अधिवक्ताओं का धरना जारी, नतीजा शून्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील में ग्राम न्यायालय को लेकर अधिवक्ता लंबे समय से मांग कर रहे हैं लेकिन भूमि उपलब्ध न होने के कारण अधिवक्ताओं की मांग पूरी नहीं हो पा रही है जिसे लेकर 31वें दिन भी अधिवक्ताओं ने अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रही। तहसील में ग्राम न्यायालय की स्थापना को लेकर अधिवक्ता लगातार आंदोलन कर रहे हैं। तहसील बार एसोसिएशन के आह्वान पर अधिवक्ता 31 दिन से हड़ताल कर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन ग्राम न्यायालय को अस्थाई रूप से चलाने की अनुमति नहीं दी जा रही है जब तक तहसील कार्यालय में ग्राम न्यायालय की स्थापना नहीं होती तब तक आंदोलन जारी रहेगा।धरना प्रदर्शन में अजीत सिंह, अनुज वशिष्ठ,अमित सरोहा,तसव्वर, वाजिद शाह, भारत चौहान, अमन ठाकुर, सारिक चौधरी ,नाहिद चौहान, मुजम्मिल राव, अनस तोमर, दिनेश, संगीत, रवि, दीपक कुमार , हरविंदर आर्य ,अजेंद्र सिंह, रवि सिरोही,आदि शामिल रहे।

### तहसील बार एसो. एल्डर कमेटी के अध्यक्ष बने शादाब खान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील बार एसोसिएशन चुनाव के लिए एल्डर कमेटी का गठन किया गया है जिसमें शादाब खान को अध्यक्ष राहुल कुमार व अजीत सिंह को सदस्य बनाया गया है एल्डर कमेटी के अध्यक्ष शादाब खान ने बताया कि सभी सदस्यों को वार्षिक शुल्क जमा करने के निर्देश दिए गए हैं शीघ्र चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी

### घर के बाहर से किशोर लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के बाईपास मार्ग से एक किशोर घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया पीड़ित परिजनों ने थाने पहुंचकर गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई है। पुलिस तलाश में जुटी हुई है। कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी व्यक्ति गुलाम रसूल ने बताया कि उसका 13 वर्षीय पुत्र जोयफ विगत 9 दिसंबर को घर के बाहर खेल रहा था। खेलते समय उसका पुत्र संदिग्ध परिस्थितियों में कहीं लापता हो गया। आसपास के स्थानों सहित रिश्तेदारियों में पता करने के बाद भी उसका कहीं भी सुराग नहीं लगा। गुरुवार को पीड़ित पिता ने अपने परिजनों के साथ थाने पर पहुंचकर गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराते हुए अपने लापता पुत्र को बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति को आश्वासन देते हुए लापता किशोर की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि गुमशुदगी की सूचना मिली है, जल्दी किशोर को बरामद कर लिया जाएगा।

### भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती धूमधाम से मनाने की तैयारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कान्धला।** क्षेत्र के किसान ढाबे पर राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं और किसानों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत सदस्य अरविन्द पंवार ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी किसानों के मसीहा, भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 123 वीं जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी।उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि 23 दिसंबर को बस स्टैंड कान्धला स्थित चौधरी साहब की मूर्ति पार्क में सुबह 9 बजे यज्ञ-हवन का आयोजन होगा। इसके बाद चौधरी साहब के जीवन, उनकी किसान नीतियों और विचारधारा पर विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी। साथ ही 51 गरीब व जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल वितरण करने का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है।बैठक में मौजूद सभी लोगों ने जयंती कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाने पर सहमति जताई। साथ ही क्षेत्र के लोगों से 23 दिसंबर को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की गई।बैठक में सेवा राम, अशोक, पप्पू पंवार, सोमपाल पंवार, जय कुमार, रूपेश, देवेंद्र डायरेक्टर, दुष्यंत, कपिल, उपेन्द्र सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नाबालिग को ले जाने वाला पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने के मामलें में वाछिंत एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। गत 6 दिसंबर को थाना आदर्शमंडी पर लिखित तहरीर देकर परिजनों ने मुकदमा दर्ज कराया था। गुरूवार को एसपी के आदेश पर चलाए गए चेकिंग अभियान में थाना आदर्शमंडी पुलिस ने नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने के मामलें में वाछिंत अभियुक्त रोहित पुत्र रणवीर निवासी गढी हसनपुर को गिरफ्तार किया गया।

### गाइड्स ने कैंप बनाकर लिया प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कैराना के आर्य कन्या इंटर कॉलेज में गुरूवार से गाइड कैंप का शुभारंभ हुआ। कैंप के प्रथम दिन विद्यालय की प्रधानाचार्या रेणु देवी द्वारा ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कैंप में प्रशिक्षक के रूप में जिला संगठन आयुक्त गीता रानी ने उपस्थित सभी गाइड्स को ध्वज शिष्टाचार, स्काउट-गाइड का इतिहास, नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना तथा झंडा-गीत आदि के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को अनुशासन, सेवा और नेतृत्व के मूल सिद्धांतों से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गाइड कैप्टन प्रीति वर्मा एवं विद्यालय के समस्त अध्यापकों का विशेष सहयोग रहा। कैंप के आगामी दिनों में भी विभिन्न गतिविधियों और प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया जाएगा।





# मौसम ने ली करवट, कोहरा भी उतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरुवार तड़के मौसम ने अचानक करवट ली और पूरे जिले में घना कोहरा छा गया। कोहरे की मोटी चादर के चलते सुबह के समय दृश्यता काफी कम हो गई, जिससे शहर की मुख्य सड़कों से लेकर ग्रामीण मार्गों तक वाहन रेंगते हुए चलते दिखाई दिए। कोहरे की वजह से कई स्थानों पर वाहन चालकों को हेडलाइट और इंडिकेटर जलाकर सावधानीपूर्वक गुजरना पड़ा।


गुरूवार को मौसम को अधिकतम तापमान 23 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। सुबह के समय पड़ी ठिठुरन ने लोगों को गर्म कपड़ों में दुबकने पर मजबूर कर दिया।

स्कूल जाने वाले बच्चों, कार्यालय आने-जाने वालों और राहगीरों को कोहरे और कड़ाके की सर्दी का दोहरा सामना करना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों में धुंध के कारण किसान भी खेतों तक देरी से पहुंचे।

दिन चढ़ने के साथ धूप तो निकली, लेकिन उसमें गर्माहट बिल्कुल नहीं थी। हल्की धूप के बावजूद सर्द हवा लगातार चलती रही, जिससे ठिठुरन कम होने की बजाय और बढ़ गई। दोपहर के समय भी लोग अलाव, हीटर और गर्म पेयों का सहारा लेते दिखाई दिए। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ और रात में तेज ठंडे बयारों के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। अगले कुछ दिनों तक सुबह-शाम कोहरा और ठंड का प्रभाव इसी तरह बना रहने की संभावना जताई गई है। अचानक बढ़ी ठंड से जनजीवन प्रभावित हो रहा है और लोग मौसम में आए बदलाव को लेकर सतर्कता बरत रहे हैं।

## पेशी पर आया कैदी हुआ बीमार, वापस जेल भेजा गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** बृहस्पतिवार की सुबह पुलिस टीम कैदी विजय उर्फ वंश पुत्र सुंदर, निवासी ग्राम सरूरपुर, जनपद बागपत को कैदी वाहन द्वारा कैराना स्थित न्यायालय में पेशी पर लेकर आई थी। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पेशी पूरी होने के बाद जैसे ही पुलिसकर्मी उसे वापस कैदी वाहन के पास लेकर पहुंचे, तभी विजय को चक्कर आने लगे और वह अचानक जमीन पर बैठ गया। उसकी सांस फूलने लगी और शरीर में कमजोरी बढ़ती देख पुलिस टीम ने बिना देर किए उसे सीएचसी कैराना पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने तत्काल प्राथमिक उपचार प्रदान किया। कुछ देर की जांच के बाद डॉक्टरों ने बताया कि कैदी की स्थिति फिलहाल ठीक है और उपचार के बाद उसे डिस्चार्ज किया जा सकता है। इसके बाद पुलिस टीम ने आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करते हुए विजय को पुन: जिला कारागार मुजफ्फरनगर के लिए रवाना कर दिया। अचानक बिगड़ी तबीयत के मामले को लेकर न्यायालय परिसर में कुछ देर तक हलचल बनी रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कैदी की सेहत पर लगातार नजर रखी जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर दोबारा चिकित्सकीय परीक्षण कराया जाएगा।

# चौसाना में शराबियों के हौंसले बुलंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चौसाना।** क्षेत्र में नशे का जहर तेजी से फैल रहा है। गांवों में कच्ची शराब, भांग और स्मैक का धंधा खुलेआम चलने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। प्रशासनिक कार्रवाई के अभाव में नशा बेचने वालो के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायतें करने के बाद भी ठोस कदम न उठाए जाने से हालात दिन-ब-दिन बिगड़ते जा रहे हैं। ताजा मामला चौसाना क्षेत्र के खोडसमा का है, जहां अवैध शराब और गांजा बेचने वाले एक व्यक्ति की वजह से गांव पूरी तरह त्रस्त है। ग्रामीणों ने कई बार चौसाना चौकी पर शिकायत दी, लेकिन कोई सख्त कार्रवाई न होने से उसने अपना धंधा और तेज कर दिया। मंगलवार की रात शराब पीकर पहुंचे मनचलों ने ग्रामीण सोमपाल के घेर में बने मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसते हुए तोड़फोड़ कर दी। सुबह जब ग्रामीणों ने यह देखा और शराब बेचने वाले से बात की तो उसने उल्टा पीड़ित को धमकी देते हुए कहाकू तुमसे जो होता हो कर लो, मैं तो ऐसे ही बेचूंगा। सोमपाल ने इस संबंध में चौसाना चौकी पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बुधवार रात ग्राम प्रधान विनोद कुमार के मकान में शराब के नशे में धुत कुछ युवकों ने ट्रैक्टर घुसा दिया। जोरदार टक्कर से मकान का एक हिस्सा गिर गया। संयोग रहा कि अंदर सो रहा परिवार बाल-बाल बच गया। आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शराबियों से पूछा तो उन्होंने प्रधान को भी धमकी दे डाली। ग्राम प्रधान विनोद कुमार का कहना है कि गांव में अवैध नशे का कारोबार युवाओं को बर्बाद कर रहा है। कई बार शिकायत देने के बाद भी कार्रवाई न होने से तस्कर बेखौफ हैं। उन्होंने बताया कि अब वे एसपी शामली से मिलकर पूरे प्रकरण की शिकायत करेंगे। वहीं चौकी प्रभारी संदीप कुमार का कहना है कि तहरीर मिलते ही दबिश दी गई, लेकिन आरोपी मौके पर नहीं मिला। उन्होंने कहा कि मामले में जल्द कार्रवाई की जाएगी।

## क्षेत्र में बढ़ता नशा बना चिंता का कारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना व आसपास के गांवों में नशे का कारोबार तेजी से फैल रहा है। कच्ची शराब, भांग, स्मैक और अन्य नशीले पदार्थ खुलेआम बिक रहे हैं, जिससे युवा पीढ़ी तेजी से नशे के दलदल में फंसती जा रही है। ग्रामीण कई बार शिकायतें कर चुके हैं, लेकिन प्रभावी कार्रवाई न होने से तस्करों के हौसले बुलंद हैं। लगातार बढ़ रहे मामलों से गांवों में भय व असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

# डी-सैन्ट स्कूल में वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** डी-सैन्ट स्कूल में बृहस्पतिवार को त्रिदिवसीय वार्षिक क्रीडा महोत्सव का शुभारंभ किया गया। राज्य स्तर वॉलीबॉल खिलाड़ी शिवम, विशाल, विनीत और सावन ने ओलंपिक मशाल दौड़ निकालकर खेल महोत्सव का आगाज किया।

म्यूजिक चेयर रेस में अक्षित प्रथम, वंश द्वितीय, कार्तिक तृतीय एलकेजी में सागर प्रथम, रिया द्वितीय, कार्तिक तृतीय यूकेजी में कार्तिक प्रथम, अनोखी द्वितीय, नक्श तृतीय तथा कक्षा 1 सावन प्रथम, शिवांगी द्वितीय, असद तृतीय रहे। बैक बॉल थ्रो में कक्षा 2 के राघव प्रथम, समीर द्वितीय, असद तृतीय कक्षा 3 के लक्ष्वी प्रथम, शौर्य द्वितीय, अभी तृतीय रहे।

स्पून फ्लावर रेस में कक्षा 4 के लविंग प्रथम, हानिया द्वितीय, अगम्य तृतीय रहे।





कक्षा 5 में प्रिंस प्रथम, देव द्वितीय, परिधि तृतीय वन लैग रेस में कक्षा 6 के जीशान प्रथम, अल्तमस द्वितीय, उर्वरक तृतीय रहे। कक्षा 7 में आर्यन प्रथम, वंश द्वितीय, अक्षित तृतीय रहे। कक्षा 8 में वैभव प्रथम, शिवानी द्वितीय, मंजोत तृतीय रहे। कबड्डी प्रतियोगिता के प्रथम चरण में चरण सिंह हाउस ने सुभाष हाउस को 32-29 से कड़े मुकाबले में पराजित किया। दूसरा मुकाबला गांधी हाउस और नेहरू हाउस के बीच हुआ, जिसमें खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कोतवाल विरेन्द्र कसाना ने फीता काटकर और मशाल प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता का संचालन अध्यापक दिनेश चंद्र शर्मा एवं प्रवीण कुमार ने किया। निर्णायक मंडल में दीपक खैवाल और सत्यवीर सिंह शामिल रहे। फोटोग्राफी का कार्य विक्रांत कुमार और मानसी ने संभाला। संगीत संचालन निकिता उपाध्याय ने किया, जबकि रिकॉर्ड संकलन की जिम्मेदारी ललिता शर्मा ने निभाई।

## भव्य रजाई वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**शामली।** कड़ाके की ठंड के बीच लायंस क्लब शामली क्राउन द्वारा गुरुवार को अग्रसेन पार्क में द्वितीय भव्य रजाई वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए 120 गरीब, असहाय एवं वयोवृद्ध लोगों को रजाइयां वितरित कीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रसन्न चौधरी ने क्लब की पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज को मजबूत बनाने के लिए ऐसे सेवा कार्य अत्यंत आवश्यक हैं। वहीं सीडीओ विनय तिवारी ने कहा कि प्रशासन व सामाजिक संगठनों का संयुक्त प्रयास ही वास्तविक परिवर्तन ला सकता है। विशिष्ट अतिथियों में कुशांक चौहान, अध्यक्ष गौरव मित्तल, सुनील गोयल, दुर्गेश नामदेव, बलेश नामदेव, शिशिर जैन, कपिल जैन, मनोज मित्तल,आशीष गोयल, तरुण जैन, संस्थापक अध्यक्ष संजय संगल व पवन बंसल रहे।

# कोहरे के कारण हुए दो हादसे, तीन लोग घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार सवेरे आसमान में छाए घने कोहरे के कारण दो अलग अलग हादसों में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में एक युवक की दशा गंभीर होने के कारण हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

गुरूवार सवेरे झिंझाना क्षेत्र के गांव जमालुपर निवासी शोएब पुत्र दिलशाद अपने गांव के ही दोस्त दीनमोहम्मद पुत्र इकरामुददीन के साथ बाइक पर सवार होकर वेल्डिंग का काम करने के लिए मेरठ जा रहे थे। बताया जाता है कि जब वह टपराना ईदगाह के निकट पहुंचे तो इसी दौरान तेज गति से आ रहे ट्रेक्टर चालक ने लापरवाही दिखाते हुए बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राहगीरों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शोएब की दशा गंभीर होने के कारण हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। वही शहर के मोहल्ला रेलपार निवासी प्रशांत कुमार वर्मा अपनी बाइक पर सवार होकर एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहा था। बताया जाता है कि जब वह एसटी तिराहा चौकी के निकट पहुंचा तो इसी दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## घर के बाहर खेल रहे मासूम को तेज रफ्तार वाहन ने रौंदा, गंभीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** घर के बाहर खेल रहे दो वर्षीय मासूम को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घायल बच्चे को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। गुरुवार दोपहर कैराना क्षेत्र के गांव अलीपुर निवासी दो वर्षीय अदनान पुत्र बलवान अपने घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार आया वाहन उसे टक्कर मारते हुए निकल गया। टक्कर लगते ही मासूम गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। शोर-शराबा सुनकर पहुंचे परिजन तुरंत अदनान को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैराना पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। वहीं, पीड़ित परिवार की ओर से पुलिस को अब तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस चालक की तलाश में जुटी हुई है।

# ट्रैक्टर ट्रॉली-बाइक की भिड़ंत में दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** ऊन चौसाना मार्ग पर ट्रैक्टर ट्रॉली व बाइक की भिड़ंत हो गई जिसमें बाइक सवार दो व्यक्तियों को गंभीर चोटे आई घायलों को करनाल के अस्पताल में भर्ती कराया गया इस संबंध में पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर ट्रैक्टर ट्राली कब्जे में ले लिया है। ऊन चौसाना मार्ग पर भट्टे के पास ट्रैक्टर ट्राली व बाइक सवार गौतम पुत्र राजेश निवासी हरसाना व उसका बहनोई विकास पुत्र चवन की ट्रैक्टर ट्रॉली से भिड़ंत हो गई थी।

जिसमें गौतम को गंभीर चोटे आई थी जिसे करनाल के अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिसका इलाज चल रहा है घटना 3 दिसंबर की है इस संबंध में पीड़िता की मा नीता ने पुलिस को तहरीर दी थी जिस पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत किया तथा ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया था चालक की तलाश की जा रही है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राईविंग लाइसेंस सं. UP19 20150003245 में मेरे पिताजी का नाम NOOR MOHD. गलत दर्ज हो गया है जबकि मेरे पिताजी का सही नाम MOHAMMAD NOOR MOHAMMAD है। अत: मेरे पिता का नाम NOOR MOHD. की जगह MOHAMMAD NOOR MOHAMMAD पढ़ा जाए।

**आसिफ पुत्र मोहम्मद नूर मोहम्मद निवासी-मौ घौलान कांधला ( शामली )**



# भास्कर इंटरनेशनल स्कूल में एनुअल एथलीट्स मीट का हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** भास्कर इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को एनुअल एथलीट्स मीट का समापन समारोह बड़े ही उत्साह और उमंग के माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री शामिल हुए। अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

गुरुवार को समापन समारोह को संबोधित करते हुए एसडीएम निधि भारद्वाज ने कहा कि बच्चों से मिलना हमेशा एक सुखद अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि भास्कर इंटरनेशनल स्कूल का वातावरण सर्वांगिण विकास के लिए अनुकूल है, जहां छात्राओं को भी आगे बढ़ने के समान अवसर प्रदान किए जाते हैं। उन्होंने छात्राओं की खेलों में सक्रिय सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि खेल शारीरिक ही नहीं, मानसिक विकास में भी महत्वपूर्ण



भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि वे स्वयं भी बचपन में खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेती थीं।कोतवाल समय पाल अत्री ने कहा कि खेलों में रुचि रखने वाले बच्चे न केवल शिक्षा में बल्कि अपने भविष्य के करियर विशेषकर पुलिस सेवामें भी बेहतर प्रदर्शन करते हैं।

उन्होंने कहा कि उन्हें स्वयं फुटबॉल और बैडमिंटन खेलना अत्यंत पसंद था।कार्यक्रम में भास्कर इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन हाजी नसीम कुरैशी, एसडीएम निधि भारद्वाज और एसएचओ समय पाल अत्री ने संयुक्त रूप से विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर चेयरमैन हाजी नसीम कुरैशी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत और नियमित अभ्यास ही प्रतिभा को निखारते हैं। जो बच्चा अपनी रुचि के अनुसार कार्य करता है, वही क्षेत्र उसके भविष्य का आधार बन जाता है। अत: बच्चों को समय का सदुपयोग कर सफलता के प्रयास में जुटने की सलाह दी विद्यालय के निदेशक फैशल कुरैशी ने भी प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित करते हुए उन्हें निरंतर परिश्रम करने और लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रेरित किया। विद्यालय के सचिव मुशब कुरैशी ने विजेता छात्रों की प्रशंसा की तथा असफल रहे प्रतिभागियों को हिम्मत न हारते हुए और अधिक मेहनत करने की सलाह दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल नौशाद अली ने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य के लिए प्रेरित किया। भास्कर कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रिंसिपल अमितेश भारद्वाज ने भी बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा की।कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## सफाई कर्मचारी संघ की धमकी: अनियमितताओं पर न लगा अंकुश तो होगा काम बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ, शाखा यूनिट शामली ने पदाधिकारिएं ने गुरुवार को ईओ को ज्ञापन सौंपकर गंभीर आरोप लगाए। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि अनियमितताओं पर रोक नहीं लगी तो कर्मचारी काम बंद आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

यूनियन अध्यक्ष प्रवीण कुमार व सचिव अश्वनी तेश्वर द्वारा दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि लंबे समय से आउटसोर्सिंग पर सफाई श्रमिकों की नियुक्ति की मांग की जा रही थी, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके उलट, वर्तमान ईओ ने अध्यक्ष व सभासदों के साथ मिलीभगत करके अवैध वसूली के आधार पर सफाई कर्मियों को नियुक्त किया है। यूनियन ने यह भी आरोप लगाया कि प्रत्एक सभासद द्वारा अपने स्तर से एक-एक सफाई श्रमिक नियुक्त करा दिए गए हैं, जबकि उनकी उपस्थिति सुपरवाइजर, सफाई निरीक्षक एवं खाद्य निरीक्षक द्वारा दर्ज नहीं की जा रही। यूनियन का कहना है कि गरीब व जरूरतमंद लोगों की अनदेखी कर मनमाने तरीके से भर्ती की जा रही है, जिससे कर्मचारियों तथा समाज में रोष व्याप्त है। यूनियन ने कहा कि एडीएम पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि आउटसोर्सिंग पर श्रमिकों की भर्ती का अधिकार केवल प्रशास. निक अधिकारी को होता है, लेकिन इसके बावजूद प्रक्रिया का पालन नहीं किया जा रहा। यूनियन ने चेता. वनी दी है कि यदि स्थिति नहीं सुधरी तो वे कर्मचारीहित व जनहित में कठोर कदम उठाने को बाध्य होंगे, जिसके लिए पूरी जिम्मेदारी अधिशासी अधिकारी की होगी।



# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की जिला इकाई का गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को नगर पालिका सभागार में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की जिला इकाई शामली का गठन किया या। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजकुमार वर्मा ने की, जबकि संपूर्ण प्रक्रिया का अनुमोदन जिला प्रभारी अंकित जैन द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत के साथ हुई, इसके बाद संगठन के उद्देश्य, व्यापारी हितों व आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक का संचालन जिला महामंत्री शशांक वर्मा ने सुचारू रूप से किया।

इस दौरान उपस्थित व्यापारी नेताओं ने जिले में बेहतर व्यावसायिक वातावरण, समस्याओं के समाधान और संगठन को मजबूत बनाने पर अपने विचार साझा किए। बैठक में जिला इकाई के नव गठित पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। जिसमें जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष वैभव प्रकाश गोयल, डॉ। नीरज वशिष्ठ, जिला उपाध्यक्ष राजीव गोयल, अमित गोयल, विनीत कर्णवाल, विजय संगल, सुशील चौहान, जिला कोषाध्यक्ष आकाश गुप्ता,

जिला संगठन महामंत्री प्रमोद तोमर, जिला संगठन मंत्री सागर जुनेजा, राहुल कुमार, जिला संयुक्त मंत्री अमित चौधरी, अंकित तुंवर, रोहित ल्याल, विपिन अत्रि, विकास वर्मा, विकास गोयल, शमीम अहमद, जिला प्रचार मंत्री वैभव संगल को मनोनीत किया गया। जिलाध्यक्ष राजकुमार वर्मा ने संगठन की भावी योजनाओं, विस्तारित सदस्यता अभियान, व्यापारी सुरक्षा, बाजार व्यवस्था सुधार और सामा. जिक उत्तरदायित्व से जुड़े कार्यक्रमों को सशक्त बनाने पर जोर दिया।

## एक नजर

### महिला ने दिया पुत्र और पुत्री को एकसाथ जन्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** गुरुवार को जिला अस्पताल में उस समय खुशी का माहौल बन गया, जब एक महिला ने स्वस्थ जुड़वां बच्चों एक लड़का और एक लड़की को जन्म दिया। जैसे ही यह खबर वार्ड में फैली, अस्पताल स्टाफ से लेकर मरीजों के परिजनों तक में चर्चा का केंद्र बन गई। वहीं नवजातों के जन्म से महिला के परिवार में भी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कैराना क्षेत्र के गांव मवी निवासी अनुज की पत्नी साक्षी को गुरुवार सुबह प्रसव पीड़ा होने पर परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उन्हें तुरंत जच्चा-बच्चा वार्ड में भर्ती कर लिया गया। स्टाफ नर्स मोनिका और अंजली की देखरेख में मेडिकल ट्रीटमेंट शुरू किया गया। कुछ ही देर बाद साक्षी ने सामान्य प्रसव के माध्यम से दो बच्चों को जन्म दिया एक पुत्र और एक पुत्री। दोनों ही नवजात पूरी तरह स्वस्थ बताए जा रहे हैं। परिवार के अनुसार साक्षी के पहले से दो पुत्र हैं। अब एक बेटे और एक बेटी के जन्म से परिवार में हर्ष का माहौल है। परिजनों ने जच्चा-बच्चा वार्ड के स्टाफ और डॉक्टरों का धन्यवाद करते हुए कहा कि अस्पताल में देखभाल और बेहतर उपचार के कारण प्रसव सफलतापूर्वक हो सका। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि बच्चे व मां दोनों सुरक्षित हैं और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उन्हें अगले एक-दो दिन में छुट्टी दे दी जाएगी।

### संघचालक मधुकर दत्तात्रेय देवरस की जयंती मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तृतीय सर संघचालक मधुकर दत्तात्रेय देवरस बालासाहेब व साहित्यकार सुब्रमण्यम भारती की जयंती मनाई गई। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। कहा कि उनका जन्म नागपुर में हुआ था। वह एक सच्चे देशभक्त, कुशल नेतृत्व कर्ता, बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। 6 जून 1973 को उन्हें तृतीय सर संघ संचालक के पद पर आसीन किया गया। उनकी प्रेरणा और कुशल मार्गदर्शन से सत्याग्रह आंदोलन सफल हुआ। उनके कार्यकाल में स्वयंसेवकों ने आदिवासी क्षेत्रों में अनेक सेवा कार्य किए। इनसे प्रेरणा लेकर हमें अपने समाज को सु.ढ़ और राष्ट्र को विकसित करना चाहिए। अमित कुमार ने महान साहित्यकार सुब्रमण्यम भारती के जीवन से बालिकाओं को अवगत कराया। इस अवसर पर संजीव कुमार, संदीप कुमार, कविता, गीता, अनीता, साक्षी, वंदना, कपिल, मोहित, विकास, अश्विनी मौजूद रहे।

### डॉ. हिमानी अग्रवाल, की अध्यक्षता में 17 को होगी महिला जनसुनवाई



**शामली।** उप्र राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाए जाने तथा महिला उत्पीड़न की रोकथाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के उद्देश्य से आवेदक आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टिगत दिनांक 17.12.2025 को डॉ. हिमानी अग्रवाल, सदस्य, उप्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं विषयक जागरूकता चौपाल का आयोजन होगा। यह जानकारी आज जिला प्रोबेशन अधिकारी शामली मौहम्मद मुशफेकीन ने दी।

## गंदगी पर फूटा गुस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** देहात क्षेत्र के मोहल्ला मुस्तफाबाद में साफ.सफाई की बदहाल व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। गुरुवार को मोहल्ले के आधा दर्जन से अधिक लोगों ने हाथ उठाकर प्रदर्शन करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जताई। प्रदर्शन कर रहे मुबारक, कासिम, इमरान, वकील, मेहरबान और कालू ने आरोप लगाया कि मोहल्ले में लंबे समय से गंदगी का अंबार लगा है। पानी की निकासी न होने के कारण सड़कों पर जलभराव की स्थिति बनी रहती है, जिससे राहगीरों और बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि गंदगी और जलभराव की वजह से बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है, लेकिन शिकायतों के बावजूद ना तो विकासखंड अधिकारी और न ही ग्राम प्रधान ने समस्या के निस्तारण के लिए कोई कदम उठाया है।ग्रामीणों ने कहा कि जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छ भारत मिशन के



तहत देश को साफ,सुथरा बनाने का सपना साकार करने में जुटे हैं, वहीं स्थानीय अधिकारी और प्रधान इस मिशन को पलीता लगाने का काम कर रहे हैं।ग्रामीणों ने उच्च अधिका. रियों को शिकायती कर मोहल्ले में जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। सचिव अनुज तोमर का कहना है कि मोहल्ले में गंदगी होने की सूचना नहीं है,सफाई कर्मचारी भेज कर सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराई जाएगी।

# ट्रैक सूट नहीं पहनने पर छात्र से मारपीट का आरोप

## अधिकारियों की जांच पर अभिभावक नाराज



**इंशाद राणा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के स्कॉलर्स प्राइड स्कूल कमालपुर मे नाजायज फीस वसूली,ड्रैस व किताबों की जबरण खरीददारी का विरोध करते हुए अभिभावक ने विभागीय अधिकारियों व मुख्यमंत्री को मामले की शिकायत की थी। जिसकी जांच जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा की गई। अभिभावक का आरोप है कि छात्र को डराकर अधिकारी के समक्ष ब्यान कराए गए। जिसके खिलाफ पीडित ने न्यायालय की शरण ली हैं।

चौसाना क्षेत्र के गांव कमालपुर मे स्थित स्कॉलर्स प्राइड स्कूल पर एक छात्र के अभिभावको ने मनमाने तरीके से फीस वसूली करने व स्कूल से ड्रेस खरीदने को मजबूर करने का दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है।

पीडित अभिभावक का आरोप है कि ड्रेस नही होने पर छात्र को अध्यापक द्वारा पीटा,जब छात्र के अभिभावक ने स्कूल प्रशासन से बात करनी चाही तो स्कूल प्रबंधन ने बात करने से इंकार कर दिया। पीडित की शिकायत पर जिला विद्यालय निरीक्षक जांच को पहुॅची। अभिभावक ने आरोप लगाया है कि स्कूल प्रबंधन ने जबरण छात्र पर दबाव बनाकर लिखापढी कराई। वही अभिभावक का आरोप है कि अधिकारियो ने नाबालिग से अभिभावक की गैर मौजूदगी मे ब्यान दर्ज किए है। जिसका विरोध करते हुए पीडित ने कोर्ट की शरण ली। वही विद्यालय प्रबंधक अमित कुमार का कहना है कि छात्र के आरोप गलत है। हमारे स्कूल मे सीसीटीवी लगे है,जिससे सत्यता का पता लग जाएगा। हमारी ड्रेस कही से भी खरीदी जा सकती है।

**500 का ट्रैक सूट 1500 में बेचने का आरोप**

पीडित अभिभावक का आरोप है कि जिस ट्रैक सूट के लिए छात्र को पीटा गया,उसके लिए स्कूल 1500 रुपये वसूल कर रहा है। जिसकी बाजार कीमत सिर्फ 500 रुपये है।

# विस. चुनाव में जुट जाएं बसपाई: रणधीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में गुरुवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास आश्रम शामली में मंडल स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक रणधीर सिंह बेनीवाल ने कार्यकर्ताओं को संबो. धित किया।

गुरूवार को आयोजित मंडल स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए रणधीर सिंह बेनीवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बसपा कार्यकर्ता मजबूती के साथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाए। बसपा की नीतियों को जन जन तक पहुंचाए और हर बूथ को मजबूत करे। बेनीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि आगामी 2027



विधानसभा चुनाव में बहन कुमारी मायावती को प्रदेश की पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनाना प्रत्एक कार्यकर्ता का प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए। सभा के दौरान शामली विधानसभा क्षेत्र के कश्यप समाज एवं सैनी समाज के कई लोगों को बसपा की सदस्यता ग्रहण कराई गई। बैठक में कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने और बूथ स्तर पर पार्टी की पकड़ को और सशक्त बनाने के लिए रणनीति पर चर्चा की। इस अवसर पर गंगाराम कश्यप, बिजेन्द्र कश्यप, हरपाल, ईश्वर सिंह, काला कश्यप, सागर, इन्द्रपाल, लोकेन्द्र कश्यप, सतपाल सैनी, सुखदेव कश्यप, ओमप्रकाश कश्यप आदि मौजूद रहे।

## मोटर मैकेनिक की दुकान से चोरी करने वाले गिरफ्तार, एक लाख बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** थाना आदर्शमंडी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोटर मैकेनिक की दुकान से बैग में रखी नकदी चोरी करने वाले दो आरो. पियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से 1 लाख 11 हजार रुपये व चोरी की दो स्पलेंडर बाइकें बरामद की हैं। घटना 10 दिसंबर की है, जब एमएसके रोड स्थित मोटर मैकेनिक मनोज कुमार ने अपनी दुकान में बैग में एक लाख 14 हजार रूपए रखे थे। इसी दौरान दो अज्ञात युवक बाइक ठीक कराने के बहाने आए और मौका पाकर बैग सहित नकदी लेकर फरार हो गए। इसके अलावा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों से भी स्पलेंडर बाइक चोरी की शिकायतें दर्ज हुई थीं। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी एनपी सिंह ने तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। गुरुवार को संदिग्ध वाहन, व्यक्ति चेकिंग के दौरान थाना आदर्शमंडी पुलिस ने दोनों आरोपियों अनुज कुमार उर्फ पांडे तथा सन्नी उर्फ अरुण कुमार निवासी ग्राम गोहरपुर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी अनुज ने स्वीकार किया कि वह अपनी गर्लफ्रेंड के महंगे शौक पूरे करने में कर्जदार हो गया था, इसलिए पैसों की जरूरत के चलते उसने चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों से चोरी की गई दोनों बाइक तथा 1 लाख 11 हजार रूपए बरामद किए हैं।

## 528 ग्राम चरस, चोरी की बाइक व फर्जी नंबर प्लेट के साथ तस्कर गिरफ्तार



**चौसाना।** नशे के अवैध कारोबार पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत चौसाना पुलिस ने गुरुवार को बड़ी सफलता हासिल की। मुखबिर की सूचना पर चौसाना-लक्ष्मीपुरा मार्ग पर घेराबंदी कर पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को पकड़ लिया। उसके कब्जे से 528 ग्राम चरस, चोरी की मोटर साइकिल और दो फर्जी नंबर प्लेट बरामद हुई हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पकड़ी गई चरस की कीमत करीब एक लाख पच्चीस हजार रूपए बताई जा रही है। पुलिस ने मौके पर ही अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। चौसाना पुलिस टीम को गुरुवार दोपहर मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक चोरी की बाइक से भारी मात्रा में चरस लेकर चौसाना-लक्ष्मीपुरा मार्ग से गुजरने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी की और संदिग्ध बाइक सवार को रुकवाकर चेकिंग की। जांच में बाइक पर लगी नंबर प्लेट फर्जी पाई गई, जबकि सीट के नीचे से 528 ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ में अभियुक्त की पहचान जुनैद पुत्र अलीहसन निवासी भडी भरतपुरी के रूप में हुई। पकड़ी गई बाइक प्लेटिना है, जो करनाल हरियाणा से चोरी की गई थी। बाइक से दो फर्जी नंबर प्लेट भी मिली हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह और उसका साथी वसीम उर्फ बोडा सहारनपुर से चोरी की बाइक लाए थे और जिजौला निवासी फुरकान व इसरार से चरस लेकर बेचने जा रहे थे। पुलिस अब उसके अन्य साथियों और सप्लाई चेन की जानकारी जुटा रही है। अभियुक्त जुनैद का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट से जुड़े चार मुकदमे और आबकारी एक्ट का एक मामला पहले से दर्ज है। चौकी प्रभारी संदीप कुमार ने बताया आरोपित को मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया है।

## खेलकूद में बच्चों ने किया प्रतिभाग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के केके पब्लिक स्कूल में गुरूवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गुरूवार को शहर रेलपार स्थित केके पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलों का शुभारंभ प्रधानाचार्य मदनपाल ने किया। प्रतियोगिताओं में 50 मीटर रेस, 100 मीटर रेस, लेमन रेस, नीडल रेस, फोग रेस, बैंड मिंटन, म्यूजिकल चेयर आदि खेलों में बच्चों ने बढचढकर हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य मदनपाल ने बताया कि शिक्षा के साथ साथ बच्चों के शरीरिक विकास के लिए खेलों का आयोजन बेहद जरूरी है। खेलों का संचालन नेहा गुप्ता ने किया। इस दौरान विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सरिता गुप्ता, विजित आदि मौजूद रहे।

# रोजगार मेले में 148 अभ्यर्थी चयनित

**झिंझाना।** जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राष्ट्रीय शिक्षा सदन इण्टर कॉलेज झिंझाना के संयुक्त तत्वावधान में बृहस्पतिवार को कॉलेज प्रांगण में रोजगार मेला आयोजित किया गया। मेले में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग कर विभिन्न कंपनियों द्वारा संचालित प्लेसमेंट प्रक्रिया को समझा। जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए प्रतिभाग करने वाली कंपनियों के बारे में जानकारी दी तथा रोजगार और प्लेसमेंट से जुड़ी प्रक्रियाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान



प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने विभिन्न स्थानों से आए अभ्यर्थियों की सहभागिता पर हर्ष व्यक्त करते हुए करियर काउंसलिंग भी की। मेले में प्रतिभाग करने वाली सभी कंपनियों ने अपनी-अपनी टीम के साथ कंपनी का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि आर आर मैनपावर मैनेजमेंट सर्विस ने 42, एकेएस जाब्स प्लेसमेंट ने 48, पुखराज हेल्थकेयर ने 13, होली हर्ब्स ने 28, भारतीय जीवन बीमा निगम ने 17 अभ्यर्थियों का चयन किया। कुल 148 अभ्यर्थी रोजगार के लिए चयनित हुए। प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार व जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने चयनित सभी अभ्यर्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। रोजगार मेले के संचालन में कॉलेज स्टाफ व आशुतोष का विशेष सहयोग रहा। शुक्रवार को बाबरी में आयोजित होगा रोजगार मेला। आगामी रोजगार मेला 12 दिसंबर को लाला इन्द्र प्रकाश जनता इण्टर कॉलेज, बाबरी में आयोजित होगा। प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थी अपनी योग्यता के प्रमाण-पत्र व तीन बायोडाटा अवश्य साथ लाएं।

# चोरों ने बंद मकान को बनाया निशाना

**देवबन्द।** बंद घर में अज्ञात चोरों ने ताले तोड़ सोने-चांदी के आभूषण सहित हजारों रुपये की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पीडिता विधवा ने कोतवाली में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई कर चोरी का खुलासा किये जाने की गुहार लगाई।



तल्हेड़ी चुंगी स्थित पीलर नबंर 86 के निकट मदीना कॉलोनी निवासी मरहुम आबिद की पत्नी गुलसबा घर में कोई मर्द न होने के चलते निकट ही अपनी ससुराल में अन्य परिजनों के यहां अपनी पुत्री के यहां रात को रहती है। पीडिता के मुताबिक बुधवार रात को वह अपना घर बंद कर अपनी पुत्री के साथ ससुराल में चली गई थी। बताया कि इस दौरान रात में किंही अज्ञात चोरों ने उसके घर के मुख्यद्वार सहित कमरे का ताला तोड़ डेढ़ तोले सोने के आभूषण सहित चांदी के आभूषण और 26 हजार रुपये की नगदी चोरी करली। पीडिता ने बताया कि गुरुवार सुबह उसे पड़ौसियों ने बताया कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है। जब वह घर पहुंची तो सामान बिखरा पड़ा था और सोने-चांदी के आभूषण सहित नगदी गायब थी। बताया कि पति की मौत हो जाने एवं घर में कोई पुरुष न होने के चलते वह अपनी पुत्री के साथ ससुराल में रात को सोने के लिए चली जाती है। इसी बात का फायदा उठा चोरों ने उसके घर में चोरी करली। घटना की जानक. ारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। कोतवाली प्रभारी रामपाल शर्मा ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। बताया कि आसपास लगे सीसी कैमरों को देखा जा रहा है। शीघ्र ही चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा।

# उम्मीद पोर्टल पर वक्फ सम्पत्तियों के पंजीकरण की बढ़ी समय सीमा

**देवबन्द।** वक्फ संपत्ति का ब्यौरा उम्मीद पोर्टल पर जो लोग किन्हीं कारणों से दर्ज नहीं करा पाए थे, उनके लिए खुशखबरी है। उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्ति के पंजीकरण की तिथि छह माह बढ़ा दी गई है। अब मुतवल्ली वक्फ संपत्ति को पांच जून 2026 तक पोर्टल पर पंजीकृत करा सकेंगे। यूपी राज्य वक्फ ट्रिब्यूनल ने तकनीकी दिक्कतों और सर्वर अस्थिरता को देखते हुए समय सीमा बढ़ाइ गई है।वक्फ कानून बनने के बाद केंद्र सरकार ने वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण और प्रबंधन को लेकर उम्मीद पोर्टल लांच किया था। सरकार ने उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्ति की जानकारी अपलोड करने की अंतिम तिथि पांच दिसंबर 2025 निर्धारित की थी। उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड द्वारा देवबंद क्षेत्र में नियुक्त किए गए उम्मीद पोर्टल को आर्डिनेटर एवं आल इंडिया उलमा बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष मौलाना कारी रहीमुद्दीन कासमी ने बताया कि यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अनुरोध पर यूपी राज्य वक्फ ट्रिब्यूनल ने इस तिथि को छह माह के लिए बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यह विस्तार समय की बड़ी आवश्यकता थी। इस फैसले से मस्जिदों, मदरसों, कब्रिस्तानों एवं अन्य वक्फ संस्थानों के मुतवल्लियों को पंजीकरण पूरा करने और कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने में काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा मुस्लिमों की सामूहिक जिम्मेदारी है। यह विस्तार केवल समय वृद्धि नहीं, बल्कि एक अवसर है। इसलिए सभी मुतवल्ली अपनी संपत्तियों को सुरक्षित करने हेतु तय समय सीमा में उम्मीद पोर्टल पर पंजीकरण अवश्य करा लें। उन्होंने बोर्ड के चेयरमैन जफर अहमद फारूकी की इस मामले में की गई को. शिशों की भी सराहना की।

# बाबरी मस्जिद के नाम पर भारत के मुसलमानों को कर रहे भ्रमित: अली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित विधायक हुमायूँ कबीर द्वारा पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद के नाम से मस्जिद का निर्माण कराये जाने को लेकर सियासी बवाल मचा हुआ है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने कहा कि भारत का मुसलमान न बाबर को मानता है न ही बाबरी मस्जिद को।

एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने देवबंद पहुंचे कुंवर बासित अली ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या विवाद पर ऐतिहासिक फैसला दिया और वहां मस्जिद बनाने के लिए धन्नीपुर में जमीन भी आवंटित की। इस फैसले के बाद मुल्क में सौहार्द पूर्ण माहौल रहा और मुल्क की अवाम ने सुप्रीम कोर्ट के फैसला माना। लेकिन कुछ लोग फिर से बाबर के नाम पर विवाद पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज जो लोग बाबरी मस्जिद के नाम पर राजनीति कर रहे हैं वे कहीं न कहीं मुसलमानों के जज्बातों और उनकी भावनाओं से खेलकर अपनी राजनीति चमकाने का काम कर रहे हैं। कहा कि हिंदुस्तान का मुसलमान न बाबर को मानता है और न ही बाबरी मस्जिद को। वह केवल हुजूर और अल्लाह के बताए रास्ते पर चलेगा न कि किसी ऐसे विधायक के जो अपनी राजनीति चमकाने और अपनी ताकत बढ़ाने के लिए मस्जिद के नाम पर राजनीति करना चाहता हो। मुसलमानों को इस पर विचार करना चाहिए। कुंवर बासित अली ने कहा कि जिस तरह से माहौल खराब करने की कोशिश हुई है उसकी जितनी निंदा की जाए कम है, ऐसे लोग माफी के भी लायक नहीं है। कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या मसले को



लेकर फैसला सुना दिया और हिंदुस्तान के मुसलमानों ने उसे मान लिया यह उसी का परिणाम है कि अयोध्या में राम मंदिर बना और वहां मस्जिद के लिए जगह दी गई जो इंडो इस्लामिक कल्चर सेंटर के नाम से बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जो हिंदुस्तान पर हमला करके भारत की मां बहनों की अस्मतों से खेलकर यहां बादशाहत करने आए थे उनके नाम पर हमारे मुल्क में कोई जगह नहीं है।

# शिविर में कराये गए ऑनलाइन पंजीकरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन टीम द्वारा आयोजित शिविर में 47 खाद्य कारोबारी एवं फल रेहड़ी, ठेला व पटरी वालों ने आनला. इन पंजीकरण कराकर लाइसेंस प्राप्त किए। किराना एसोसिएशन देवबंद के सहयोग से एमबीडी चौक स्थित कार्यालय पर आयोजित हुए पंजीकरण शिविर में मौजूद खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश कुमार वर्मा ने व्यापारियों को मिलावटी खाद्य पदार्थों की पहचान के तरीके बताए। उन्होंने फल की रेहड़ी लगाने वालों से कहा कि वह सड़े गले कटे फलों की बिक्री कतई न करें। जूस की रेहड़ी या स्टाल आदि को मक्खियों से बचाए। उन्होंने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कतई सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिना




लाइसेंस बनवाए किसी भी प्रकार के खाद्य वस्तु की बिक्री करना गैरकानूनी है। इसमें जुर्माना वसूलने की प्रक्रिया शामिल है। इस दौरान किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष राज. ेश गुप्ता, आलोक सिंघल, मुकेश अग्रवाल ने बिना लाइसेंस वाले व्यापारियों से लाइसेंस अवश्य बनवाने का आह्वान किया।

# विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दी प्रस्तुतियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मेपल्स एकेडमी में ऊर्जा उत्सव के दूसरे दिन छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में बढ़चढ़ कर भाग लेते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मेपल्स एकेडमी परिसर में आयोजित ऊर्जा उत्सव-5 के दूसरे दिन के तहत बच्चों ने कराटे, स्केटिंग, रोल बॉल, क्रिकेट आदि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग यिका। कक्षा तीन से लेकर पांच तक के बच्चों के सुंदर प्रदर्शन ने सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्या चित्रा जोशी ने कहा कि खेल बच्चों के विकास की आधारशिला हैं। कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास पैदा करते हैं। अंत में सभी प्रतियोगिताओं में उच्च स्थान



पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। उत्कर्ष वत्स, अंकुर राठी, शुभम शर्मा, रेनू बर्मन, आंचल कर्णवाल, दुष्यंत, सुहैल, नदीम आदि छात्र-छात्राएं व स्कूल का स्टाफ शामिल रहा।

# माता पिता को अपने बच्चों को देने चाहिए अच्छे संस्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जमीयत दावतुल मुसलीम. ीन के संरक्षक व प्रसिद्ध आलिम मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने बेटियों के इस्लाम धर्म छोड़कर दूसरा मजहब अपनाने पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि संस्कार की कमी इसकी असल वजह है। इसलिए माता-पिता को चाहिए वे बेटियों के साथ दोस्ताना रिश्ता बनाएं ताकि उन्हें गलत रास्ते पर जाने से रोका जा सके।

मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा कि अकसर देखने मे आ रहा है कि बेटियां इस्लाम धर्म को छोड़कर दूसरा धर्म अपना रही है, इसको देखते हुए कुछ लोगों ने बेटियों की पढ़ाई पर रोक लगा दी है। उन्होंने साफ कहा कि इसकी असल वजह तालीम नहीं बल्कि परवरिश की कमी है, उन्हें रो. कना या दबाना कोई हल नहीं है बल्कि उनसे दोस्ताना रिश्ता बनाना, प्यार भरा माहौल बनाकर रखना और उनकी मन की बात जानना उन्हें गलत रास्तों पर जाने से रोक सकता है। कारी इस्हाक गोरा ने कहा कि घरों से इस्लामी तालीम का निकल जाना और उस पर अमल न करना भी इसकी एक बड़ी वजह है। बच्चों को दुनियावी तालीम हासिल कराने के लिए माता पिता हर कोशिश करते हैं। इसकी वजह से उनकी परवरिश पीछे ही छुट जाती है, जो उन्हें गलत रास्ते पर ले जाती है। बाहरी ताकतें बेटियों को बहका न सकें इसलिए जरुरी है कि घरों का माहौल ठीक किया जाए।

# पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से हड़कंप





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** आंकू में पटाखा फैक्ट्री के लैब यूनिट में आग लग गई। आग लगने के दौरान हुए धमाके की आवाज काफी दूर तक सुनी गई। आग लगने पर लैब यूनिट की टीन की छत भी उड़ गई। एसडीएम धामपुर व पुलिस के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने फैक्ट्री पर सील लगा दी।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर क्षेत्र के ग्राम आंकू में नहर के पास लगी पटाखा फैक्ट्री में गुरुवार की सुबह को आग लग गई थी। आग लगने के दौरान टीन तक उड़ गई। लैब यूनिट में आग लगना बताया जा रहा है, जिसमें केमिकल मिलाकर मिश्रण तैयार किया जाता है। आग लगने पर कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया था। आग बुझने के बाद फायर बिग्रेड भी मौके पर पहुंची थी। किसी के हताहत नहीं होना बताया जा रहा है। हादसे के समय कर्मचारी नाश्ता कर रहे थे, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। सूचना पर एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा राजस्व विभाग की टीम व पुलिस के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंची और वहां उन्होंने निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद फैक्ट्री पर सील लगा दी गई।

## हादसे में बाइक सवार घायल

**धामपुर।** नहटौर मार्ग पर प्रयास चौकी के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिसमें गंभीर रूप से घायल हो गया। लखन (45 वर्ष) पुत्र महाशय सिंह निवासी ग्राम नंदपुर, थाना बढ़ापुर अपनी बाइक से धामपुर से नहटौर की ओर जा रहा था। तभी प्रयास चौकी के निकट किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से लखन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल को सीएचसी धामपुर में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय बिजनौर रैफर कर दिया। धामपुर पुलिस ने घायल के परिजनों को सूचित कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। अज्ञात वाहन व चालक की तलाश जारी है।

## पेंशनर दिवस 17 को

**बिजनौर।** वरिष्ठ कोषाधिकारी विजय शंकर तिवारी ने शासन के पत्र के हवाले से जानकारी देते हुए बताया कि 17 दिसंबर, 2025 को दोपहर 12:00 बजे पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं पर सुनवाई एवं निराकरण के लिए जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में पेंशनर दिवस कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष बिजनौर में आयोजित किया जायेगा, जिसमें जनपद के प्रमुख कार्यालयाध्यक्षों द्वारा प्रतिभाग किया जाना स्वयं अनिवार्य अपेक्षित है।

## पुलिस से न्याय की गुहार

**स्योहारा।** पांच दिन पूर्व रामगंगा पुल के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मौहल्ला शेखान निवासी रिहान तथा सेफ उर्फ गोलू पुत्र अनीस की मौत के मामले में परिजनों ने आज थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। दोनों युवक स्कूटी से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वे रामगंगा पुल के पास पहुंचे। सामने से आ रहे एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। आज मृतक रिहान और सेफ उर्फ गोलू के परिजन पूर्व विधायक हाजी नईमुल हसन के साथ थाने पहुंचे। परिजनों ने थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार से अज्ञात वाहन चालक की पहचान और गिरफ्तारी के बारे में जानकारी मांगी। थाना प्रभारी ने परिजनों को आश्वासन दिया कि पुलिस लगातार सुराग तलाश रही है और जल्द ही आरोपी वाहन तथा चालक को पकड़ लिया जाएगा।

## सीएचसी में डेटा वैलिडेशन बैठक

**स्योहारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ. जयनारायण सिंह की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय साप्ताहिक बीडब्ल्यूआर एवं डेटा वैलिडेशन बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नियमित टीकाकरण से जुड़े सभी सत्रों का सर्वे एवं ड्यू लिस्ट अपडेट कार्य सभी आशा कर्मी निर्धारित समय के भीतर पूरा करें। जिन आशा कर्मियों की ड्यू लिस्ट अद्यतन नहीं पाई जाएगी, उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। सभी ईंट भट्टों क्रेशर एवं कोल्हू स्थलों पर पहुंची फैमिलियों का आशा द्वारा हेड काउंट सर्वे समय से करवाने के निर्देश दिए गए ताकि प्रत्येक बच्चे और गर्भवती महिला का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित हो सके। सहसपुर क्षेत्र में खसरा के अधिक मामले सामने आने पर विशेष सतर्कता बरतने और दोनों खसरा टीके समय से लगवाने पर जोर दिया गया टीका उत्सव के दौरान बुधवार और शनिवार को सभी एएनएम को सुबह 9 बजे तक अपने सत्र स्थलों पर पहुंचकर नियमित टीकाकरण एवं अन्य आवश्यक सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए गए।

## श्याम सिंह एडवोकेट का स्वागत

**बढ़ापुर।** भाजपा प्रांतीय परिषद के सदस्य नियुक्त किए जाने पर श्याम सिंह एडवोकेट का उनके समर्थकों ने स्वागत किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता ठाकुर रामपाल सिंह के आवास पर भाजपा प्रांतीय परिषद के सदस्य नियुक्त किए जाने पर उनके समर्थकों ने मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया है। श्याम सिंह ने मिली जिम्मेदारी के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार जताया है। इस मौके पर ठाकुर रामपाल सिंह, सुरेंद्र कर्णवाल, सभासद राहुल कश्यप, मुकेश आर्य, मिक्की गुप्ता, सोहित गुप्ता, डॉ.राजपाल सैनी, नितिन प्रजापति, परवीन सिंह, सभासद योगेश प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## हाथी को वनों में खदेड़ने की मांग

**बढ़ापुर।** क्षेत्र के ग्राम बहेड़ी के अधिकांश किसानों की कृषि भूमि वनों से सटी हुई है। वहां पर किसानों ने अधिकतर गन्ने व गेहूं की फसल बोई हुई है। पिछले एक सप्ताह से एक हाथी वनों से निकलकर गन्ने की फसल में घुस आया। किसान भगाने का प्रयास करते है तो भाग जाता है।

**सूचना**

मेरे पुत्र सलेक की शादी जनेशवर प्रसाद की पुत्री रविता के साथ हुई थी। रविता की छोटी बहन रचना की पढ़ाई के लिए मेरे पुत्र सलेक से रविता के पिता जनेशवर प्रसाद ने 10 लाख रूपेय उधार लिए थे। वापस मांगने पर उन्होने मेरे बेटे के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया था। मेरे पुत्र सलेक की मृत्यु के बाद उसकी पत्नी रविता हमारे साथ गलत व्यवहार करती है। जिससे दुखी होकर मैंने अपनी समस्त चल - अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिए है।

राजकुमार पुत्र गेंदा निवासी ग्राम पाण्डोखेड़ी रेलवे कॉलोनी थाना ननौता जिला सहारनपुर

# सांसद चंद्रशेखर ने नगीना में एम्स की मांग संसद में उठाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना लोकसभा क्षेत्र में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की स्थापना की मांग एक बार फिर जोर पकड़ती दिखाई दे रही है। इस मुद्दे को क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने संसद में पूरे दम के साथ उठाया है।

उन्होंने सदन में ईवीएम के स्थान पर वैलेट वोट की व्यवस्था लागू करने की मांग रखते हुए लोकतांत्रिक अधिकारों की मजबूती का प्रश्न भी उठाया। इसके साथ ही उन्होंने कांशीराम और ज्योतिबा फुले को नमन करते हुए नगीना और आसपास के क्षेत्र की स्वास्थ्य जरूरतों पर विशेष जोर देते हुए कहा कि नगीना लोकसभा क्षेत्र में एम्स स्थापना अब समय की मांग बन गई है।



सांसद चंद्रशेखर द्वारा संसद में प्रस्तुत किए गए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2024 के दस्तावेजों में स्पष्ट रूप से यह उल्लेख किया गया है कि उत्तर प्रदेश राज्य अब तक एम्स जैसी सर्वोच्च स्वास्थ्य संस्था की स्थापना के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा पाया है। सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि दस्तावेजों के अनुसार उत्तर प्रदेश के कई जिलों में स्वास्थ्य संरचना अत्यंत जर्जर अवस्था में है। ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाएं बेहद कमजोर हैं। ऐसे क्षेत्रों में एम्स की स्थापना से न केवल इलाज की गुणवत्ता बढ़ेगी, बल्कि गंभीर रोगों के उपचार में भी क्रांतिकारी सुधार होगा। नगीना जैसे पिछड़े क्षेत्र में एम्स की स्थापना से जनपद बिजनौर, मुरादाबाद, संभल, अमरोहा और उत्तराखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों तक लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। विधेयक में वित्तीय प्रावधानों का भी उल्लेख है, जिसके अनुसार यदि प्रस्तावित संशोधन पारित होता है, तो भारत सरकार को प्रारंभिक चरण में लगभग एक हजार करोड़ रुपये का बजट खर्च करना पड़ सकता है। यह राशि भूमि अधिग्रहण, भवन निर्माण, विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति और उच्च स्तरीय चिकित्सा उपकरणों की व्यवस्था पर खर्च होगी। सांसद चंद्रशेखर ने सदन में यह भी कहा कि नगीना क्षेत्र सामाजिक, भौगोलिक और आर्थिक दृष्टि से पिछड़ा हुआ है। यहां के लोग आज भी गंभीर बीमारी की स्थिति में दिल्ली या अन्य बड़े शहरों पर निर्भर हैं। यदि क्षेत्र में एम्स की स्थापना होती है तो लाखों परिवारों को जीवनदान जैसा लाभ मिलेगा। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि उत्तर प्रदेश में नए एम्स के लिए नगीना क्षेत्र को प्राथमिकता दी जाए और प्रक्रिया को शीघ्र गति दी जाए। संसद में उठाए गए इस मुद्दे के बाद क्षेत्र के लोगों में एक नई उम्मीद जाग उठी है। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने सांसद द्वारा उठाई गई इस मांग का स्वागत किया है और इसे धामपुरख्रनगीनाख्रबिजनौर क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक कदम बताया है।

# विद्या मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 'सप्तशक्ति संगम' कार्यक्रम उत्साह पूर्वक मनाया गया। इसमें अपने भारत देश की गौरवमय नारी शक्ति यथा रानी लक्ष्मीबाई, माता जीजाबाई, सावित्रीबाई फुले, कल्पना चावला, महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, हरमनप्रीत कौर, व्योमिका सिंह एवं सोफिया कुरैशी जैसी आदर्श शक्तियों के जीवन प्रसंगों को स्मरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आज की नारी शक्ति को जागृत करना और मानव समाज की भावी पीढ़ी, देश व समाज के विकास में उनका सहयोगी बनना है।

इस अवसर पर लगभग 400 माता और बहनों ने अपनी सहभागिता अर्जित की। यामिनी देवी, मोनिका शर्मा, सरस्वती शिशु मंदिर धामपुर की आचार्या सर्वेश कुमारी और सरस्वती विद्या मंदिर जैतरा की आचार्या रूपांजलि आदि ने अपने-अपने विचार रखें।

साथ ही साथ मंचासीन अतिथियों में मुख्य अतिथि श्रीमती



निधि गुप्ताजी, अध्यक्षा श्रीमती रीता रानी, आभावती प्राचार्य बालिका विद्या मंदिर धामपुर, श्रीमती पूर्णिमा शर्मा आचार्या बालिका विद्या मंदिर धामपुर, रूपांजलि जी आचार्या सरस्वती विद्या मंदिर जैतरा आदि ने भी अपने-अपने विचार रखें। बालि. का विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती आभा रानी ने बताया कि आज की माता बहनों को आत्मनिर्भर बनना है और स्वयं सुरक्षा के सभी प्रकार के उपाय में दक्ष बनना है। आज की नारियों किरण बेदी और सोफिया कुरैशी आदि के विकास की कहानी बताई। कार्यक्रम की संचालिका आचार्या श्रीमती सर्वेश कुमारी जी एवं कुव रूपांजलि जी रही।

प्रधानाचार्य हेमेंद्र सिंह ने सभी का आभार व्यक्त प्रकट करते हुए बताया कि आज के समय में इस प्रकार के कार्यक्रम सभी शिशु मंदिरों व विद्या मंदिरों में चल रहे हैं। इसका उद्देश्य माता और बहनों को समाज की विकृतियों का सामना करते हुए उन्हें अपनी संतानों का मार्गदर्शन करने का उपाय बताया। आज मोबाइल का सदुपयोग कम और दुरुपयोग अधिक हो रहा है। परिणामत: समाज डाकू बनने की परिस्थितियों पर प्रकाश डाला और विवाह परिवार आदि टूटने से सावधान किया।

## छात्रों का एचसीएल में चयन

**बिजनौर।** आरवी इंस्टटीयूट ऑफ टेक्नोलॉजी के 4 छात्रों का चयन एचसीएल टेक्नोलोजीज कम्पनी में हुआ। सभी छात्रों का चयन कम्पनी द्वारा आयोजित की गई लिखित परीक्षा, सामूहिक वाद विवाद, टेक्निकल राउंड और साक्षात्कार के आधार पर हुआ। जिसमें छात्रों के पिछले तीन वर्षा के शैक्षणिक रिकॉर्ड को भी देखा गया। कम्पनी द्वारा 4 छात्रों का चयन किया गया, जिसमें बी टेक कम्प्यूटर साइन्स ब्रांच से 2 छात्राओं खुशी चौहान और सिमरन जोशी का चयन हुआ तथा इंफार्मेशन टेक्नोलोजी ब्रांच से भी 2 छात्र रचित शर्मा और सिदरा जैदी का चयन हुआ।

## विवाहिता की शिकायत पर दहेज उत्पीड़न का केस

**स्योहारा।** क्षेत्र की विवाहिता ने अपने पति, सास, ससुर और चाचा ससुर पर दहेज उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि ससुराल पक्ष द्वारा उससे 20 बीघा जमीन और बुलेट बाइक की मांग की जा रही थी। पीड़िता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उसकी शादी 8 दिसंबर 2022 को हुई थी। विवाह में उसके परिजनों ने लगभग 20 लाख रुपये खर्च किए थे और दहेज में स्विफ्ट कार दी थी। इसके बावजूद आरोप है कि ससुराल पक्ष शादी के बाद से ही अतिरिक्त दहेज की मांग करता रहा। विवाहिता ने आरोप लगाया कि शादी के कुछ समय बाद उसने एक पुत्र को जन्म दिया। इसके बाद भी आरोपितों के व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया और लगातार दबाव बनाया जाता रहा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि 23 जुलाई 2025 को पति, सास, ससुर और चाचा ससुर ने दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके साथ गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और मारपीट की तथा घर से निकाल दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति सहित चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

# डीएम से मिले आरटीआई कार्यकर्ता

**बिजनौर।** राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा रेलवे क्रासिंग पर बने फ्लाईओवर ब्रिज को स्वीकार न करने के संबंध में जिला अधिकारी को अवगत कराया गया है। नजीबाबाद के आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने जिला अधिकारी जसजीत कौर से मुलाकात कर उन्हें एक शिकायती पत्र दिया, जिसमें अवगत कराया गया कि वर्ष 2012 में उत्तर प्रदेश सेतू निगम द्वारा तहसील नजीबाबाद की नगर पंचायत जलालाबाद स्थित रेलवे क्रांसिग संख्या 484 पर करोडों रूपये की लागत से पलाईओवर ब्रिज का निर्माण कराया गया था, जिसे बाद में यूपी सेतू निगम द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग को स्थानांतिरत कर दिया गया था और वर्तमान में उक्त पुल के एक्सपेंशन ज्वाईट में दरार आ चुकी है तथा जगह जगह गहरे गहरे गड्ढे हो रखे है। इस कारण पूर्व में कई दुर्घटनायें घट चुकी है। आरटीआई कार्यकर्ता ने कहा कि जब पुल की मरम्मत के संबंध मे राष्ट्रीय राजमार्ग के परियोजना प्रबंधक ने कहा कि उक्त पुल हमे स्थानांतिरत नहीं हुया है और जब हमने सेतू निगम को अवगत कराया तो सेतू निगम ने इस संबंध में कहा कि उक्त पलाईओवर ब्रिज वर्ष 2013 में हम राष्ट्रीय राजमार्ग को स्थानांतिरत कर चुकें है। आरटीआई कार्यकर्ता ने उक्त फ्लाई ओवर ब्रिज स्थानातंरण में आ रही बाधाओं को दूर किये जाने की मांग की। जिला अधिकारी बिजनौर ने इस संबंध में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### जूनियर विश्व कप हॉकी में जर्मनी को खिताबी जीत पर दी बधाई

**चेन्नई, वार्ता।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने आज जर्मनी टीम को जूनियर पुरुष विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट में अपने खिताब बरकरार रखने के लिए बधाई दी तथा भारतीय टीम की कांस्य पदक मुकाबले में अर्जेंटीना शानदार जीत के लिए सराहना की। कल रात यहां खेले गए फाइनल मुकाबले में जर्मनी ने पेनल्टी शूटआउट में स्पेन को 3-2 से हराकर कड़ी टक्कर वाला मैच जीता। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं। जर्मनी ने आठवीं बार इस टूर्नामेंट का खिताब जीता हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट पर स्टालिन ने कहा कि जज्बा, कौशल और जोश यही चैंपियन की एनर्जी है।

### सेल्टा से हार के बाद रियल मैड्रिड के कई खिलाड़ियों पर दुर्व्यवहार को लेकर लगे प्रतिबंध

**मैड्रिड, वार्ता।** सेल्टा विगो से हार के बाद रियल मैड्रिड पर मुख्य रूप से रेफरी के साथ दुर्व्यवहार के कारण उसके खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगाए गए है। रियल मैड्रिड को सेल्टा विगो के साथ मैच के दौरान दूसरे हाफ में डिफेंडर फ्रान गार्सिया और अल्वारो कैरेरास और फॉरवर्ड एंड्रिक को दिखाए गए रेड कार्ड के लिए भारी अनुशासनात्मक कीमत चुकानी पड़ी। गार्सिया पर स्पेनिश फुटबॉल फेडरेशन (आरएफईएफ) की अनुशासनात्मक कमेटी ने एक मैच का बैन लगाया है, जिसे वह इस वीकेंड डेपोर्टिवो अलावेस के खिलाफ मैच में नहीं खेल सकेंगे। उन्हें दो एलो कार्ड मिलने के बाद मैच से बाहर कर दिया गया था। हालांकि, कैरेरास और एंड्रिक को दो मैचों के लिए प्रतिबंधित किया गया है।

# रोहित-कोहली का ए+ ग्रेड खतरे में

### शुभमन गिल का प्रमोशन संभव, विमेंस टीम की फीस बढ़ेगी, 22 को बीसीसीआई की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट मीटिंग



**नई दिल्ली, वार्ता।** 22 दिसम्बर को होने वाली बीसीसीआई की मीटिंग में खिलाड़ियों का सेंट्रल कान्ट्रैक्ट सबसे बड़ा मुद्दा होगा। रोहित शर्मा और विराट कोहली ए+ ग्रेड में हैं, लेकिन उनका टॉप ग्रेड से बाहर होना लगभग तय माना जा रहा है। वजह यह कि दोनों खिलाड़ी अब केवल वनडे खेल रहे हैं। उनकी जगह शुभमन गिल, )षभ पंत और केएल राहुल के ए+ ग्रेड में प्रमोशन पर चर्चा होगी। बैठक में महिला क्रिकेटरों की घरेलू मैच फीस बढ़ाने पर भी बड़ा फैसला हो सकता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पुरुष और महिला खिलाड़ियों को बराबर मैच फीस मिलती है, लेकिन डोमेस्टिक लेवल पर अब तक यह लागू नहीं हुआ है। हाल ही में वर्ल्ड कप जीतने के बाद विमेंस क्रिकेटरों की फीस बढ़ाने की मांग तेज हुई है, जिसे बोर्ड मीटिंग में मंजूरी मिल सकती है। इसी के साथ घरेलू अंपायरों और मैच रेफरियों की फीस स्ट्रक्चर पर भी बदलाव प्रस्तावित है। बीसीसीआई अपनी डिजिटल प्रापर्टीज, स्ट्रीमिंग राइट्स और वेबसाइट अपग्रेड पर अपडेट भी देगी। मीटिंग का एजेंडा- विमेंस क्रिकेटर्स की डोमेस्टिक मैच फीस में बढ़ोतरी, मेंस प्लेयर्स के सेंट्रल कान्ट्रैक्ट में बदलाव, अंपायर व मैच रेफरी के भुगतान में सुधार, बीसीसीआई की डिजिटल प्रापर्टीज और स्ट्रीमिंग राइट्स अपडेट। एमएस धोनी ने 2014 में टेस्ट क्रिकेट छोड़ा था और उसके बाद वे सिर्फ वनडे और टी-20 खेलते रहे। 2018-19 के बीसीसीआई कान्ट्रैक्ट साइकिल (अक्टूबर 2018 से सितम्बर 2019) में धोनी ए+ ग्रेड में थे। इसके बाद उन्हें टॉप ब्रैकेट से हटा दिया गया। 2019-20 के कान्ट्रैक्ट में धोनी को ग्रेड । (5 करोड़) में शामिल किया गया, लेकिन अगस्त 2020 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद वे कान्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर हो गए। धोनी ने 2019 वनडे वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच खेला था। विमेंस टीम ने हाल ही में वनडे वर्ल्ड कप जीता था इंटरनेशनल लेवल पर विमेंस और मेंस को बराबर मैच फीस (पे-पैरिटी) मिलती है, लेकिन घरेलू क्रिकेट में अभी तक ऐसा नहीं हुआ है। महिला खिलाड़ी पूरे सीजन काफी मैच खेलती हैं, लेकिन उनकी फीस कम है। भारत की हाल की वनडे वर्ल्ड कप जीत के बाद इस फैसले की मांग और तेज हुई है। इसलिए फीस बढ़ाने का प्रस्ताव बैठक के सबसे अहम मुद्दों में शामिल है।

# आईएसपीएल नीलामी में 144 खिलाड़ियों पर 10 करोड़ खर्च

● **सचिन तेंदुलकर ने कहा कि खुद से मुकाबला करा, जुनून व मेहनत ही आपको आगे ल जाएगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग

सीजन-3 की नीलामी के दौरान क्रिकेट आइकान सचिन तेंदुलकर ने सभी खिलाड़ियों को मेहनत, जुनून और आत्म-सुधार पर केंद्रित रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसी और से नहीं, बल्कि खुद के कल से मुकाबला करना ही असली प्रगति है। आईएसपीएल 9 जनवरी से 6 फरवरी के बीच सूरत में खेला जाएगा। इसमें आठ टीमें हिस्सा लेंगी। मुंबई में आक्शन हुआ। इस अवसर पर सलमान मान, सैफ अली और अक्षर कुमार भी मौजूद रहे। इस बार आक्शन में 101 शहरों के 408 खिलाड़ी उतरे। जिसमें 144 खिलाड़ियों पर करीब 10 करोड़ खर्च किए गए। विजय पावले आक्शन के सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। उन्हें पिछली बार की चौंपियन माझी मुंबई ने 32.50 लाख में खरीदा। आईएसपीएल आक्शन के दौरान सचिन सहित के कई स्टार मौजूद रहे। सचिन ने बताया कि क्रिकेट उनके लिए हमेशा जुनून रहा। उन्होंने कहा,श्मैंने क्रिकेट खेलना इसलिए शुरू किया क्योंकि मुझे इस खेल से बेहद प्यार था। मैं बस भारत के लिए खेलना चाहता था और इसके लिए जो भी करना पड़े, मैं तैयार था। उन्होंने कहा कि करियर के शुरुआती दिनों में भी वे कड़ी मेहनत से पीछे नहीं हटे। एक समय ऐसा था जब मैंने गर्मी की छुट्टियों में 55 दिन लगातार अभ्यास किया और बीमार पड़ गया। जुनून और जोश नहीं होगा, तो आगे नहीं बढ़ पाएंगे। सचिन ने कहा कि प्रदर्शन के साथ उम्मीदें जुड़ना स्वाभाविक है। उम्मीदें इसलिए होती हैं क्योंकि आपने पहले अच्छा किया है। इसे दबाव समझने के बजाय इसे अपनी मेहनत की पहचान की तरह देखें। विजय पावले ऑक्शन के सबसे महंगे खिलाड़ी विजय पावले आक्शन के सबसे महंगे खिलाड़ी रहे।

# यौन उत्पीड़न को लेकर तोफेल अहमद रायहान पर चार्जशीट

● **पुलिस ने तोफेल के खिलाफ शादी का वादा कर एक महिला के यौन उत्पीड़न की चार्जशीट दाखिल की**

**ढाका, वार्ता।** पुलिस ने बांग्लादेश 'ए' टीम के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर तोफेल अहमद रायहान के खिलाफ शादी का वादा कर एक महिला के यौन उत्पीड़न को लेकर चार्जशीट दाखिल की है।

गुलशन पुलिस स्टेशन के जांच अधिकारी सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद समिउल इस्लाम ने गुरुवार को इस बात की पुष्टि करते हुए कहा, ष्चार्जशीट महिला और बाल उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम की धारा 9(1) के तहत दाखिल की गई है। दस्तावेज के अनुसार, तोफेल के खिलाफ आरोप पहली नजर में सही साबित हुए, जिसका समर्थन शिकायतकर्ता के शुरुआती बयान, होटल बुकिग रिकॉर्ड, मेडिकल जांच और दूसरे सबूतों से हुआ। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में अगली सुनवाई 30 दिसम्बर को होगी, जब चार्जशीट कोर्ट के सामने पेश की जाएगी। केस दस्तावेजों में कहा गया है कि तोफेल ने इस साल जनवरी में पहली बार महिला से फेसबुक पर संपर्क किया था और मैसेंजर पर रेगुलर बातचीत हुई जो बाद में एक रोमांटिक रिश्ते में बदल गई। महिला ने शुरू में मना कर दिया था, लेकिन बाद में तोफेल के यह भरोसा दिलाने पर मान गई कि वह उससे शादी करना चाहता है। शिकायतकर्ता के अनुसार, 31 जनवरी को तोफेल कथित तौर पर महिला को गुलशन के एक होटल में ले गया, उसे अपनी पत्नी के तौर पर मिलवाया और जल्द ही शादी का वायदा कथित तौर पर बिना सहमति के यौन संबंध बनाए। महिला ने जब शादी करने को कहा तो उसके साथ कई मौकों पर मार पीट की गई। इसके बाद महिला ने 1 अगस्त को गुलशन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया, जिसमें बार-बार यौन हिसा की घटनाओं की रिपोर्ट की गई। 24 सितम्बर को, हाई कोर्ट ने तोफेल को छह हफ्ते की अग्रिम जमानत दी और उसे जमानत खत्म होने से पहले महिला और बाल उत्पीड़न रोकथाम ट्रिब्यूनल के सामने सरेंडर करने का निर्देश दिया। हालांकि, उसने कोर्ट के निर्देश का पालन नहीं किया। बांग्लादेश 'ए' टीम के रेगुलर सदस्य तोफेल ने अग्रिम जमानत मिलने के बाद दूसरी राष्ट्रीय टीम के लिए छह-ए-साइड टूर्नामेंट खेलने के लिए हांगकांग की यात्रा भी की।

# अकरम ने आईपीएल को उबाऊ लीग करार दिया

### कहाः बच्चे बड़े हो जाते हैं, लीग खत्म नहीं होती



**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम ने भारतीय लीग आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) पर तंज कसा है। अकरम ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीसीएल) के प्रमोशन इवेंट में कहा- श्ढाई से तीन महीने चलने वाली लीगें उबाऊ होती हैं। यह टूर्नामेंट कभी खत्म ही नहीं होता, बच्चे बड़े हो जाते हैं, लेकिन वो लीग खत्म ही नहीं होती।श आईपीएल का आयोजन मार्च से जून तक चलता है। अकरम का तंज इसी बात पर था। लंदन के लार्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित एक प्रमोशन शो पर अकरम ने कहा- श्पीसीएल की छोटी अवधि ने लीग को विदेशी खिलाड़ियों के लिए आकर्षक बना दिया है। प्रतिभा दिखाने के मामले में पीसीएल नंबर-1 है। दरअसल, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 11वें सीजन में 2 नई टीमों शामिल करने का ऐलान किया है। इन पर बोली 6 जनवरी, 2026 को लगाई जाएगी। नए इन्वेस्टर्स की तलाश करने के लिए ही इस शो का आयोजन किया गया था। जिसमें च्ब्ठ चीफ मोहसिन नकवी, पूर्व पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा और पूर्व कप्तान वसीम अकरम शामिल हुए। अकरम ने कहा कि पीसीएल की सबसे अच्छी बात यह है कि यह सिर्फ 34-35 दिन चलती है, अगले साल शायद थोड़ा और बढ़ जाए। विदेशी खिलाड़ी जब पाकिस्तान आते हैं, तो 35-40 दिन रहना पसंद करते हैं। ढाई से तीन महीने सबके लिए बहुत लंबा हो जाता है। मुझे भी बोरियत होने लगती है। नकवी बोले- पीसीएल को दुनिया की नंबर-1 लीग बनाना चाहते हैं नकवी ने कहा कि वे पाकिस्तान सुपर लीग को दुनिया की नंबर एक लीग बनाने के लिए कमिटेड हैं। वहीं, रमीज राजा ने कहा कि पीसीएल विदेशी खिलाड़ियों के लिए भी सर्वश्रेष्ठ लीग है, क्योंकि दुनिया में कहीं भी पाकिस्तान जैसा मेजबान नहीं है। आईपीएल दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग आईपीएल दुनिया में सबसे ज्यादा दिन तक खेली जाने वाली लीग है। बीसीसीआई द्वारा संचालित इस लीग में दस टीमें खेलती हैं और लगभग दो महीने तक यह लीग खेली जाती है। इस बार इसका आगाज 15 मार्च से होने की संभावना है, जबकि फाइनल 31 मई को खेला जा सकता है।

### चोटिल टिकनर दूसरे टेस्ट नहीं करेंगे गेंदबाजी व फील्डिंग

**वेलिगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड को एक और बड़ा झटका लगा है उसके तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर कंधे की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के बाकी बचे मैच में गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण से बाहर हो गए हैं। बेसिन रिजर्व में पहले दिन क्षेत्ररक्षण के दौरान उनका कंधा जाम हो गया था। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, 32 वर्षीय टिकनर बाउंड्री रोकने के लिए डाइव लगाते समय घायल हो गए और उन्हें स्ट्रेचर पर ले इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। न्यूजीलैंड ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि ब्लैक कैप्स के तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर वेलिगटन में दूसरे टेस्ट के बाकी बचे मैच में गेंदबाजी या क्षेत्ररक्षण नहीं करेंगे, और उनके बल्लेबाजी करने की भी संभावना नहीं है, क्योंकि पहले दिन बाउंड्री रोकने के लिए डाइव लगाते समय उनका कंधा डिसलोकेट हो गया था। टिकनर, जिन्हें कल रात इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था, आज मैदान पर टीम के साथ जुड़ेंगे क्योंकि वह खेलने के लिए अपनी वापसी का समय तय करने के लिए आगे विशेषज्ञ मूल्यांकन का इंतजार कर रहे हैं। चोट से पहले, टिकनर ने वेस्टइंडीज को 205 रन पर रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, उन्होंने पहले दिन की शानदार गेंदबाजी में चार विकेट लिए थे। न्यूजीलैंड ने गुरुवार को अपनी पहली पारी 24/0 से शुरू की, और महत्वपूर्ण आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप मैच में मजबूत बढ़त बनाने पर नजर थी। यह चोट इस सीरीज में न्यूजीलैंड की बढ़ती फिटनेस चिताओं को और बढ़ा देती है, जिसमें तेज गेंदबाज मैट हेनरी और नाथन स्मिथ पहले ही बाहर हो चुके हैं।



### अब्दुल ने एशियन यूथ पैरा गेम्स में जीते दो पदक

**दुबई, वार्ता।** भारतीय एथलीट अब्दुल कादिर इंदौरी ने एशियन यूथ पैरा गेम्स की 50 मीटर (एस1-5) बैकस्ट्रोक में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण तथा 50 मीटर (एस 2-7) बटरफ्लाई स्पर्धा में कांस्य पदक जीते। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और पैरा कमेटी ऑफ इंडिया सोशल मीडिया पर मंच एक्स पर अब्दुल कादिर इंदौरी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी है। साई ने लिखा कि दुबई में डबल मेडल की लहर। अब्दुल कादिर इंदौरी ने एशियन यूथ पैरा गेम्स 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 50मी बैकस्ट्रोक (एस1-5) में गोल्ड और 50मी बटरफ्लाई (एस2-7) में कांस्य पदक जीता। यह दृढ़ संकल्प, गति और सच्ची खेल भावना का एक शानदार प्रदर्शन है। पैरा कमेटी ऑफ इंडिया ने लिखा कि भारत के लिए सुनहरा अवसर। एक शानदार उपलब्धि जो उनके धैर्य, अनुशासन और भारत के युवा पैरा एथलीट की बढ़ती ताकत को दर्शाती है। बधाई हो, अब्दुल। भारत ने एशियन यूथ पैरा गेम्स के लिए 122 सदस्ई दल भेजा है।

# कॉन्वे-मिचेल ने दिलाई न्यूजीलैंड को बढ़त

● **डवेन कॉन्वे ने 60 और मिचेल ने 61 रनों की अर्द्धशतकीय पारी खेली**



**वेलिंग्टन, वार्ता।** डेवन कॉन्वे (60) और मिचेल हे (61) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को स्टंप्स के समय तक पहली पारी में 278 रन का स्कोर करने के साथ 73 रनों की बढ़त के बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के 32 के स्कोर पर दो विकेट झटक कर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

न्यूजीलैंड ने कल के 24 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। न्यूजीलैंड का पहला विकेट सुबह के सत्र में टॉम लेथम (11) के रूप में गिरा। उन्हें केमार रोच ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए केन विलियमसन ने डेवन कॉन्वे के साथ दूसरे विकेट के लिए 67 रन जोड़े। 31वें ओवर में एंडरसन फिलीप ने केन विलियमसन (37) को बोल्ड आउट कर वेस्टइंडीज को दूसरी सफलता दिलाई। रचिन रविंद्र (पांच) रन बनाकर आउट हुए। 36वें ओवर में जस्टिन ग्रीव्स ने डेवन कॉन्वे को आउटकर न्यूजीलैंड को चौथा झटका दिया। डेवन कॉन्वे ने 108 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 60 रनों की पारी खेली। वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज अंतराल पर अपने विकेट गंवाते रहे। मिचेल हे ने 93 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (61) रन बनाए। डैरिल मिचेल (25), ग्लेन फिलिप्स (18), जेकब डफी (11), माइकल रे (13) रन बनाकर आउट हुए। न्यूजीलैंड ने 74-4 ओवरों में 278 का स्कोर बनाया। ब्लेयर टिकनर चोट के कारण बल्लेबाजी करने नहीं उतरे। वहीं जैकरी फॉक्स 23 रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज की ओर से एंडरसन फिलीप ने तीन और केमार रोच ने दो विकेट लिए। जेडेन सील्स, ओजे शील्ड्स, जस्टिन ग्रीव्स और रॉस्टन चेज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने दिन का खेल समाप्त होने के समय दो विकेट पर 32 रन बना लिए और वह अभी भी न्यूजीलैंड के पहली पारी में बनाए गए स्कोर से 41 रन पीछे है। ब्रैंडन किग (नाबाद 15) और केवम हॉज (नाबाद तीन) क्रीज पर मौजूद है।

# मूनी और किंग ने पर्थ स्कॉर्चर्स को डब्ल्यूबीबीएल के फाइनल में पहुंचाया

● **बेथ मूनी ने 76 और अलाना किंग ने 11 रन बनाकर तीन विकेट भी लिए**

**नॉर्थ सिडनी, वार्ता।** बेथ मूनी (76) और अलाना किंग ( 11 रन और तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पर्थ स्कॉर्चर्स ने सिडनी सिक्सर को 11 रनों से हराकर डब्ल्यूबीबीएल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली हैं। पर्थ स्कॉर्चर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 183 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। बेथ मूनी ने (76), केटी मैक (40), पेज स्कोफील्ड ने (14) रनों का योगदान दिया। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी सिडनी सिक्सर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और घरेलू टीम ने एलिसे पेरी, एलिसा हीली और सोफिया डंकले को जल्दी-जल्दी खो दिया, हालांकि एश गार्डनर और अमेलिया केर के बीच 53 रन की साझेदारी से उन्हें कुछ उम्मीद मिली।अमेलिया केर (42), सोफिया डंकले (41), एलिसे पेरी (29) और एश गार्डनर (26) रन बना करन आउट हुयी। किंग ने पावर सर्ज में शानदार दूसरा ओवर फेंका, जिसमें सिर्फ छह रन दिए और गार्डनर को मिड-ऑफ पर कैच आउट करवाया। किंग ने फिर से खतरनाक मैटलान ब्राउन को आउट किया। अलाना ने 17 रन देकर तीन विकेट लेकर मैच जिताऊ प्रदर्शन किया। सिक्सर निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 172 रन ही बना सकी और मुकाबला 11 रनों से हार गई।

# शादी टूटने के बाद स्मृति मंधाना पहली बार पब्लिक इवेंट में दिखी



● **कप्तान हरमनप्रीत कौर को गले लगाया भारतीय उपकप्तान ने कहा कि क्रिकेट से ज्यादा कुछ पसंद नहीं**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना शादी टूटने के बाद पहली बार किसी पब्लिश इवेंट में नजर आई। उन्होंने बुधवार को नई दिल्ली के भरत मंडपम में आयोजित एक निजी इवेंट में हिस्सा लिया। मंधाना ने अपनी मैनेजर नूपुर कश्यप और भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को गले लगाया।

कार्यक्रम में मंधाना ने कहा कि मुझे क्रिकेट से ज्यादा कुछ भी पसंद नहीं है। भारतीय जर्सी पहनने से मोटिवेशन मिलता है और सभी परेशानियां दूर हो जाती हैं। 2 दिन पहले मंधाना ने इंस्टा पोस्ट करके पलाश मुछाल के शादी टूटने की जानकारी दी थी। दोनों की शादी 23 नवम्बर को होनी थी। मंधाना ने कहा कि हर दिन की शुरुआत शून्य से होती है एक सवाल पर मंधाना ने कहा कि क्रिकेट ने मुझे दो बातें सिखाई हैं। पहली- हर दिन की शुरुआत शून्य से होती है और दूसरी- अपने नहीं, अपनी साथ खिलाड़ियों के लिए खेलो। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड कप में हमने तय किया था कि किसी को खुद के लिए नहीं खेलना, बल्कि अपने बगल वाले खिलाड़ी के लिए खेलना है। इससे दबाव कम होता है और ऊर्जा बढ़ती है।

मंधाना ने कहा कि जब आप सोचते हैं कि आपको अपने साथी के लिए अच्छा करना है, तो काम आसान हो जाता है। मैं भी अपने बगल के खिलाड़ी के लिए शतक बनाना चाहती थी, खुद के लिए नहीं। मंधाना श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए उपकप्तान मंधाना को श्रीलंका के खिलाफ 5 टी-20 की सीरीज के लिए भारत की महिला टीम का उपकप्तान बनाया गया है। यह सीरीज 21 दिसम्बर से शुरू होकर 30 दिसम्बर तक चलेगी। शुरुआती 2 मुकाबले विशाखापट्टनम और बाकी 3 मैच तिरुवनंतपुरम में खेले जाएंगे।

# ओडिशा नवल टाटा हाई परफार्मेंस सेंटर ने शाहबाद हॉकी अकादमी हरियाणा को 6-0 से हराया

● **पहले मैच में साई एनसीओई सोनीपत हरियाणा ने जरखड़ हॉकी अकादमी लुधियाना को 5-2 से हराया**

**जालंधर, वार्ता।** ओलंपियन सुरजीत हॉकी स्टेडियम में जारी उन्नीसवें ऑल इंडिया बलवंत सिंह कपूर अंडर-19 लड़कों के हॉकी टूर्नामेंट के पांचवे दिन वीरवार को पूल बी की ओड़ीशा नवल टाटा हाई परफार्मेंस सेंटर और पूल सी में सुरजीत हॉकी अकादमी की टीम ने चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

पहले मैच में साई एनसीओई सोनीपत हरियाणा ने जरखड़ हॉकी अकादमी लुधियाना को 5-2 से हराया। विजेता टीम की तरफ से दो गोल सुनील, अंकुश, सरिजन यादव, आदित्य कुमार ने 1-1 गोल किया। जरखड़ अकादमी की तरफ से अर्जन दीप सिंह ने 2 गोल किये। साई एनसीओई सोनीपत हरियाणा के सुनील को मैन ऑफ द मैच चुना गया। ओडिशा नवल टाटा हाई परफार्मेंस सेंटर की टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए शाहबाद हॉकी अकादमी हरियाणा को 6-0 से हराया। योजिन लमज ने दो, बिलकन ओरम ने 2, बिद्यानंदा सिंह और दीपक परधान ने 1-1 गोल किया। ओड़िशा टीम के योजिन लमज को मैन ऑफ दा मैच चुना गया। सुरजीत हॉकी अकादमी ने एसएआईएल हॉकी अकादमी रुड़केला को 3-1 से हराया। सुरजीत अकादमी की तरफ से हर्षदीप सिंह, अजयपाल सिंह, मनदीप सिंह ने 1-1 गोल किया। एसएआईएल टीम की तरफ लेलसन लमज ने एक गोल किया। सुरजीत हॉकी अकादमी के अजयपाल सिंह के मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# शोभायात्रा के साथ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री दिगंबर जैन चंद्र नगर मंदिर में आयोजित पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का छह दिवसीय पावन आयोजन बुधवार को मोक्ष कल्याणक के पवित्र अवसर के साथ संपन्न हुआ।

अंतिम दिवस पर मुनिवर प्रणम्य सागर महाराज ने अपनी मंगल देशना में कहा कि प्रभु ने चार घातिया कर्म ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, मोहनीय और अंतराय का क्षय कर केवलज्ञान को प्राप्त किया और समवशरण में अरिहंत परमेष्ठी रूप में विराजमान हुए। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा भी निकाली गयी।

मोक्ष कल्याणक के अवसर पर जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने भी पहुंचकर आशीर्वाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि भारत भूमि तीर्थंकरों, महापुरुषों और मुनियों की तपस्या से धन्य रही है। पूज्य मुनिवर का आशीर्वाद प्राप्त करना उनके लिए सौभाग्य का विषय है। जैन समाज के अध्यक्ष राजेश कुमार जैन ने महानगर के सभी वर्गो के श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों से मिलने वाली शांति, शक्ति और दिव्यता का शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता।

चंद्र जैन मंदिर के चौधरी डॉ. ए. के. जैन ने कई माह से निष्ठापूर्वक सेवा दे रहे सभी कार्यकर्ताओं, श्रावक-श्राविकाओं का हृदय से धन्यवाद किया।

मुख्य संयोजक राकेश जैन एवं भव्य जैन ने शासन-प्रशासन, नगर विधायक, मेयर, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, पत्रकारों एवं सभी सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

इस अवसर पर डा. ए. के. जैन, सुशील जैन, भव्य जैन, राकेश जैन, प्रो. ए. के. जैन, मुकेश जैन, सी.ए. अनिल जैन, प्रवीन जैन, राजीव जैन, विनोद जैन, विशाल-सुदीप जैन, अभय जैन, प्रकाश चन्द जैन, पार्षद गौरव जैन, अनुज जैन, पूर्व पार्षद मानसिंह जैन, चौ. संदीप जैन, नीना जैन, मनीष जैन, अंशुल जैन, अनुज जैन, निखिल जैन, दीपक जैन, आशीष जैन, मयंक जैन, दिनेश जैन, अमित जैन, गौरव जैन, अक्षत जैन, धवल जैन, अभिषेक जैन, आर्जव जैन, पंकज जैन, विनय जैन, अरुण जैन, आशीष जैन, राजा जैन, साथ ही पंचान समिति, सम्मानित चौधरीगण एवं सकल जैन समाज का योगदान उत्कृष्ट एवं सराहनीय रहा।

# नगर निगम 61 हजार लाइटों का अपने संसाधनों से कर रहा रख रखाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देशन में नगर निगम शहर में स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था सुधारने में लगा है। हर रोज सवा सौ से अधिक लाइट सम्बंधी शिकायतों का निपटारा तेजी से किया जा रहा है। आवश्यकतानुसार खराब हुई लाईटों के स्थान पर नयी लाइटें भी लगायी जा रही हैं और फोकस भी बदले जा रहे हैं।

अधिशासी अभियंता एवं पथ प्रकाश प्रभारी वी बी सिंह ने उक्त जातनकारी देते हुए बताया कि करीब दो माह पूर्व ईईएसएल कंपनी से अनुबंध समाप्त होने के बाद 61 हजार से अधिक लाईटों का रखरखाव नगरायुक्त शिपू गिरि के दिशा निर्देशन में नगर निगम द्वारा अपने संसाधनों से स्वयं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ईईएसएल कंपनी द्वारा स्ट्रीट लाईट का रखरखाव ठीक से न करने, खराब प्रकाश बिंदुओं को न बदलने, शिकायतों का निस्तारण समय से न करने आदि के कारण ईईएसएल कंपनी का अनुबंध नगर निगम द्वारा करीब दो माह पूर्व समाप्त कर दिया गया था।



कंपनी के माध्यम से शहर में 54165 लाईट लगवायी गयी थी। उन सब लाईटो तथा उनके अतिरिक्त नगर निगम द्वारा लगवायी गयी करीब सात हजार लाईटों के अनुरक्षण का कार्य अब निगम द्वारा अपने संसाधनों से किया जा रहा है।

अधिशासी अभियंता ने बताया कि इस डेढ़ माह के अंतराल में 500 लाइटे बदल कर नयी लाईटें लगायी गयी है तथा हाईमास्ट के करीब 250 फोकस बदले गए हैं। हर रोज लाईट सम्बंधी आने वाली करीब सवा सौ से डेढ़ सौ शिकायतों का भी तत्काल निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक विशेष बात यह है कि इस कार्य में औसत व्यय पहले से कम आ रहा है।

# जयंती पर होगा जन जागरण अभियानः चौ.नीरपाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तराखंड प्रभारी चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि 23 दिसंबर को चौ.चरण सिंह की जयंती पर जन जागरण अभियान चलाया जायेगा।



चौ.नीरपाल सिंह गुरुकुल नारसन कैंप कार्यालय पर राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उत्तराखंड सरकार से मांग करते हुए कहा कि 23 दिसम्बर को चौधरी चरण सिंह की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा की विचारधारा पूरे उत्तराखंड में गांव गांव,गली गली पहुंचे इसके लिए रालोद कार्यकर्ता 23 दिसम्बर से जन जागरण अभियान चलाएंगे।

उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष सिद्धान्त चौधरी व जिलाध्यक्ष शारीक चौधरी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह हमारे आदर्श हैं।उनकी नीतियों पर चलकर राष्ट्रीय लोकदल को आगे बढ़ाएंगे। बैठक में प्रदेश सचिव आयुष राठी, अक्षय राठी, अभिषेक राठी, शिवम राठी, आर्यन राठी, लक्ष्य राठी, पुलकित, आशुतोष, आदर्श, भारत त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# पत्रकार सुरेन्द्र अरोड़ा की माता का निधन

**गंगोह।** प्रेस क्लब गंगोह कार्यालय पर पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष सुरेंद्र अरोड़ा की माता जी स्व: प्रेम. वती देवी की हदयगति रूकने से निधन होने पर गहरा शोक व्यक्त किया गया।

शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति एवं मोक्ष की कामना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्ष भारत गर्ग व पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद टेबक ने कहा कि ईश्वर की माया के आगे हम सभी नतमस्तक है। सभा में बलवीर सिंह तोमर, सचिव बिजेंद्र सैनी, राज.`श्वर शर्मा, डा. राकेश गर्ग, रमेश चंद्र गर्ग थापा, श्रवण शर्मा, नौशाद चौधरी, सुहैल खान, उमंग गर्ग, मनोज महेश्वरी, सागर मौजूद रहे।

# तुलसी भारतीय संस्कृति का द्योतकःडा.अशोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा.अशोक मलिक ने कहा कि तुलसी माता भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता का द्योतक है।

डा.मलिक ने यह बात लेबर कॉलोनी स्थित भगवती देवी मेमो. रियल पब्लिक स्कूल में श्री योग वेदांत सेवा समिति के द्वारा तुलसी पूजन के कार्यक्रम में कही। उन्होंने समिति के अध्यक्ष राजेश्वर सैनी संयोजक डॉक्टर सुशील धीमान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा यदि किसी व्यक्ति को बीमारी हो जाती है तो प्रकृति में ही बीमारी का निदान भी है और जिसमें तुलसी का विशेष महत्व है तुलसी बहुत सी बीमारियों का निदान भी करती है इस प्रकार हर व्यक्ति को अपने घरों में तुलसी के पौधे लगाने चाहिए हिन्दू धर्म में भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म मे तुलसी माता के रूप में पूजनीय होती है प्रकृति के द्वारा पेड़ पौधे और जड़ी बूटियां जो बीमा. रियों का निदान करती है।



श्री योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष राजेश्वर सैनी, डॉक्टर सुशील धीमान ने भी विचार रखे।

स्कूली बच्चों में कुमारी वासु उर्फ वैष्णवी कुमारी आयुषीकुमारी सिमरनै कुमारी कीर्ति कुमारी अंशिका चौधरी नैंसी प्रिया प्रियंका शालू खुशी ने विधिवत पूजा अर्चना की बालकों में गुरु इकबाल नारायण सिंह सागर लक्ष्य मलिक हर्षित आदि ने पूजा अर्चना की।

कार्यक्रम में धनु राम शर्मा यशपाल सिंह कृष्ण धीमान उ एस कंबोज रविंदर शरद राजन अशोक कुमार प्रिया कावत्र काजल हरेंद्र मेनू डिंपल चौधरी धीरज चौधरी वैभव शर्मा रजनी आदि उपस्थित रहे

अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती सुषमा मलिक ने आए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# व्यापक नाकाबंदी व सघन चैकिंग अभियान चलाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के निर्देशन में जनपद में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रक अभियानों के तहत आज एक व्यापक नाकाबंदी एवं सघन चें. कंग अभियान संचालित किया गया।

वर्तमान परिस्थितियों एवं संभावित आपराधिक गतिविधियों पर रोकथाम के दृष्टिगत बनाई गई इस विशेष कार्ययोजना का मुख्य उद्देश्य अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना तथा जनपद में कानून-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को और मजबूत बनाना रहा। आज को दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक जनपद सहारनपुर के नगर क्षेत्र, ग्रामीण इलाकों तथा अन्तरजनपदीय६अन्तर्राज्यीय सीमाओं पर पुलिस द्वारा बैरियर लगाकर सघन चेकिंग की गई। चें. कंग के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों व वस्तुओं की गहन तलाशी एवं सत्यापन किया गया। पुलिस टीमों ने संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन निगरानी एवं इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर विशेष सतर्कता बरती। थाना स्तर से लेकर जनपद स्तर तक गश्त एवं समन्वय को और मजबूत किया गया। अभियान के दौरान जनपद की सभी सीमाओं को अस्थायी रूप से सील कर रणनीतिक नाकाबंदी लागू की गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों में भय पैदा करना तथा आम जनता में भरोसा और सुरक्षा की भावना को और अधिक मजबूत करना रहा।

# समस्याओं का हल गायत्री मंत्र की साधनाः सुरेन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** शांति कुंज से पधारी टोली के मुख्य वक्ता सुरेन्द्र नाथ ने कहा कि वर्तमान की सभी समस्याओ का समाधान गायत्री मंत्र की साधना एवं यज्ञ का अवलम्बन है।

उक्त विचार उन्होंने ग्राम बाबैल बुजुर्ग में चल रहे त्रिदिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन श्रद्धांलुओं को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। इस दौरान उन्होंने वर्तमान की सभी समास्याओ का कारण कुबुद्धि को बताते हुए उसका एकमात्र समाधान गायत्री मंत्र की साधना ओर यज्ञ को बताया। गुरुवार को प्रात कालीन सत्र में यज्ञ प्रवचन तथा सांय कालीन सत्र में हजारों दीपको से दीपावली सजाते हुए सुंदर एवं भव्य दीपयज्ञ किया गया। मुख्य वक्ता ने बताया की युग ऋषि श्री राम शर्मा आचार्य द्वारा प्रतिपादित यज्ञ की सूक्ष्म विधि दीपयज्ञ है जिसमे मनुष्य मात्र दीपक के खर्च में भी यज्ञ का पूर्ण लाभ प्राप्त कर सकता है! इस बीच युग गायक दीपक बघेल, गोपाल मालवीय, वादक नरेंद्र कुमार रामगोपाल मालवीय आदि ने युग संगीत के माध्यम से श्रोताओं को भक्ति रस से सराबोर किया।



कार्यक्रम के दौरान देव पूजन प्रताप सिंह प्रधानाचार्य, भाजपा नेता अभय राणा, सपा नेता रोहित सिंह राणा, रमन शर्मा दिनेश राणा, सुधीर राणा, नीरज आदि ने किया! आज के सत्रों में अक्षय यादव, डॉ महिपाल सिँह, अनिल वत्स, अशोक गुप्ता, सुरेश रुहेला, पीके शर्मा, प्रमोद रुहेला, पवन शर्मा, दिव्यांश राणा, शिवकुमार, नीरज काम्बोज, नकली राम शर्मा, श्याम सिंह प्रधान, हर्षवर्धन शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# 1 लाख 40 हजार कीमत के गांजे समेत नशा तस्कर दबोचा

**सहारनपुर।** डीआईजी अभिषेक सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थ एवं नशे के अवैध कारोबार पर रोकथाम लगाए जाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा 2.0 के अंतर्गत थाना देहात कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक नशा तस्कर को 14 किलो 180 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है, जिसकी बाजार कीमत लगभग 1,40,000 रुपये बताई जा रही है।

आज पुलिस लाइन के सभागार में पकड़े गए तस्कर का विवरण साझा करते हुए सहायक पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार यादव ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तोमर एवं पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल के निर्देशन में यह अभियान लगातार प्रभावी रूप से जारी है। इसी क्रम में थाना देहात कोतवाली पुलिस ने अगस्त माह के दौरान मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पप्पू साहनी पुत्र शंकु साहनी निवासी कंसी सिमरी, थाना सेमरी, जनपद दरभंगा के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे ढमोला नदी पुल के पास नयागांव की ओर जाने वाले बायपास रोड से दबोचा। उसके पास से 14 किलो 180 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार पकड़ी गई मादक सामग्री की कीमत करीब 1.40 लाख रुपये है। पुलिस आरोपी के नेटवर्क की जांच में जुट गई है।

# बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** धर्मशाला कोरी समाज समिति द्वारा आगामी 25 दिसंबर को माँ शाकम्बरी देवी क्षेत्र, नागल माफी में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है।

समिति के प्रबंधक राजकुमार सिंह (ठेकेदार) ने सभी आजीवन तथा सक्रिय सदस्यों से बैठक में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होने का आह्वान किया। समिति के अनुसार, सदस्यों का यह नैतिक कर्तव्य है कि जिस संस्था से वे जुड़े हैं, उसके कार्यो और गतिविधियों में वर्ष में कम से कम एक बार अवश्य सहभागिता करें। धर्मशाला के विकास एवं संच. ालन में दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सहयोगियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसके लिए समिति ने सभी का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

बैठक में धर्मशाला के वर्तमान कार्य, भविष्य की योजनाएँ तथा आवश्यक सुधारों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा।

# पदक के लिए खिलाड़ियों ने बहाया पसीना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** चतुर्थ उत्तर प्रदेश स्टेट क्वान-की-डो चैंपियनशिप में खिलाडियों ने पदक के लिये जमकर अपना पसीना बहाया।

डा.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता का उदघाटन पूर्व विधायक नरेश सैनी, गाजीपुर से अमित कुमार सिंह, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश क्वान-की-डो एसोसिएशन, मंडल प्रभारी सुशील चौधरी तथा डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन सहारनपुर की अध्यक्ष श्रीमती रश्मि टेरेंस द्वारा किया गया।

इस दौरान जिला सचिव ऐश्वर्या कौशिक, कोषाध्यक्ष प्रशांत चौरसिया, तथा अलका कुमार, शशांक शर्मा, हेमंत अरोड़ा, सुहैल राणा, संजना दलक, अरुण मिश्रा, जोगिंदर लाल, संजय शर्मा, अफ्रीदा, कशिश, विनायक, अमन, वैभव, पारुल, देव पाल राजीव चड्ढा , डॉ सुमित और अशोक शर्मा जी, मिहिर चंद , गुलिस्ता खान, बबीता रानी वी के तोमर जी। आदि सदस्य भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।




# प्रस्तुतियों से मन मोहा, मेधावी बच्चे पुरस्कृत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पाइनवुड विद्यालय के दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के द्वारा छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

प्रथम दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 1 से 6 तक के विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम की थीम एसडीजे-13 तथा उड़ान पढ़ने दो बढ़ने दो, इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण की जागरूकता बढ़ाना तथा शिक्षा को बच्चों के सर्वांगीण विकास का आधार बनाना था। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नाटक, समूहगान, नृत्य-गीत- संगीत एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन, प्रकृति संरक्षण, सतत विकास तथा बच्चों को सीखने की स्वतंत्रता और शिक्षा के माध्यम से ऊँची उड़ान भरने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक अरविन्द कुमार, विद्यालय निदेशिका संतोष गुप्ता, दीपक अग्रवाल, रीना अग्रवाल, अंकित गुप्ता, सृष्टि अग्रवाल व प्रधानाचार्य डॉ. संजीव जैन ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम में कक्षा एक व दो के प्रतिभावान छात्रों तथा विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के द्वारा कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए छात्रवर्ग व शिक्षकवर्ग का भी उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम मे प्रधानाचार्य डॉ. संजीव जैन ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया। विशेष आमंत्रण में कई स्कूलों के प्रधानाचार्य को भी बुलाया गया जिसमें मुख्य रूप से पीच ग्रो से रो. मिला अरुण बंगा, अंजली शर्मा भी मौजूद रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया।




# बालिकाओं व महिलाओं को किया जागरूक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय आशरा खेड़ी विकासखंड नकुड में भारत सरकार द्वारा संचालित 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम बाल विवाह मुक्त भारत के अंर्तगत बालि. काओं एवं महिलाओं को जागरूक किया गया।

हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहा गया कि बाल विवाह एक गैर कानूनी कार्य है इसी कारण सरकार ने संविधान द्वारा बताया गया है कि विवाह की आयु लड़की की आयु 18 वर्ष एवं लड़के का 21 वर्ष होना चाहिए। जनमानस को बताया गया कि अगर आपके आसपास लड़के या लड़की का बाल विवाह हो रहा तो आप 1098 ,1090 ,181,112 पर कॉल करके जानकारी दे सकते है जिसमे जानक. री प्रदान करने वालो की जानकारी गोपनीय रखी जायेगी। साथ ही साथ बच्चों को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ भी दिलाई गई।

इसके अलावा जिला प्रोबेशन अधिकारी के दिशा निर्देशानुसार स्वावलंबन कैंप का आयोजन ब्लॉक नकुड़ में किया गया। जिसमें महिला कल्याण विभाग की संचालित विभागीय योजनाओं आदि के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए पात्र लाभार्थियों के आवेदन कराए गए।

# रात्री में खुले में न सोयेंः डीएम

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने जनपद में निवासित बेघर, बुजुर्ग और भीख मांगने वाले जैसे कमजोर समूह, असहाय, गरीब व्यक्तियों, परिवारों को अत्यधिक ठण्ड, शीतलहर, पाला से राहत प्रदान किए जाने हेतु रैन बसेरों का संचालन किये जाने, रैन बसेरों में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने, अलाव की व्यवस्था किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल ने कहा कि निराश्रित एवं कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों के लिए ठण्ड एवं शीतलहर से बचाव हेतु रैन बसेरों में सुविधाएं अच्छी एवं गुणवत्तापूर्ण होने के साथ-साथ साफ-सफाई, गद्दे, कम्बल, स्वच्छ पेयजल एवं किचन व अलाव आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे ठण्ड से किसी प्रकार की कोई समस्या व जनहानि न हो। रैन बसेरों में सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे स्थापित करते हुए महिलाओं एवं पुरूषों के सोने व शौचालय की अलग-अलग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उच्चाधिकारियों द्वारा रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया जाए। सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण कर सुनिश्चित किया जाए कि निराश्रित एवं कमजोर वर्ग के व्यक्ति खुले में न सोयें और यदि भ्रमण के दौरान ऐसे व्यक्ति पाए जाते है तो उन्हें तत्काल रैन बसेरों में पंहुचाया जाए। रैन बसेरों में अलाव व गर्म पानी की व्यवस्था कराई जाए। रैन बसेरों में केयर टेकर के नाम, पदनाम एवं मो0नं0 डिस्पले कराए जाएं। शीतलहर के दौरान क्या करें, क्या न करें के बारे में जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पशुधन को शीतलहर एवं अत्याधिक ठण्ड से राहत प्रदान किये जाने हेतु आश्रय स्थलों की स्थापना की जाए।

# सहारनपुर की नम्या मुम्बई में देगी परफोरमेंस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** दक्षिण कोरिया में क्लासिकल बैले व वैस्टर्न डांस की ट्रेनिंग लेकर लौटी केशव नगर, नुमा. इश कैम्प निवासी प्रवीण जग्गा एवं नीरू जग्गा की सुपुत्री नम्या जग्गा समेत छह बच्चे आगामी जनवरी व फरवरी में मुम्बई में बोधगया में होने वाले शो में अपनी परफोरमेंस देंगे।

उल्लेखनीय है कि शुभारति यूनिवर्सिटी द्वारा पूरे भारत में डांस के ऑडिशन कराये गये थे, जिनमें से भारत के छह बच्चों नम्या जग्गा, अक्षय शर्मा, अंजल राणा, वसुन्धरा, रिया व ऐश्वर्या का चयन किया गया था जिन्हें दक्षिण कोरिया की सरकार द्वारा ट्रेनिंग के लिए बुलाया गया। दक्षिण कोरिया में उन्हें 23 अक्टूबर से 26 नवम्बर तक बैले, शास्त्रीय और विभिन्न नृत्य सिखाये गये। तत्पश्चात इसके शो भारत मण्डप प्रगति मैदान नई दिल्ली में कराये गये थे। प्रतिभागी नम्या जग्गा ने बताया कि यह एक इंटरनेशनल म्यूजिकल शो है। जो भगवान गौतम बुद्ध की जीवन गाथा पर आधारित है। उन्होंने बताया कि दक्षिण कोरिया में उन्हें डांस के साथ-साथ कोरियाई गाने भी सिखाये गये। उन्होंने बताया कि आगामी जनवरी व फरवरी में इसके शो मुम्बई व बोधगया मे होंगे।

## सम्पादकीय

शुक्रवार, 12 दिसम्बर 2025

# फिर बढ़ी तिथि

चुनाव आयोग ने एक बार फिर मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण यानि एसआईआर के लिए चल रहे अभियान की तिथि बढ़ा दी है। ऐसा दूसरी बार है जब चुनाव आयोग ने यह तिथि बढ़ाई है। यह तिथि पांच राज्य उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, तमिलनाडु के साथ अंडमान निकोबार के लिए बढ़ाई गई है। यहां यह बताना भी जरूरी है कि निर्वाचन आयोग ने बिहार में एसआईआर कराने के बाद 12 राज्यों व केंद्रशासित क्षेत्रों में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू की है। आयोग की ओर से बताया गया है कि इन राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों ने तिथि बढ़ाने के लिए अनुरोध किया था। उत्तर प्रदेश में यह तिथि 26 दिसंबर तक के लिए बढ़ गई है। चुनाव आयोग का कहना है कि यह फैसला यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया है कि नई सूची में किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम नहीं छूटे। वैसे आयोग के फैसले को लेकर शुरू से ही उसकी आलोचना हो रही थी और उस पर आरोप लग रहे थे कि इतने कम समय में इतना बड़ा काम संभव नहीं है। कोई भी समझ सकता है कि 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक का समय इतने बड़े काम को लेकर नाकाफी था और यह किसी के भी समझ में नहीं आ रहा था। इस बीच कई बीएलओ ने अपनी जान से भी हाथ धो लिया, इसके पीछे जो कारण माना गया वह भी एसआईआर का दबाव ही माना गया। इसको लेकर भी चुनाव आयोग की आलोचना हो रही थी। शायद यह आलोचनाओं का ही दबाव रहा कि चुनाव आयोग को अपने ही फैसलों में दो बार संशोधन करना पड़ा। अच्छी बात यह है कि चुनाव आयोग ने जल्द ही अपनी गलती सुधारने का काम किया और 22 दिनों का समय अतिरिक्त दिया। निसंदेह इससे जहां बीएलओ से दबाव हटेगा वहां लोगों को भी हड़बड़ी में काम करने से निजात मिलेगी। विशेषकर उन लोगों को जो अपने घरों से दूर काम के सिलसिले में बाहर हैं। साथ ही चुनाव आयोग की ओर से यह भी संदेश जाएगा कि वह इस बात को लेकर गंभीर है कि कोई पात्र व्यक्ति मताधिकार से वंचित न होने पाए। वैसे बेहतर होता कि चुनाव आयोग उदारता व दूरदर्शिता दिखाते हुए कम से कम उन राज्यों में पर्याप्त समय दे सकता था, जहां अगले वर्ष चुनाव नहीं होने जा रहे हैं, लेकिन चुनाव आयोग ने पता नहीं किस समझ के साथ बहुत ही कम समय सीमा के साथ एक बड़े काम के साथ आगे बढ़ने का फैसला लिया। जबकि इसकी कोई जरूरत नहीं थी। विपक्ष भी चुनाव आयोग पर यह कहकर आरोप लगा रहा है कि अगर वास्तव में एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग गंभीर है और घुसपैठियों को निकालना उसका मकसद है, तो फिर वह गंभीरता उसके आचरण में क्यों दिखाई नहीं दे रही है। वह इतनी हड़बड़ी में क्यों है, यह समस्या कोई आनन फानन में हल नहीं होने वाली, क्योंकि हड़बड़ी में काम करने से अनावश्यक भय का वातावरण बनता है।

## संसद में धूम्रपान कानून का अपमान



लोकतंत्र के मंदिर संसद में धूम्रपान करना संविधान और कानून का अपमान है, लोकतंत्र के मंदिर में एक दुर्भाग्यपूर्ण एक घटना को घटते हुए देखा गया, पूरे देश में ई-सिगरेट 2019 से पूरी तरह से प्रतिबंधित हैं, कानून के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना भी प्रतिबंधित है, लेकिन, संसद यानी लोकतंत्र के मंदिर में ई-सिगरेट लाना और पीना कानून के खिलाफ है, इन सभी का उल्लंघन टीएमसी के सांसद ने किया है। इस मामले पर संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष ने भी कहा कि ये पूर्ण तरीके से गलत है, इसकी जांच होगी और जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर कार्यवाही की जाएगी, इसी शीतकालीन सत्र में हमने देखा कि एक सांसद द्वारा संसद में कुत्ते को लेकर आना और ऊपर से यह कहना कि यह तो नहीं पर जो अंदर बैठे है वो काटते हैं, इसका मतलब संसद के अधिकारी, सुरक्षाकर्मी, सांसद समेत सभी लोगों पर एक तरह का बड़ा आक्षेप है।

**-शहजाद पूनावाला, प्रवक्ता, भाजपा**

# इंडिगो: एक मानव निर्मित संकट





रजनीश कपूर

**इंडिगो संकट, एयरलाइन प्रबंधन और नियामकीय निगरानी दोनों की व्यापक विफलता को उजागर करता है। डीजीसीए द्वारा नए नियमों के तहत क्रू उपलब्धता की जांच किए बिना सर्दी के शेड्यूल को मंजूरी देना, ऑडिट की कमी को दर्शाता है। अन्य एयरलाइंस, जैसे एयर इंडिया, अकासा और यहां तक कि स्पाइसजेट ने नियाम परिवर्तनों की प्रत्याशा में रोस्टर समायोजित करके और अतिरिक्त स्टाफ भर्ती करके इसी तरह के व्यवधानों से बचाव किया। सोचने वाली बात है कि यह संकट कम किया जा सकता था या पूरी तरह टाला भी जा सकता था, यदि इंडिगो ने स्टाफिंग और अनुपालन के लिए अधिक पारदर्शी और सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया होता।**

भारतीय विमानन क्षेत्र ने हाल ही में अपने सबसे अंधकारमय दौर से गुजरा है, जब प्रमुख निजी एयरलाइन इंडिगो की अनुपालन न करने की वजह से एक बड़ा संकट उत्पन्न हुआ। इस संकट ने न केवल आकाश में बल्कि जमीन पर भी अफरा-तफरी मचा दी, जिससे भारतीय विमानन की वैश्विक छवि को गहरा धक्का लगा। इंडिगो का वर्तमान संकट, जिसमें 3,000 से अधिक उड़ानों के रद्द होने और व्यापक परिचालन पक्षाघात शामिल है, 2019 में जेट एयरवेज के ग्राउंडिंग के बाद भारतीय विमानन में सबसे गंभीर व्यवधान है। यह एयरलाइन, जो लंबे समय से दक्षता और समय की पाबंदी का प्रतीक मानी जाती थी, अब नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशंस नियमों की पूर्वानुमान और तैयारी में विफलता के कारण विश्वास के संकट का सामना कर रही है। पुरानी अंडर-स्टाफिंग और दुबली-पतली मैनपावर रणनीति के साथ मिलकर, एयरलाइन को आपातकालीन योजनाओं के लिए हाथ-पांव मारने पड़े, जिससे देश भर में हजारों यात्री फंसे रह गए।

यह संकट पूरी तरह से टाला जा सकता था, यदि एयरलाइन ने नियामक के निर्देशों का पालन किया होता। इंडिगो के प्रबंधन ने पायलट यूनियनों और उद्योग विशेषज्ञों की बार-बार चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया, जो हायरिंग फीज और नो-पोचिंग समझौतों के जोखिमों के बारे में थीं। लालच के चलते एयरलाइन ने अपनी मौजूदा फ्लाइटों बढ़ोतरी भी की जिसने आग में घी डालने का काम किया। नए एफडीटीएल नियम लागू होने पर एयरलाइन कॉकपिट और केबिन क्रू की गंभीर कमी सामने आई। लागत कटौती के लिए स्टाफ संख्या को न्यूनतम रखने की रणनीति तब उलटी पड़ गई। संकट को और गहरा किया खराब रोस्टर प्लानिंग और नियामकीय चूकों ने। इंडिगो के सीईओ पीटर एलबर्स ने स्वीकार किया कि सामान्य परिचालन धीरे-धीरे ही बहाल हो पाएगा, क्योंकि एयरलाइन नए पायलट डडूटी नियमों से अस्थाई छूट मांग रही है। सवाल यह उठता है कि जब डीजीसीए ने सभी ऑपरेटरों को नए नियमों का अनुपालन करने के लिए पर्याप्त समय दिया था, तो इंडिगो ने उन्हें नजरअंदाज करने का फैसला क्यों लिया?

भारत के विमानन इतिहास में ऐसे कई उदाहरण हैं जहां निजी एयरलाइनों का पतन प्रबंधन की विफलताओं और बाहरी दबावों के कारण हुआ। किंगफिशर एयरलाइंस, जो कभी देश की सबसे चमकदार कैरियर थी, वित्तीय कुप्रबंधन और अत्यधिक कर्ज के कारण 2012 में अचानक बंद हो गई। जेट एयरवेज, जो भारत के निजी विमानन युग का अग्रदूत था, 2019 में नियम पुस्तिका के उल्लंघनों, खराब वित्तीय नियंत्रणों, बढ़ते घाटे और बदलते बाजार हालातों से अनुकूलन में असमर्थता के कारण इसी भाग्य का शिकार हुआ। इंडिगो का नए एफडीटीएल नियमों को नजरअंदाज करने का तरीका भी जेट एयरवेज की याद दिलाता है, जो इसी तरह के घमंड के चलते अपनी सुविधा के लिए नियमों को अनदेखा करती रही। यह उदाहरण एक दोहरावदार पैटर्न को रेखांकित करते हैं, वे एयरलाइंस जो अल्पकालिक लागत बचत को पायलटों और यात्रियों की सुरक्षा तथा नियामकीय अनुपालन आवश्यकताओं से ऊपर रखती हैं, वे एक ब्रेकिंग पॉइंट पर पहुंचकर अचानक ढह जाती हैं।

इंडिगो संकट, एयरलाइन प्रबंधन और नियामकीय निगरानी दोनों की व्यापक विफलता को उजागर करता है। डीजीसीए द्वारा नए नियमों के तहत क्रू उपलब्धता की जांच किए बिना सर्दी के शेड्यूल को मंजूरी देना, ऑडिट की कमी को दर्शाता है। अन्य एयरलाइंस, जैसे एयर इंडिया, अकासा और यहां तक कि स्पाइसजेट ने नियाम परिवर्तनों की प्रत्याशा में रोस्टर समायोजित करके और अतिरिक्त स्टाफ भर्ती करके इसी तरह के व्यवधानों से बचाव किया। सोचने वाली बात है कि यह संकट कम किया जा सकता था या पूरी तरह टाला भी जा सकता था, यदि इंडिगो ने स्टाफिंग और अनुपालन के लिए अधिक पारदर्शी और सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया होता। डीजीसीए द्वारा सख्त अनुपालन ऑडिट की अनुपस्थिति ने भी इस अराजकता में भूमिका निभाई। भविष्य के संकटों को रोकने के लिए, एयरलाइंस को परिचालन लचीलेपन को प्राथमिकता देनी चाहिए, पर्याप्त स्टाफिंग में निवेश करना चाहिए और नियामकीय निकायों तथा कर्मचारी यूनियनों के साथ खुले संवाद बनाए रखने चाहिए। सरकार को भी इन पर निगरानी रखनी चाहिए ताकि उड़ान शेडडूल केवल परिचालन और सुरक्षा मानदंडों के अनुपालन की जांच के बाद ही मंजूर किए जाएं। परिचालन मुद्दों को ध्यान में रखते हुए, डीजीसीए को ऑपरेटरों से सुझाव भी लेने चाहिए ताकि उनकी मांगों को समायोजित किया जा सके। इंडिगो का संकट सिर्फ एक एयरलाइन की गलतियों की कहानी नहीं है, बल्कि पूरे भारतीय विमानन क्षेत्र के लिए एक चेतावनी है।

इंडिगो संकट के मद्देनजर डीजीसीए द्वारा सख्त नियामकीय कार्रवाई भारत में एयरलाइन उल्लंघनों के लिए एक शक्तिशाली मिसाल कायम कर सकती है। डीजीसीए ने पहले ही सामूहिक रद्दीकरणों की परिस्थितियों की जांच के लिए एक व्यापक जांच शुरू कर दी है, जिसमें चार सदस्ईय पैनल को 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने का काम सौंपा गया है ताकि प्रवर्तन कार्रवाइयों और संस्थागत सुधारों की सिफारिश की जा सके। पिछले उदाहरण दिखाते हैं कि नियामक ने अनुपालन न करने के लिए कठोर दंड लगाने में संकोच नहीं किया, जिसमें 10 लाख से 90 लाख रुपये या इससे अधिक के वित्तीय जुर्माने, ऑपरेटर अनुमतियों का निलंबन और बार-बार या गंभीर उल्लंघनों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को हटाना भी शामिल है। उदाहरण के लिए, डीजीसीए ने हाल ही में एयर इंडिया को एक पायलट को अनिवार्य नियामकीय आवश्यकताओं को पूरा किए बिना उड़ान संचालित करने की अनुमति देने के लिए 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। डीजीसीए ने पहले क्रू शेड्यूलिंग और सुरक्षा निगरानी में गंभीर और दोहरावदार चूकों के लिए एयर इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों को हटाया है। ऐसे दंडों को लागू करके और एयरलाइंस तथा उनके प्रबंधन को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराकर, डीजीसीए एक स्पष्ट संदेश देता हैरू परिचालन शॉर्टकट, नियामकीय अनुपालन न करने और लापरवाही को त्वरित और सख्त परिणामों से सामना करना पड़ेगा। इंडिगो का संकट बताता है कि परिचालन उत्कृष्टता सिर्फ दक्षता और समय की पाबंदी के बारे में नहीं है, बल्कि एयरलाइन क्रू व यात्री सुरक्षा, तैयारीऔर जिम्मेदारी के बारे में भी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# प्यार को जाने देना आसान नहीं...

**किसी ऐसे इंसान को जाने देना, जिससे आपने दिल से प्यार किया हो, बेहद मुश्किल होता है। जो यादें और वादे कभी सब कुछ थे, वे एक पल में बेमानी लगने लगते हैं, पर अगर कोई वाकई आपके साथ नहीं रहना चाहता, तो क्या उन्हें रोकना सही है? आइए, इस उलझन को समझते हैं और जानते हैं कि वो कौन-सा पल होता है, जब किसी को जाने देना ही आपके लिए सबसे बेहतर फैसला बन जाता है।**

अगर कोई आपको छोड़कर जाना चाहता है, तो उसे जाने दें, यह बात हम सबने सुनी है। लेकिन क्या यह इतना आसान होता है? क्या आपने कभी खुद से पूछा है कि उस शख्स के लिए दरवाजा खोलने का सही वक्त कब आता है? जब रिश्ता टूटने की कगार पर हो, तो दिल और दिमाग के बीच एक खींचतान शुरू हो जाती है। क्या एक आखिरी कोशिश करनी चाहिए? या फिर अपनी आत्मा को और तकलीफ देने से बेहतर है कि सब कुछ छोड़कर आगे बढ़ा जाए? किसी ऐसे इंसान को जाने देना, जिससे आपने दिल से प्यार किया हो, बेहद मुश्किल होता है। जो यादें और वादे कभी सब कुछ थे, वे एक पल में बेमानी लगने लगते हैं। पर अगर कोई वाकई आपके साथ नहीं रहना चाहता, तो क्या उन्हें रोकना सही है? आइए, इस उलझन को समझते हैं और जानते हैं कि वो कौन-सा पल होता है, जब किसी को जाने देना ही आपके लिए सबसे बेहतर फैसला बन जाता है। इसके बाद डॉ. उन दो संकेतों की गहराई से व्याख्या करते हैं, जो दर्शाते हैं कि अब शायद रिश्ते को अलविदा कह देने का समय आ गया है न सिर्फ उनके लिए, बल्कि आपके अपने भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए भी।

### संकेत 1- जब वे रिश्ते की जिम्मेदारियों से कतराने लगते हैं

डॉ. के अनुसार, यदि आपका साथी अब रिश्ते में अपनी भूमिका निभाने से बच रहा है या जिम्मेदारी लेने से पीछे हट रहा है, तो यह एक बड़ा संकेत है कि शायद उन्हें जाने देने का वकघ्त आ गया है।

वह समझाते हैं, एक स्वस्थ और सशक्त रिश्ते के लिए दो लोगों की भागीदारी जरूरी होती है। अगर आपका साथी अब ना तो आत्ममंथन करने को तैयार है, ना संघर्षों में अपनी भूमिका स्वीकार करता है, और ना ही आपके साथ आगे बढ़ना चाहता है तो यह रिश्ता टिक नहीं पाएगा। ऐसे हालातों में रिश्ता धीरे-धीरे खत्म होने लगता है, चाहे आप उसे कितना भी थामे रहें।

### संकेत 2- जब वे साझेदारी छोड़कर आपको ही दोष देने लगते हैं

डॉ. बताते हैं कि जब आपका साथी अब रिश्ते में करुणा और समझ के बजाय, केवल दोष देने की भाषा अपनाने लगे तो यह एक स्पष्ट संकेत है कि रिश्ता बिखरने की कगार पर है। वे कहते हैं, जब बातचीत हम इसे मिलकर कैसे ठीक करें? आप से बदलकर तुम ही समस्या हो बन जाए तो समझ लीजिए कि अब आप दोनों एक टीम नहीं रह गए। जब कोई समझने की कोशिश छोड़कर आपको जज करने लगे, और मिलकर रास्ता निकालने के बजाय दोष बांटने लगे, तो रिश्ते की नींव हिल जाती है। डॉ. आगे जोड़ते हैं, एक बार जब आपका साथी समाधान की तलाश में आपके साथ खड़े होने के बजाय दूरी बनाने लगे, तो वह दरअसल रिश्ते से बाहर निकलने का रास्ता ढूंढ रहा होता है।

### रोज की बहस से परेशान हो गए हैं, जानें असहमति से निपटने के स्मार्ट तरीके



बहस किसी भी रिश्ते का एक स्वाभाविक हिस्सा होती है, इसकी तीव्रता और आवृत्ति इस बात पर निर्भर करती है कि लोग उसे कैसे संभालते हैं। कई जोड़ें बहस के बावजूद एक-दूसरे को समझने की कोशिश करते हैं और मतभेद सुलझा लेते हैं, जबकि कुछ केवल लड़ते रह जाते हैं। रिश्ते में असहमति होना सामान्य है, लेकिन उन्हें सुलझाना अपने आप में एक कला है, जिसे हर कोई नहीं जानता, लेकिन सीखा जरूर जा सकता है। अगर आपके और आपके पार्टनर के बीच बार-बार छोटी-छोटी बातों पर बहस होती है, तो इसका समाधाान संभव है, बस जरूरत है सही नजरिए और संवाद की। यह समझना बेहद जरूरी है कि बहस के दौरान आपकी प्रतिक्रिया न सिर्फ उस पल की स्थिति को प्रभावित करती है, बल्कि रिश्ते की दिशा भी तय कर सकती है। रिलेशनशिप कोच कृति और जय ने इंस्टाग्राम पर कुछ अहम सवाल साझा किए हैं, जो आपके अपने व्यवहार को समझने और उसमें सुधार लाने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने सुझाव दिया है कि ये सवाल अपने पार्टनर से जरूर पूछें ताकि आप न केवल बहस की जड़ को समझ सकें, बल्कि बेहतर संवाद के जरिए रिश्ते को मजबूत भी बना सकें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कोशिकाओं की सुरक्षा प्रणाली के लिए घातक है यह वायरस

एक नए अध्ययन में जीका वायरस के संक्रमण फैलाने की शक्ति के जैविक रहस्य का पता लगाया गया है। जीका मरीज की कोशिकाओं की अपनी खुद की देखभाल करने वाली प्रणाली का उपयोग कर उनमें प्रवेश कर जाता है। जबकि कोशिकाओं की सतहें संक्रामक प्रोटीन के प्रवेश के लिए जरूरी हैं, वे एंटीवायरल प्रतिक्रिया उत्पन्न करने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसा होने से पहले, संक्रामक प्रोटीन की गतिविधि को कम करने के लिए कोशिकाओं द्वारा खुद को स्वस्थ रखने के लिए उपयोग की जाने वाली प्रक्रिया में हेरफेर किया जाता है, जिससे अनियंत्रित संक्रामक संक्रमण का रास्ता साफ हो जाता है।

प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित शोध पत्र में शोधकर्ता के हवाले से कहा गया है कि हालांकि एचआईवी जैसे अन्य वायरस मरीज के रिसेप्टर्स को चुप कराने के लिए जाने जाते हैं जो उन्हें कोशिकाओं में जाने देते हैं, लेकिन जीका में कम से कम तीन ऐसे प्रोटीन होते हैं जो यह काम कर सकते हैं।

यह सबसे दिलचस्प हिस्सा है, केवल एक ही नहीं, बल्कि कई जीका प्रोटीन ऐसा कर सकते हैं। शोधकर्ताओं ने दो जीका वायरस के स्ट्रेन या उपभेदों को देखा और तीन शारीरिक रूप से अहम कोशिकाओं की जांच की। दोनों स्ट्रेन के साथ, तीनों अलग-अलग तरह की कोशिकाओं में कमी देखी जा सकती है। ऐसा लगता है कि यह एक अहम तंत्र है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, साल 2007 से एडीज एजिप्टी मच्छरों द्वारा लोगों में फैलने वाला जीका वायरस अफ्रीका, अमेरिका, एशिया और प्रशांत क्षेत्र में संक्रामक प्रकोप का कारण बना। हालांकि 2017 के बाद से दुनिया भर में मामलों में कमी आई है, लेकिन अमेरिका और अन्य स्थानीय क्षेत्रों में वायरस का संक्रमण छोटे स्तर पर जारी है। साल 2015 में ब्राजील में एक बड़ी महामारी ने गर्भावस्था के दौरान जीका संक्रमण और माइक्रोसेफली या सामान्य से छोटे सिर के आकार सहित जन्मजात समस्याओं के साथ पैदा होने वाले शिशुओं के बीच संबंध की पुष्टि की। जबकि अधिकांश संक्रमित लोगों में केवल हल्के लक्षण विकसित होते हैं, वायरस वयस्कों और बड़े बच्चों में गुइलेन बैरे सिंड्रोम, न्यूरोपैथी और मायलाइटिस (रीढ़ की हड्डी की सूजन) से भी जुड़ा हुआ है। इस अध्ययन में इनमें से दो प्रोटीनों पर गौर किया गया, जिन्हें एएक्सएल और टीम-1 के रूप में जाना जाता है, जिन्हें पहले जीका संक्रमण से जोड़ा गया था। इसमें शोधकर्ताओं ने यह समझने की कोशिश की कि एएक्सएल और टीम-1 के द्वारा प्रवेश करने के बाद जीका संक्रमण को कैसे बनाए रखता है।

शोध पत्र में शोधकर्ताओं के हवाले से कहा गया है कि सांस लेने, प्रजनन और तंत्रिका तंत्र से संबंधित तीन प्रकार की कोशिकाओं में जीका वायरस के अफ्रीकी और एशियाई स्ट्रेन का उपयोग करके सेल कल्चर प्रयोग पूरे किए, जो रोगजनक द्वारा निशाना बनाए गए थे। मानव कोशिकाएं जो फेफड़ों के काम को आगे बढ़ाती है, भ्रूण को सहारा देने वाली कोशिकाएं जिन्हें ट्रोफोब्लास्ट कहा जाता है और ग्लियोब्लास्टोमा मस्तिष्क कैंसर कोशिकाएं होती है। प्रयोगों से पता चला कि जीका द्वारा संक्रमण के बाद तीन प्रकार की कोशिकाओं पर एएक्सएल और टीम-1 दोनों को कम किया गया। शोध पत्र में शोधकर्ताओं के हवाले से उम्मीद जताई गई थी कि यह दबाव दो सामान्य प्रोटीनों की गिरावट प्रक्रियाओं के माध्यम से हुआ था, लेकिन इसके बजाय पाया गया कि जीका वायरस एक सेलुलर खुद की देखभाल करने वाले दिनचर्या का उपयोग करता है।

**शोध पत्र में शोधकर्ताओं के हवाले से कहा गया है कि सांस लेने, प्रजनन और तंत्रिका तंत्र से संबंधित तीन प्रकार की कोशिकाओं में जीका वायरस के अफ्रीकी और एशियाई स्ट्रेन का उपयोग करके सेल कल्चर प्रयोग पूरे किए, जो रोगजनक द्वारा निशाना बनाए गए थे।**




इस मामले में, वायरस की संक्रामक प्रक्रिया ने मरीज की कोशिकाओं को अपने स्वयं के सुरक्षात्मक प्रोटीन को दबाने के लिए हेरफेर किया, एक संक्रामक अनुकूली रणनीति जो जीका को अपने आपको नियंत्रित करने में मदद करता है। इस दबाव के बिना, एएक्सएल और टीम-1 एंटीवायरल प्रतिक्रिया के हिस्से के रूप में उत्तेजक अणुओं का उत्पादन करना शुरू कर देंगे। संक्रामक प्रवेश को सुविधाजनक बनाने का उनका सामान्य स्तर भी अधिक जीका कणों को पहले से संक्रमित कोशिकाओं तक पहुंचाने में सक्षम बना सकता है, जिससे सुपरइंफेक्शन नामक एक प्रतिस्पर्धी नजरिए की स्थापना होती है। ऐसा कुछ जिससे वायरस बचना चाहते हैं क्योंकि भीड़भाड़ से कोशिकाओं के नष्ट होने का खतरा होता है, जो संक्रमित रोगजनकों को मार देता है। आगे के प्रयोगों ने तीन जीका प्रोटीन की पहचान की जो मरीज की कोशिका ऑटोफैगी को प्रेरित करते हैं, जो सभी वायरस की झिल्ली पर स्थित होते हैं। सामान्यत: ए प्रोटीन वायरस के प्रवेश में मध्यस्थता करते हैं या वायरस के अपने आपको दोहराने में शामिल होते हैं, लेकिन वे इस कोशिका के सही से काम न करने के लिए भी जिम्मेदार होते हैं। क्योंकि वायरस कुछ ऐसा एनकोड करते हैं जो उनके लिए जरूरी होता है, या तो उनकी अपने आपको दोहराने के लिए या मरीज को नियंत्रित करने के लिए ऐसा किया जाता है।

शोध पत्र में शोधकर्ता के हवाले से कहा गया है कि निश्चित रूप से जानने के लिए और अधिक शोध की जरूरत है, लेकिन इस बात के आसार हैं कि यह तंत्र इबोला वायरस के लिए प्रासंगिक है, जो मरीज की कोशिकाओं तक पहुंचने के लिए टीम-1 प्रोटीन का उपयोग करता है, या जीका के समान फ्लेविवायरस परिवार के अन्य रोगजनकों के लिए, जिसमें वेस्ट नाइल, पीला बुखार और डेंगू वायरस शामिल हैं। वायरस के लिए एक मरीज जितना अधिक जरूरी होता है, वायरस उसे नियंत्रित करने के लिए उतना ही अधिक काम करता है। इन तंत्रों को समझना संक्रामक रोगों का कारण बनने वाले उभरते या फिर से उभरने वाले वायरस के लिए तैयार रहने का एक जरूरी हिस्सा है।

**...साभार**

# अमेरिका के बाद मेक्सिको भी भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा



■ 2026 से लागू होगा, भारत के अलावा चीन, भारत, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया शामिल

**मेक्सिको सिटी।** अमेरिका के बाद अब मेक्सिको भी भारत पर हाई टैरिफ लगाने जा रहा है। मेक्सिको की संसद ने बुधवार को भारत समेत 5 एशियाई देशों पर 50 प्रतिशत तक का भारी टैरिफ लगाने का ऐलान किया। यह टैरिफ ऐसे देशों पर लगाया जाएगा जिनके साथ मेक्सिको का कोई फ्री ट्रेड एग्रीमेंट नहीं है। यह साल 2026 से लागू होगा। जिन देशों पर मेक्सिको टैरिफ लगाएगा उनमें भारत के अलावा चीन, भारत, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया शामिल हैं। मेक्सिको इन देशों से बहुत ज्यादा सामान खरीदता है। 2024 में इन देशों से 253.7 अरब डालर का सामान आया। इतने ज्यादा आयात की वजह से मेक्सिको को करीब 223 अरब डालर का घाटा हुआ। अब नए कानून के अनुसार कारें, आटो पार्ट्स, कपड़े-टेक्सटाइल, प्लास्टिक के उत्पाद, स्टील और जूते-चप्पल जैसे लगभग 1400 तरह के सामान महंगे होंगे। ज्यादातर पर 35 प्रतिशत तक और कुछ पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगेगा। एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह कदम 2026 में होने वाली यूएसएमसीए (अमेरिका-मेक्सिको-कनाडा व्यापार समझौता) की समीक्षा से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को खुश करने की कोशिश है। क्योंकि अमेरिका लंबे समय से चीन से मेक्सिको के रास्ते आने वाले सस्ते सामान पर चिंता जता रहा है। चीन सरकार, मेक्सिको के बड़े कारोबारी संगठन और विपक्षी दल टैरिफ लगाने को गलत कदम बता रहे हैं। उनका कहना है कि टैरिफ दरअसल आम उपभोक्ताओं पर एक्स्ट्रा टैक्स है, जिससे रोजमर्रा का सामान महंगा हो जाएगा और महंगाई बढ़ेगी। पहले प्रस्तावित बिल इससे भी सख्त था, लेकिन विरोध के बाद करीब दो-तिहाई सामान पर टैरिफ को कम कर दिया गया। सीनेट में बिल 76 के मुकाबले 5 वोटों से पास हुआ जबकि 35 सांसदों ने वोटिंग से दूर रहना चुना।

# नेपाल में चीन के लोन से बना पोखरा एयरपोर्ट फेल

■ जमकर भ्रष्टाचार हुआ, टूरिस्ट भी नहीं आए चीनी कंपनी समेत 55 लोगों पर केस

**काठमांडू।** नेपाल में पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रोजेक्ट में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। 2012 में 620 करोड़ रुपये अनुमानित लागत वाला यह प्रोजेक्ट 892 करोड़ तक पहुंच गया।

जांच के बाद नेपाल की कमिशन फार इन्वेस्टिगेशन आफ एब्यूज आफ अथारिटी (सीआईएए) ने 5 पूर्व मंत्रियों, 10 पूर्व सचिवों सहित कुल 55 लोगों और चीनी कंपनी चाइना सीएएमसी इंजीनियरिंग पर भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया है। एयरपोर्ट 2023 में शुरू हुआ, लेकिन ढाई साल में यहां सिर्फ 45 इंटरनेशनल फ्लाइट्स आईं और करीब 3,000 यात्री पहुंचे, जबकि इसे पश्चिमी नेपाल का अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन हब घोषित किया गया था।। पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को कभी नेपाल के 'गेटवे आफ वर्ल्ड' के रूप में पेश किया गया था। दावा किया गया था कि यह पश्चिमी नेपाल का अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन हब बनेगा और टूरिस्ट बढ़ेंगें। संचालन के ढाई साल बाद यहां सिर्फ 45 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें दर्ज की गईं। यात्रियों की संख्या सिर्फ 3000 रही। हिमालयन एयरलाइंस और सिचुआन एयरलाइंस ने कुछ टेस्ट फ्लाइट्स चलाई, लेकिन नियमित सेवा नहीं चल सकीं। पोखरा एयरपोर्ट प्रोजेक्ट चीन के एग्जिम बैंक से लोन लेकर बनाई गई थी और इसे नेपाल की पर्यटन क्षमता दोगुनी करने वाला प्रोजेक्ट बताया गया था।



तिरुनेलवेली। तमिलनाडू में चुनाव कर्मचारी मतदाता सूचियों के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) के प्रपत्रों को अलग करते हुए।

## अमेरिका में युद्ध विभाग के लिए 901 अरब डॉलर संबंधी विधेयक पारित

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने बुधवार शाम वित्त वर्ष 2026 के लिए युद्ध विभाग को 901 अरब डॉलर की भारी-भरकम रकम आवंटित करने संबंधी राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण विधेयक को पारित किया। यह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अनुरोध से आठ अरब डॉलर जडादा है। यह 3000 से जयादा पन्नों वाला विधेयक 112 के मुकाबले 312 वोटों से पास हुआ है। अब इसे मंजूरी के लिए सीनेट में भेजा जा रहा है। आखिरी वोटिग में 18 रिपब्लिकन और 94 डेमोक्रेट्स ने ष्नकारात्मकष् वोट दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रम्प से जितनी जल्दी हो सके मिलने को तैयार हूं: ताकाइची

**टोक्यो।** जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने संसद में कहा है कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से जल्द से जल्द मिलने के लिए तैयार हैं। सुताकाइची ने बुधवार को कहा कि मैं वाशिंगटन जा सकती हूं और जब राष्ट्रपति ट्रम्प विदेश जाएंगे और यदि उनसे मिलना संभव है तो मैं जल्दी उनसे मिलना चाहूंगी। यह बात उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी फॉर द पीपल के नेता युइचिरो तमाकी के चीन दौरे से पहले ट्रम्प से मिलने के प्रस्ताव के बाद कही। तमाकी ने खास तौर पर सुझाव दिया कि प्रधानमंत्री अगले वर्ष जनवरी में दावोस फोरम में हिस्सा लें और वहां ट्रम्प से मिलें।

### चीन ने मैक्सको की ओर से बढ़ाए आयात शुल्कों की निंदा की

**बीजिंग।** चीन के वाणिज्य मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने गुरुवार को मैक्सिको की एकतरफा नीतियों और संरक्षणवाद में सुधार का आग्रह करते हुए कहा है कि चीन ने हमेशा एकतरफा आयात शुल्क वृद्धि का विरोध किया है। प्रवक्ता ने यह टिप्पणी मेक्सिको की संसद द्वारा 'गैर-मुक्त व्यापार समझौता भागीदारों' पर शुल्क बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी देने के संबंध में एक मीडिया प्रश्न के उत्तर में की। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, नए शुल्क 1 जनवरी, 2026 से प्रभावी होंगे।

### गाजा में वर्चस्व बढ़ाना चाहता है इजरायल: तुर्की

**अनकारा।** तुर्की के विदेश मंत्री हकान फदिान ने बुधवार को कहा कि इजरायल सीरिया को अपने विस्तार के क्षेत्र के तौर पर देखता है जबकि इजरायली प्रधानमंत्री बेन्जमिन नेतन्याहू का मंत्रिमंडल गाजा में अलग-अलग तरीकों से युद्ध जारी रख पश्चिमी एशिया में अपना वर्चस्व मजबूत रखने की कोशिश कर रहा है। अनादोलू एजेंसी ने फिदान के हवाले से कहा कि तेल अवीव की हरकतों का सीरिया पर असर पड़ रहा है। यह क्षेत्र की स्थिरता के लिए गंभीर खतरा है।

### मेलोनी की जेलेंस्की से यूक्रेन युद्ध समाप्त करने की अपील

**रोम।** इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने यहां यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात के दौरान यूक्रेन में जारी संघर्ष को सुलझाने का आग्रह किया है। इटली के अखबार कोरिएरे डेला सेरा ने अपनी रिपोर्ट रिपोर्ट में ब्रदर्स ऑफ इटली पार्टी के सूत्रों के हवाले से कहा है कि सुमेलोनी ने जेलेंस्की पर अमेरिकी शांति योजना के संबंध में आग्रह किया। इस दौरान जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को नरम रुख अपनाने के लिए उनसे (सुमेलोनी) से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया।

# 9 करोड़ में मिलेगी अमेरिकी नागरिकता

## ट्रम्प गोल्ड कार्ड आज से लागू, प्लेटिनम कार्ड जल्द शुरू होगा, अमेरिकी राष्ट्रपति बोले: कार्ड से सरकारी खजाना बढ़ेगा



■ ट्रम्प ने इसी साल फरवरी में 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था
■ ट्रम्प का प्लेटिनम कार्ड भी जल्द शुरू होने की उम्मीद है

**न्यूयार्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को 'ट्रम्प गोल्ड कार्ड' के लिए अप्लाई प्रोसेस शुरू करने का ऐलान किया। इसके लिए आवेदक आज से आवेदन कर सकते हैं। कार्ड की कीमत 1 मिलियन डालर (करीब 8.8 करोड़ रुपये) है। हालांकि कंपनियों को कार्ड के लिए 2 मिलियन डालर देना होगा।

ट्रम्प ने इसी साल फरवरी में 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था। हालांकि उस वक्त उन्होंने इसकी कीमत 5 मिलियन डालर (42 करोड़ रुपये) रखी थी। सितम्बर में इसे घटाकर 1 मिलियन डालर किया गया। ट्रम्प का कहना है कि यह अमेरिका फर्स्ट एजेंडे का हिस्सा है, जो टॉप टैलेंट (जैसे भारत-चीन से पढ़े स्टूडेंट्स) को रोकने और कंपनियों को अमेरिका लाने के लिए है। होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने कहा कि यह दुनिया के सफल उद्यमियों को आकर्षित करेगा। वहीं ट्रम्प का प्लेटिनम कार्ड भी जल्द शुरू होने की उम्मीद है। इसकी फीस करीब 5 मिलियन डालर (लगभग 42 करोड़ रुपये) है।

गुरुवार को कार्ड लान्च करते हुए ट्रम्प ने कहा गोल्ड कार्ड की अनलिमिटेड रेसीडेंसी में नागरिकों को सिर्फ पासपोर्ट और वोट देने का अधिकार नहीं मिलता, बाकी सारी सुविधाएं एक अमेरिकी नागरिक के जैसी मिलती हैं। यह प्रक्रिया उसी तरह होगी, जैसे ग्रीन कार्ड के जरिए स्थायी निवास मिलता है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि यह वीजा प्रोग्राम खास तौर पर धनी विदेशियों के लिए है, ताकि वे 1 मिलियन डालर देकर अमेरिका में रहते हुए काम कर सकें। उन्होंने कहा कि अब अमेरिका सिर्फ टैलेंटेड लोगों को ही वीजा देगा, न कि ऐसे लोगों को जो अमेरिकियों की नौकरियां छीन सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस रकम का इस्तेमाल टैक्स को घटाने और सरकारी कर्ज चुकाने में किया जाएगा। ट्रम्प ने गोल्ड कार्ड के अलावा 3 नए तरह के वीजा कार्ड भी लान्च किए थे। इनमें 'ट्रम्प गोल्ड कार्ड', 'ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड' और 'कार्पोरेट गोल्ड कार्ड' शामिल हैं। ट्रम्प गोल्ड कार्ड व्यक्ति को अमेरिका में अनलिमिटेड रेसीडेंसी (हमेशा रहने) का अधिकार देगा। वहीं ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड जल्दी शुरू किया जाएगा। कामर्स सेक्रेटरी हावर्ड लुटनिक के मुताबिक, यह गोल्ड कार्ड मौजूदा ईबी-1 और ईबी-2 वीजा की जगह लेगा। ग्रीन कार्ड श्रेणियां बंद हो सकती हैं। ईबी-1 वीजा अमेरिका का एक स्थायी निवास (ग्रीन कार्ड) वीजा है। ईबी-2 वीजा भी ग्रीन कार्ड के लिए है, लेकिन उन लोगों के लिए जो उच्च शिक्षा (मास्टर्स या उससे ऊपर) की योग्यता रखते हों।

## ट्रम्प की कोलंबिया के राष्ट्रपति पेट्रो को चेतावनी

■ ड्रग्स पर कार्रवाई करें 'वरना चुकानी पड़ेगी भारी कीमत'

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो को चेतावनी दी है कि यदि वह देश में मादक पदार्थों की स्थिति पर ध्यान नहीं देते हैं, तो उन्हें 'भारी मुसीबत' का सामना करना पड़ सकता है। ट्रम्प ने बुधवार को व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा कि अगर वह (पेट्रो) समझदारी से काम नहीं लेते हैं तो उनको भारी मुसीबत का सामना करन पड़ सकता है। कोलंबिया बहुत अधिक ड्रग्स का निर्माण कर रहा है। उनके पास कोकीन बनाने वाली फैक्ट्रियां हैं और वे इसे सीधे अमेरिका में बेचते हैं। इसलिए उन्हें समझदार बनना होगा, वरना वह अमेरिका का अगला निशाना होंगे और मुझे उम्मीद है कि वह सुन रहे होंगे। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने अभी तक पेट्रो से बात करने पर विचार नहीं किया है उनके बारे में 'जयादा नहीं सोचा' है। इस सप्ताह की शुरुआत में पॉलिटिको को दिए गए एक साक्षात्कार में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि वह कोलंबिया और मेक्सिको के संदिग्ध ड्रग्स तस्करी करने वाले अपराधियों पर हमला करने की संभावना को खारिज नहीं करेंगे। हाल के महीनों में अमेरिका ने कैरिबियन में संदिग्ध ड्रग्स तस्करी में शामिल नावों पर हमले किए हैं। अमेरिका इसके लिए मुख्य रूप से वेनेजुएला पर ड्रग्स भेजने का दोष लगाता है। पेंटागन के प्रेस सचिव किंग्सले विल्सन ने कहा कि अमेरिका ने संदिग्ध ड्रग्स तस्करी वाली नौकाओं पर कुल 21 हमले किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 82 लोगों की मौत हुई है।

# वेनेजुएला पर अमेरिका का मिलिट्री एक्शन

■ बीच समंदर में जहाज पर हथियारबंद कमांडो उतरे, पलभर में कब्जा किया, वेनेजुएला बोला: ये समुद्री डकैती

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने वेनेजुएला के तट के पास बीच समंदर में एक बहुत बड़े क्रूड आयल टैंकर को जब्त कर लिया। बुधवार को अमेरिकी अटार्नी जनरल पैम बान्डी ने सोशल मीडिया पर इस आपरेशन का 45 सेकेंड का वीडियो जारी किया।

वीडियो में दो सैन्य हेलीकॉप्टर समुद्र के ऊपर से तेजी से उड़ते हुए एक टैंकर को घेरते हैं। उनसे कई कमांडो रस्सियों के सहारे टैंकर के डेक पर उतरते हैं और कुछ ही मिनटों में टैंकर को अपने कब्जे में ले लेते हैं। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी इस जब्ती की पुष्टि की। दूसरी ओर, वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने इस कार्रवाई को समुद्री डकैती और खुलेआम चोरी करार देते हुए कड़ी निंदा की है। ट्रम्प ने कहा कि हमने वेनेजुएला के तट पर एक टैंकर जब्त कर लिया है, बहुत बड़ा टैंकर, शायद अब तक का सबसे बड़ा टैंकर। जब उनसे पूछा गया कि जहाज में भरे लाखों बैरल तेल का क्या होगा, तो ट्रम्प ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि हम रख लेंगे, मुझे ऐसा लगता है। अटार्नी जनरल बान्डी ने कहा कि यह जहाज कई सालों से अमेरिकी प्रतिबंधों की सूची में था क्योंकि यह वेनेजुएला और ईरान के प्रतिबंधित तेल को गैरकानूनी तरीके से ले जा रहा था। इस तेल की कमाई से विदेशी आतंकवादी संगठनों को मदद पहुंचाई जा रही थी। वहीं, तीन अमेरिकी अधिकारियों ने नाम न बताने की शर्त पर न्यूयार्क टाइम्स से बताया कि जहाज वेनेजुएला का तेल लेकर जा रहा था। मिलिट्री आपरेशन का जहाज के कर्मचारियों ने कोई विरोध नहीं किया और आपरेशन में किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। बान्डी ने बताया कि इस अभियान को एफबीआई, होमलैंड सिक्योरिटी इन्वेस्टिगेशंस और अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने मिलकर अंजाम दिया, जबकि सैन्य सहायता अमेरिकी रक्षा विभाग ने प्रदान की। बान्डी ने इसे पूरी तरह सुरक्षित और सफल आपरेशन बताया और कहा कि प्रतिबंधित तेल की तस्करी करने वाले छिपे हुए नेटवर्क को तोड़ने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# पाकिस्तान के पूर्व आईएसआई चीफ हमीद को 14 साल कैद



■ मिलिट्री कोर्ट ने चार आरोपों में दोषी ठहराया पूर्व पीएम इमरान खान के माने जाते हैं करीबी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक मिलिट्री कोर्ट ने पूर्व आईएसआई चीफ फैज हमीद को 14 साल कैद की सजा सुनाई है। उनके खिलाफ करीब 15 महीने तक कोर्ट मार्शल की कार्रवाई चली। फौज की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, फैज पर चार गंभीर आरोपों में मुकदमा चलाया गया।

उन पर राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने, आफिशियल सीक्रेट्स एक्ट का उल्लंघन कर देश के हितों को नुकसान पहुंचाने, सरकारी अधिकार और संसाधनों का दुरुपयोग करने और लोगों को नुकसान पहुंचाने के आरोप थे। सेना ने कहा कि कोर्ट ने सभी आरोपों में फैज को दोषी पाया है, हालांकि उन्हें फैसले के खिलाफ अपील करने का अधिकार भी दिया गया है। फैज को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का करीबी माना जाता है। फैज हमीद को पिछले साल 12 अगस्त को हाउसिंग घोटाला केस में आर्मी ने अरेस्ट किया था। उनके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने कार्रवाई का आदेश दिया था, जिसके बाद उनका कोर्ट मार्शल शुरू किया गया।

## पाक के एफ-16 लड़ाकू विमान अपग्रेड करेगा

**इस्लामाबाद।** अमेरिका ने पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू विमानों को अपग्रेड करने के लिए 686 मिलियन डालर (लगभग 5,800 करोड़ रुपये) का प्रस्ताव संसद को भेजा है। 8 दिसम्बर 2025 को डिफेंस सिक्योरिटी कोआपरेशन एजेंसी (डीएससीए) ने संसद को एक नोटिफिकेशन भेजा है, जिसमें पाकिस्तान के एफ-16 अपग्रेड पैकेज (+686 मिलियन) को मंजूरी की घोषणा की गई है। यह प्रक्रिया आर्म्स एक्सपोर्ट कंट्रोल एक्ट के तहत होगी। अब अमेरिकी संसद के पास इसे रोकने या पास करने के लिए 30 दिन का समय है। इस पैकेज में 37 मिलियन डालर की मेजर डिफेंस इक्विपमेंट और बाकी 649 मिलियन डालर की साफ्टवेयर, हार्डवेयर और लाजिस्टिक सपोर्ट शामिल हैं।

# 'हनुमान' को झूठा देवता कहने वाले अमेरिकी उम्मीदवार फेल

■ प्राइमरी चुनाव में जगह बनाने में नाकाम रहे अलेक्जेंडर डंकन, कहा था: झूठी मूर्ति क्यों लगने दे रहे

**टेक्सास।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के नेता और टेक्सास सांसद उम्मीदवार अलेक्जेंडर डंकन का चुनावी सफर शुरू होने से पहले ही खत्म हो गया।

उन्हें प्राइमरी चुनाव में जगह बनाने के लिए जरूरी समर्थन नहीं मिल सका। अब टेक्सास में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से प्राइमरी उम्मीदवार बनने के लिए 3 उम्मीदवार रेस में हैं। टेक्सास में 3 मार्च 2026 को प्राइमरी चुनाव होने हैं। डंकन सुर्खियों में तब आए थे जब उन्होंने सितम्बर में टेक्सास के शुगर लैंड स्थित अष्टलक्ष्मी मंदिर में लगी 90 फीट ऊंचे भगवान हनुमान को झूठे भगवान की झूठी प्रतिमाश कहा था। उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर लिखा था, टेक्सास में एक झूठे हिंदू देवता की झूठी मूर्ति को रखने की इजाजत क्यों दी जा रही है? हम ईसाई देश हैं! डंकन के इस बयान से हिंदू समुदाय में भारी आक्रोश फैल गया था। हजारों लोगों ने डंकन पर धार्मिक असहिष्णुता और हिंदू-विरोधी नफरत फैलाने का आरोप लगाया था। टेक्सास में भगवान हनुमान की 90 फीट ऊंची मूर्ति। इसकी स्थापना अगस्त 2024 में हुई थी। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने टेक्सास रिपब्लिकन पार्टी से डंकन के खिलाफ कार्रवाई करने और उन्हें पार्टी से निकालने की मांग की थी।

संगठन ने कहा कि डंकन का बयान पार्टी के खुद के भेदभाव-विरोधी नियमों का उल्लंघन है और यह हिंदूओं के लिए उनकी नफरत को दिखाता है। फाउंडेशन ने अमेरिकी संविधान के प्रथम संशोधन का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी धर्म को मानने और उसकी पूजा की स्वतंत्रता हर अमेरिकी नागरिक को है।

## एक साल में दुनियाभर में 67 पत्रकार मारे गए: आरएसएफ रिपोर्ट

**पेरिस।** रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर्स (आरएसएफ) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार साल 2025 में दुनिया भर में अपने काम के दौरान 67 पत्रकार मारे गए हैं। आरएसएफ ने अपने रिपोर्ट में कहा कि पत्रकार सिर्फ मरते नहीं है, मारे जाते हैं। पत्रकारों की हत्या की संख्या फिर से बढ़ गई है और इसका कारण नियमित और अर्धसैनिकों की आपराधिक गतिविधियां हैं। इस वर्ष 67 में से 53 पत्रकार युद्ध या आपराधिक समूह द्वारा मारे गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 12 महीनों में (एक दिसम्बर तक) मारे गए पत्रकारों में से लगभग आधे (43 प्रतिशत) को गाजा में इजरायली सशस्त्र बलों द्वारा मारा गया। इसके बाद सबसे अधिक पत्रकार (नौ) मैक्सिको में आपराधिक समूहों द्वारा मारे गए।

# ट्रम्प की विदेश नीति फेल हुई: अमेरिकी प्रतिनिधि

## अमेरिकी संसद में मोदी-पुतिन की कार वाली तस्वीर दिखाई

■ डेमोक्रेट सांसद बोलीं: यह फोटो हजार शब्दों के बराबर

**वाशिंगटन।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भारत दौरा अमेरिका में भी चर्चा में बना हुआ है। एक अमेरिकी सांसद ने पीएम मोदी और पुतिन की सेल्फी वाली तस्वीर दिखाकर राष्ट्रपति ट्रम्प की विदेश नीति की आलोचना की। अमेरिकी प्रतिनिधि सिडनी कैमलेगर-डव ने मोदी-पुतिन की तस्वीर की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह पोस्टर हजार शब्दों के बराबर है।

इसके साथ ही उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भारत नीति की कड़ी आलोचना की। डव ने कहा कि ट्रम्प की भारत को लेकर नीतियां ऐसी हैं जैसे हम खुद को ही नुकसान पहुंचा रहे हों। दबाव डालकर साझेदारी करना महंगा साबित होता है। और यह पोस्टर इसका सबसे बड़ा सबूत है। अमेरिका की दबाव वाली नीति भारत को रूस के करीब धकेल रही है। दूसरी ओर ट्रम्प की पार्टी के एक सांसद बिल हुइजेंगा ने क्रास-बार्डर टेररिज्म पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने भारत के इस दावे का खुलकर समर्थन किया है कि पाकिस्तान में बैठे लश्कर-ए-तैयबा और उसका संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) पहलगाम हमले के पीछे थे। अमेरिकी सांसद सिडनी कैमलेगर-डव ने मोदी-पुतिन की कारपुलिंग वाली तस्वीर दिखाई। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 दिसम्बर को भारत आए थे। इस दौरान वे अपनी कार छोड़कर मोदी की गाड़ी में बैठ गए थे। सांसद डव ने ट्रम्प के उस दावे पर भी तंज कसा जिसमें ट्रम्प खुद को नोबेल शांति पुरस्कार का हकदार बताते रहे हैं और दावा करते हैं कि उन्होंने आठ युद्ध रुकवाए हैं, जिनमें भारत-पाकिस्तान भी शामिल है। डव ने कहा कि जब कोई देश अपने सबसे अहम रणनीतिक साझेदारों को ही विरोधियों की ओर धकेल दे, तो वह नोबेल शांति पुरस्कार का हकदार नहीं कहलाता। डव ने आगे कहा कि अमेरिका को अब बेहद तेजी से कदम उठाने होंगे, ताकि ट्रम्प प्रशासन की नीतियों से अमेरिका-भारत साझेदारी को जो नुकसान हुआ है, उसे जल्द से जल्द ठीक किया जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों देशों के बीच वह भरोसा और सहयोग फिर से बहाल करना जरूरी है, जो अमेरिका की समृद्धि, सुरक्षा और वैश्विक नेतृत्व के लिए अनिवार्य है। ये टिप्पणियां हाउस फारेन अफेयर्स सबकमेटी आन साउथ एंड सेंट्रल एशिया की उस सुनवाई के दौरान आईं, जिसका विषय था 'अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारीरू एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक की सुरक्षा'। अमेरिकी सांसद बिल हुइजेंगा ने कहा कि अमेरिका का भारत के साथ साझेदारी बेहद अहम है। उन्होंने याद दिलाया कि ट्रम्प प्रशासन ने इसी साल जुलाई में टीआरएफ को विदेशी आतंकी संगठन घोषित कर दिया था।



